राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 26 अप्रैल 2025

वर्ष 06, अंक 207, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

जनचेतना की लौ- पुष्पेंद्र प्रताप सिंह और सीतापुर का आंगनबाड़ी भर्ती घोटाला...03

पाकिस्तान रेंजर्स की हिरासत में बीएसएफ जवान,'मेरे बेटे को घर ले आइए...'...12

# एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी मामले में कुणाल कामरा को गिरफ्तार न करें पुलिस- बॉम्बे हाईकोर्ट

**स्वतंत्र प्रभात**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई पुलिस को निर्देश दिया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कथित रूप से की गई व्यंग्यात्मक टिप्पणी और गद्दार शब्द के इस्तेमाल को लेकर दर्ज (FIR) में कॉमेडियन कुणाल कामरा को गिरफ्तार न किया जाए।जस्टिस सरंग कोतवाल और जस्टिस श्रीराम मोडक की खंडपीठ ने कहा कि यदि पुलिस को कामरा का बयान दर्ज करना है तो उसे चेन्नई (विलुपुरम के पास, जहां कामरा रहते हैं) जाकर स्थानीय पुलिस की मदद लेनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि याचिका के लंबित रहने के दौरान चार्जशीट दायर की जाती है तो संबंधित अदालत को उसके संज्ञान में नहीं लेना चाहिए।

गौरतलब है कि खंडपीठ ने 16 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रखा था और कामरा को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा दी थी। उस वक्त अदालत ने नोट किया था कि पुलिस ने उन्हें BNSS की धारा 35(3) के तहत समन जारी किया है, जो उन मामलों के लिए है, जहां गिरफ्तारी आवश्यक नहीं होती।

सीनियर एडवोकेट नवरोज़ सीरवई ने कामरा की ओर से तर्क दिया कि विवादित कॉमेडी वीडियो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 19(1)(a) के दायरे में आता है। यह उसके अपवादों में नहीं आता। उन्होंने कहा कि इस FIR का उद्देश्य आर्टिस्ट को सबक सिखाना है। यह राज्य द्वारा राजनीतिक दल के इशारे पर की गई कार्रवाई का उदाहरण है।

सीरवई ने इमरान प्रतापगढ़ी बनाम गुजरात राज्य (2025 LiveLaw (SC) 362) का हवाला दिया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा पर जोर देते हुए पुलिस और अदालतों को ऐसे मामलों में अपने संवैधानिक कर्तव्यों की याद दिलाई थी। सीरवई ने कहा,"यह मूलतः एक व्यंग्यकार और स्टैंड-अप कॉमेडियन की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मामला है। यदि सभी तथ्यों को सतही तौर पर भी लिया जाए तो भी कथित अपराध का कोई मामला नहीं बनता। कई फैसलों में यह स्पष्ट किया गया कि ऐसे कानूनों का इस्तेमाल उन लोगों के खिलाफ किया जाता है, जो असहज बातें कहने का साहस करते हैं।"

उन्होंने कहा कि पुलिस ने बिना उचित विवेक का प्रयोग किए जल्दीबाज़ी में FIR दर्ज की जबकि कथित मानहानि की शिकायत स्वयं एकनाथ शिंदे ने नहीं की थी। इसके अलावा, कामरा को शिवसेना कार्यकर्ताओं से जान से मारने की धमकियां मिलीं। फिर भी पुलिस ने उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति की मांग की।

कामरा के कॉमेडी वीडियो के संदर्भ में उन्होंने कहा कि उसका उद्देश्य न तो भय फैलाना था और न ही किसी प्रकार की सार्वजनिक शांति भंग करना। वीडियो में शिवसेना में हुई फूट पर कामरा की निजी राय थी जो एक तथ्यात्मक मामला है।

सीरवई ने यह भी बताया कि कई राजनीतिक नेताओं जैसे अजीत पवार और उद्धव ठाकरे ने सार्वजनिक मंचों पर शिंदे को गद्दार कहा है, फिर भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।सीरवई ने कहा,"लेकिन एक कॉमेडियन को कुचला जा रहा है, परेशान किया जा रहा है, डराया और प्रताड़ित किया जा रहा है ताकि बाकी कलाकारों को एक चेतावनी मिल सके अगर हमने कुछ पसंद नहीं किया, तो तुम्हारे साथ भी यही होगा।।" उन्होंने यह भी कहा कि कामरा के शो "नया भारत" में भारतीय राजनीति में असहिष्णुता अरबपति वर्ग की भव्यता और भारतीय महिलाओं पर समाज द्वारा डाले गए पितृसत्तात्मक दबाव जैसे विषयों पर व्यंग्य किया गया।



मुख्य लोक अभियोजक हितेन वेनेगांवकर ने तर्क दिया कि यह कॉमेडी शो व्यंग्य नहीं था, बल्कि जानबूझकर टारगेट करने का मामला था। इसलिए अनुच्छेद 19(1)(a) लागू नहीं होता। उन्होंने कहा कि कामरा ने एक विशेष व्यक्ति को निशाना बनाया और यह हास्यात्मक आलोचना की श्रेणी में नहीं आता।

वेनेगांवकर ने कहा,"जब आप किसी एक व्यक्ति को बार-बार टारगेट करते हैं तो यह हास्य नहीं, बल्कि दुर्भावनापूर्ण हमला होता है।"उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 21 जो गरिमा की रक्षा करता है, वह केवल वक्ता की ही नहीं बल्कि उस व्यक्ति की भी सुरक्षा करता है जिसके खिलाफ बयान दिए गए हों।

उन्होंने कहा,"कामरा यह नहीं कह सकते कि मुझे अभिव्यक्ति और गरिमा का अधिकार है लेकिन सार्वजनिक व्यक्ति को यह अधिकार नहीं है। वह व्यक्ति भी समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकारी है, केवल पैरोडी के नाम पर किसी की छवि को खराब करना कानून से छूट नहीं दिला सकता।"

कामरा वर्तमान में तमिलनाडु में रहते हैं। उनको इससे पहले मुंबई पुलिस द्वारा दर्ज FIR में अंतरिम अग्रिम जमानत दी गई थी। यह FIR शिवसेना विधायक मुराजी पटेल द्वारा भारतीय दंड संहिता (IPC) की धाराओं 353(1)(a), 353(2) [सार्वजनिक उपद्रव] और भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 356(2) [मानहानि] के तहत दर्ज की गई थी, जिसे बाद में खार पुलिस स्टेशन मुंबई को ट्रांसफर किया गया।

कामरा ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का नाम सीधे नहीं लिया था लेकिन शिवसेना कार्यकर्ताओं का दावा है कि उन्होंने शिंदे को गद्दार कहा। इस टिप्पणी से आहत होकर शिवसेना कार्यकर्ताओं ने मुंबई के हैबिटैट स्टूडियो में तोड़फोड़ भी की थी जहां कामरा का शो हुआ था। इस हिंसा में शामिल 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिन्हें बाद में जमानत मिल गई। कामरा का दावा कि उन्हें इस शो के बाद से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर के खिलाफ टिप्पणी पर राहुल गांधी को लगाई फटकार

**स्वतंत्र प्रभात**



## मानहानि मामले पर रोक लगाई

कोर्ट ने सावरकर के खिलाफ की गई टिप्पणियों को लेकर लखनऊ कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ लंबित आपराधिक मानहानि की कार्यवाही पर रोक लगा दी लेकिन मौखिक रूप से असहमति जताते हुए चेतावनी दी कि अगर उन्होंने भविष्य में ऐसी कोई टिप्पणी की तो उनके खिलाफ स्वतः संज्ञान से कार्रवाई की जाएगी। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। मामले की सुनवाई शुरू होते ही जस्टिस दत्ता ने राहुल गांधी के इस बयान पर आपत्ति जताई कि सावरकर अंग्रेजों के सेवक थे। जस्टिस दत्ता ने पूछा कि क्या महात्मा गांधी को अंग्रेजों का सेवक सिर्फ इसलिए कहा जा सकता है, क्योंकि उन्होंने वायसराय को लिखे अपने पत्रों में आपका वफादार सेवक शब्द का इस्तेमाल किया था।

जस्टिस दत्ता ने गांधी का प्रतिनिधित्व कर रहे सीनियर एडवोकेट एएम सिंघवी से पूछा,"क्या आपके मुवक्किल को पता है कि महात्मा गांधी ने भी वायसराय को संबोधित करते समय आपका वफादार सेवक शब्द का इस्तेमाल किया था? क्या आपके मुवक्किल को पता है कि उनकी दादी (इंदिरा गांधी) जब प्रधानमंत्री थीं, तब उन्होंने भी स्वतंत्रता सेनानी सज्जन (सावरकर) की प्रशंसा करते हुए एक पत्र भेजा था?"

जस्टिस दत्ता ने टिप्पणी की,"उन्हें स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में गैर-जिम्मेदाराना बयान नहीं देना चाहिए। आपने कानून का एक अच्छा बिंदु रखा है। आप इस पर रोक लगाने के हकदार हैं। हम यह जानते हैं। लेकिन आप हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करते हैं। जब आपको भारत के इतिहास या भूगोल के बारे में कुछ भी पता नहीं है।"

जस्टिस दत्ता ने कहा,"वह एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। वह राजनीतिक दल के राजनीतिक नेता हैं। आपको इस तरह से परेशानी क्यों खड़ी करनी चाहिए? आप अकोला जाते हैं और यह बयान देते हैं, महाराष्ट्र में जहां उनकी (सावरकर की) पूजा की जाती है? ऐसा मत करो। आप यह बयान क्यों देते हैं?" उन्होंने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट के जज भी ब्रिटिश काल में चीफ जस्टिस को "आपका सेवक" कहकर संबोधित करते थे।जस्टिस दत्ता ने कहा,"कोई इस तरह सेवक नहीं बनता। अगली बार कोई कहेगा कि महात्मा गांधी अंग्रेजों के सेवक थे। आप इस तरह के बयानों को बढ़ावा दे रहे हैं।"

पीठ ने कहा कि वह कार्यवाही पर रोक लगाने के लिए इच्छुक है लेकिन इस शर्त पर कि वह भविष्य में इस तरह का कोई बयान नहीं देंगे। जस्टिस दत्ता ने कहा,"हम आपको रोक देंगे...लेकिन हम आपको गैर-जिम्मेदाराना बयान देने से रोकेंगे। स्पष्ट कर दें कोई भी और बयान देने पर हम स्वतः संज्ञान लेंगे और मंजूरी का कोई सवाल ही नहीं है! हम आपको हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में कुछ भी बोलने की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने हमें स्वतंत्रता दी है और हम उनके साथ ऐसा व्यवहार करते हैं?" सिंघवी ने मौखिक रूप से वचन दिया कि इस तरह का कोई बयान नहीं दिया जाएगा।न्यायालय ने आदेश में इस शर्त को निर्दिष्ट नहीं किया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा 4 अप्रैल को राहत देने से इनकार करने के बाद राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। पिछले साल दिसंबर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिए गए भाषण को लेकर अदालत ने गांधी को आरोपी के तौर पर तलब किया था। इस भाषण में उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि सावरकर अंग्रेजों के सेवक थे और उन्होंने अंग्रेजों से पेंशन ली थी। एडवोकेट नृपेंद्र पांडे ने शिकायती मामला दायर किया, जिसमें दावा किया गया कि गांधी ने समाज में नफरत फैलाने के इरादे से विनायक दामोदर सावरकर को अंग्रेजों का सेवक कहा था। उन्होंने अंग्रेजों से पेंशन ली थी।

लखनऊ के एडिशनल सिविल जज (सीनियर डिविजन)/एसीजेएम आलोक वर्मा ने दिसंबर में पारित अपने आदेश में कहा था,"प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहले से छपे पर्चे और लीफलेट बांटना दर्शाता है कि राहुल गांधी ने समाज में नफरत और दुश्मनी फैलाकर राष्ट्र की बुनियादी विशेषताओं को कमजोर और अपमानित किया है।" हाईकोर्ट के जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने मौखिक रूप से टिप्पणी की थी कि गांधी के पास धारा 397 CrPC (धारा 438 BNSS) के तहत सेशन जज के समक्ष जाने का उपाय उपलब्ध है। इसे देखते हुए न्यायालय ने उनकी याचिका का निपटारा कर दिया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### आरपीएफ के उत्पीड़न पर रामबाग फुटपाथ व्यापारी मिले विधायक हर्षवर्धन बाजपेई से



**प्रयागराज।** जनहित संघर्ष समिति युवा जिलाध्यक्ष अभिलाष केसरवानी के नेतृत्व में रामबाग के फुटपाथ व्यापारी सैकड़ो की संख्या में माननीय विधायक हर्षवर्धन बाजपेई आवास पर पहुंचे फुटपाथ व्यापारियों ने विधायक से बताया कि रामबाग रेलवे स्टेशन के आरपीएफ के अधिकारीगढ़ व्यापारियों का आर्थिक एवं मानसिक रूप से शोषण कर रहे है जिस पर विधायक ने तत्काल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी से बात की और व्यापारियों को आश्वासन दिया कि भ्रष्ट आरपीएफ के लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और व्यापारियों का शोषण कताई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा मौके पर एडवोकेट काव्या केसरवानी,एडवोकेट जानवी गुप्ता, शिवानी कनौजिया, आशा देवी, गीता देवी, रानी, रामकली, एडवोकेट नरेंद्र तिवारी, सोनू यादव, सचिन गुप्ता, नामित केसरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल, शलभ पांडेय रवि शुक्ला।

### अपने ही बेटे की शराबी पिता ने कर दी हत्या

**शाहजहांपुर** जनपद के थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव हरेवा में एक शराबी पिता ने अपने ही 7 साल के बेटे की पैर से गला दबाकर हत्या कर दी जिससे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है और अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार गांव हरेवा निवासी विनोद कुमार पुत्र नत्थू लाल शराब पीने का आदी है। शुक्रवार को दोपहर में अपने तीन बच्चों के साथ घर पर ही शराब के नशे में लेटा हुआ था। और उसने अपने 7 वर्ष के बड़े बेटे नितेश के गले पर पैर रखकर उसकी हत्या कर दी। आनंद फानन में परिवार के अन्य लोग जलालाबाद के एक निजी चिकित्सक के पास उसको लेकर गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन लास को लेकर अपने गांव चले गए। ग्रामीणों ने बताया की शराब पीने से तंग आकर उसकी पत्नी स्नेह लता एक महा पूर्व अपने मायके चली गई और तीनों बच्चे नितेश प्रतिज्ञा एवं प्रशांत को घर पर ही छोड़ गई।

# दिल्ली की अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार

**स्वतंत्र प्रभात**

**दिल्ली** की एक अदालत ने शुक्रवार को नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने कहा कि जब तक अदालत पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हो जाती, तब तक ऐसा आदेश पारित नहीं किया जा सकता।

न्यायाधीश ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोपपत्र (अभियोजन शिकायत) में कुछ दस्तावेज गायब थे।न्यायालय ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय को पहले उक्त दस्तावेज दाखिल करने होंगे और उसके बाद नोटिस जारी करने के पहलू पर निर्णय लिया जाएगा।अब इस मामले की सुनवाई 2 मई को होगी। इस महीने की शुरुआत में ईडी ने इस मामले में गांधी परिवार के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की थी। ताजा अभियोजन शिकायत मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 की धारा 44 और 45 के तहत दर्ज की गई है।



विवाद अब बंद हो चुके नेशनल हेराल्ड अखबार के प्रकाशक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (AJL) के अधिग्रहण के इर्द-गिर्द केंद्रित है। 2010 में, एक नवगठित कंपनी, यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड (YIL) ने ?50 लाख में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से AJL के ऋष्ण खरीदे। इसके बाद, YIL ने AJLकी संपत्तियों पर नियंत्रण कर लिया, जिनका मूल्य ?2,000 करोड़ से अधिक था। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पास YIL में बहुलांश हिस्सेदारी थी, जिसके कारण आरोप लगे कि उन्होंने,छुरु की मूल्यवान संपत्तियों पर नियंत्रण पाने के लिए पार्टी के फंड का इस्तेमाल किया।

2014 में शुरू की गई ईडी की जांच कांग्रेस पार्टी, एजेएल और वाईआईएल के बीच वित्तीय लेन-देन पर केंद्रित थी। एजेंसी का आरोप है कि गांधी परिवार और कांग्रेस के अन्य नेता व्यक्तिगत लाभ के लिए एजेएल की संपत्तियों का दुरुपयोग करने की योजना में शामिल थे। हाल ही में, ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एजेएल से जुड़ी संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने की पहल की है, जिनकी कीमत लगभग ?661 करोड़ है।

# चक मार्ग पर लगे विशाल काय सेमल के पेड़ को चोरों ने काटा

**स्वतंत्र प्रभात**

**सिंगाही खीरी।** विकासखंड निघासन की ग्राम पंचायत मे चकमार्ग की जमीन पर लगे विशाल काय सेमल के पेड को चोरी से काट लिया गया निघासन एसडीएम ने हल्का लेखपाल से रिपोर्ट मांगी है। ग्राम पंचायत सिंगाही देहात में चकमार्ग दो दिन पहले चक मार्ग पर एक बड़े व विशालकाय सेमल के पेड़ को चोरी से काट लिया गया पंचायत के ग्राम प्रधान व विकास अधिकारी व क्षेत्रीय लेखपाल को इसकी भनक नहीं लगी जिससे यहां साबित होता है कि कहीं न कहीं से इन लोगों की भूमिका भी इस पेड़ को गायब करने में संदिग्ध है ग्राम के चक मार्ग में लगे पेड़ की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। जिसमे जिम्मेदारों की भूमिका संदिग्ध लग रही है। चोरी से पेड़ काटे जाने की सूचना पाकर निघासन उप जिलाधिकारी राजीव निगम ने हल्का लेखपाल को जांच करने के आदेश दिए




इस मामले की शिकायत मिलने पर उपजिलाधिकारी निघासन राजीव निगम तत्काल जांच कराकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

एसडीएम निघासन राजीव निगम ने बताया की, चकमार्ग पर लगे पेड़ सार्वजनिक संपत्ति है और इनकी कटाई गैरकानूनी है मामले की गम्भीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए गए हैं, और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी।

# भीषण सड़क हादसे में टक्कर के बाद ट्रक और हाइवा में लगी आग, जिंदा जला चालक!



**स्वतंत्र प्रभात ब्यूरो।**

**प्रयागराज।** मिर्जापुर जिले के पड़री क्षेत्र के गुरखुली नदी के पास बृहस्पतिवार की देर रात ट्रक व हाईवा में टक्कर हो गई। जिससे दोनों वाहनों में आग लग गई। आग लगने से ट्रक सवार व्यक्ति की जलकर मौत हो गई। जबकि उसका भाई झुलस गया। गंभीर हालत में उसका उपचार चल रहा है।मिर्जापुर वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृहस्पतिवार की देर रात गुरखुली नदी पुल पर डीबीएल कंपनी द्वारा रोड का कार्य किया जा रहा था। बोकारो से लोहे की चद्दर लाद कर 14 चक्का ट्रक मिर्जापुर की तरफ से जबलपुर जा रहा था। गुरखुली नदी पर पहुंचा ट्रक डीबीएल कंपनी के हाइवा से टकरा गया। जिससे लोहे की चद्दर लदे ट्रक में आग लग गई।

आग लगने पर ट्रक में सवार चालक और उसका भाई फंस गए। मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से आग बुझाने के साथ ही किसी तरह दोनों को बाहर निकाला गया। आग की चपेट में आकर चालक सुरेंद्र कुमार निवासी भरवाड़ा जिला ललितपुर थाना भरवाड़ा की जलकर मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से झुलसे उसके भाई को ट्रामा सेंटर मिर्जापुर में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष दयाशंकर ओझा ने बताया कि दो ट्रक की टक्कर के बाद आग लगी। एक ट्रक की आग को बुझा दिया गया। दूसरे ट्रक से एक व्यक्ति को बाहर निकला गया। दूसरे की आग की चपेट में आने से जलकर मौत हो गई। झुलसे व्यक्ति का उपचार चल रहा है।

# मनोज महेशा हॉस्पिटल में गलत इलाज के चलते मासूम की हुई मौत

## जच्चे की हालत भी नाज़ुक परिजन लगा रहे लापरवाही का आरोप

**स्वतंत्र प्रभात ब्यूरो।**

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत धर्मकांटा के पीछे भूफोरवानाथ मंदिर के निकट बने मनोज महेशा हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान नवजात शिशु की हुई मौत,पिता ने डॉक्टर पर गलत इलाज करने का लगाया आरोप,जच्चा की हालत भी गंभीर पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से लगाई गुहार। इससे पूर्व में भी इस मनोज महेशा हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हो चुकी है दो और मरीजों की मौत जिसके बाद इस हॉस्पिटल पर कभी भी कोई कार्यवाही नहीं की गई और आज फिर से इस मनोज महेशा हॉस्पिटल में एक बच्चे की मौत हो गई और वहीं जच्चा की हालत नाजुक बनी हुई है। इस हॉस्पिटल पर एक और भी आरोप सूत्रों के जरिए लग चुके है कि अगर परिजन अगर अपने मरीज को सुरक्षित महसूस नहीं समझते है तो वह जब अपने मरीज को यह से छुट्टी देने के लिए बोलते है तो हॉस्पिटल में बैठे प्राइवेट कर्मचारी मरीज पर अपना दबाव और मरीज को बंधक बनाकर उनके परिजनों से पहले अपने पैसे देने की डिमांड करते है उसके बाद उनको छुट्टी देने के लिए बोलते है नहीं तो कर्मचारी मरीज के परिजनों से बिना पैसे लिए नहीं छुट्टी देता है मनोज महेशा हॉस्पिटल । भले उस मरीज की जान क्यों न चली जाए।जब कोई घटना घटित हो जाती हैं तो वह बिना मरीज की हालत को परिजनों को बताकर ले जाने को कहने लगता है।

मनोज महेशा हॉस्पिटल और यहां के कर्मचारी ।जब डॉक्टर या उस कर्मचारी का नाम जानना चाहे तो रिसेप्सन पर बैठी प्राइवेट नर्स या वार्ड बॉय अपना नाम तक बताना उचित नहीं समझते । इस हॉस्पिटल में मरीज के किए गए उपचार के बाद दिए जाने वाले खर्च हुए पैसों का बिल भी एक साधारण सादे कागज पर बनकर उस मरीज के परिजनों के हाथों में थमा दिया जाता है जिस पर न ही हॉस्पिटल का नाम होता है न ही कोई मोहर व साइन होते है। जिससे यह जाना जा सके कि उस मरीज का इलाज अगर कराया गया है तो किस हॉस्पिटल में कराया गया है । इस तरह के कारनामे अधिक तर गांव से आए इलाज कराने आए भोली भाली जनता के साथ अधिक होता है




शहर लखीमपुर में न जाने कितने अवैध हॉस्पिटल संचालित है जिनका न रजिस्ट्रेशन है न फायर न Noc ही कोई डॉक्टर और हॉस्पिटल बेधड़क दलालों के जरिए चल रहे हैं। मरीज इन्हीं के बहकावे में आकर इस तरह के बिना डिग्री डॉक्टरों व फर्जी अस्पतालों के शिकार हो जाते है। और मरीज हॉस्पिटल में भर्ती के बाद में मरीज का इलाज बिना जानकारी के करते हुए उनकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ते है । जिसके बाद परिजनों का हंगामा काटना शुरू हो जाता है और हॉस्पिटल संचालक मामले को सामने में जुट जाता है ।इन सबकी जानकारी जब आलाधिकारियों को दी जाती है तो केवल दिखावे के रूप में अस्पताल को कुछ दिनों के लिए सीज कर दिया जाता है और उसके कुछ समय बाद पुनः वही खेल अस्पतालों का चालू हो जाता है कब प्रशाशन इस तरह के अवैध हॉस्पिटल पर करेगा कड़ी कार्यवाही। न जाने किसने अस्पताल इसी तरह से खुलते रहते हैं और बंद होते रहते है । देखना अब यह है कि इस मरीज के परिजनों को कोई इंसाफ मिलेगा या फिर से हॉस्पिटल को खाना पूर्ति कर मामले को दबा दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बस्ती में पारिवारिक रंजिश में महिला की हत्या, मां-बेटी पर आरोप




**बस्ती।** बस्ती जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सरायघाट मिश्रौलिया गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला की हत्या कर दी गई। यह सनसनीखेज घटना बुधवार देर रात लगभग 12 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी नोहर चौधरी की दो पत्नियां थीं और दोनों के बीच पिछले कई महीनों से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते पहली पत्नी ने अपनी बेटी के साथ मिलकर दूसरी पत्नी की हत्या कर दी।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वारदात के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस ने प्रथम दृष्टया हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपित मां-बेटी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। दो बीवियां होने के कारण आपसी विवाद बढ़गया मां बेटी विवाद का कारण बन गई और उनके ऊपर आरोप लग रहा है कोतवाली बस्ती पुलिस जांच कर रही है जांच में जो तत्व आएंगे उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी पुलिस का कहना है कि आपसी कलह और संपत्ति विवाद की भी जांच की जा रही है। पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया और सबूत जुटाए। हत्या की यह वारदात इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी

### देश के फायदे में है विधानसभा और लोकसभा का एक साथ चुनाव- आरके



**चित्रकूट** – पहाड़ी ब्लाक में एक राष्ट्र, एक चुनाव के तहत पंचायत प्रतिनिधि समागम का आयोजन किया गया। जिसमें एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और चुनाव एक राजनीतिक प्रक्रिया चुनाव के बिना लोकतंत्र की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारत सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में जाना जाता है। एक राष्ट्र, एक चुनाव से देश को कई तरह के फायदे होने वाले है। कहा कि भारत में वर्ष 1951 से 1967 तक राज्य विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ होते थे। उन्होंने कहा कि सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह ऐतिहासिक फैसला लेकर देश की तरक्की के लिए नए द्वार खोले हैं। यह फैसला स्वागत योग्य है और इसका पूरे देश में बहुत प्रभाव दिखाई देगा। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला प्रभारी अनिल यादव, चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, कर्वी गुलाब पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, जिला महामंत्री आलोक पांडेय, राघवेंद्र सिंह, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, अरुण सिंह आदि मौजूद रहे।

### चाट की दुकान लगाने वाले बुजुर्ग पर दबंगों ने कढ़ाई में खौलता हुआ डाल दिया तेल बुजुर्ग झुलस कर घायल

**महराजगंज/रायबरेली**– कोतवाली क्षेत्र के हलोर चौराहा से बछरावां जाने वाली सड़क पर नाथगंज में शराब के ठेके के बाहर रेड़ी लगाकर चाट की दुकान लगाने वाले बुजुर्ग की दुकान में कढ़ाई में खौलता हुआ तेल दबंगों ने दुकानदार बुजुर्ग के ऊपर डाल दिया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गया। आपको बता दें कि, नाथगंज गांव निवासी रामसेवक (68) पुत्र बदल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि, विपक्षी जसवंत पुत्र राम आधार, सत्यनाम और गुड्डू पुत्र राम आधार ग्राम समसपुर हलोर के निवासी है।रामसेवक में बताया कि, हलोर में सरकारी शराब ठेका के बगल में टिक्की चाट की दुकान लगाता था। जिससे वह अपना व अपने परिवार का जीवकोपार्जन करता था। लेकिन प्रतिपक्षीगडण जसवंत,सत्यनाम ने बहुत दिनों से इसका विरोध कर रहे थे, कि यहां पर चाट की दुकान नहीं लगेगी। दोनों लोगों में कहा सुनी हो गई उसके बाद प्रतिपक्षियों द्वारा उग्र रुप धारण कर मेरी दुकान में खौलती हुई कढ़ाई का तेल मुझ बुजुर्ग के ऊपर डाल दिया। जिससे मैं गंभीर रूप से जल गया है और वही बेहोश हो गया एवं प्रतिपक्षियों द्वारा धारदार औजार द्वारा वार किया गया जिससे प्रार्थी की आंख के ऊपर काफी चोट आई है। इस समय प्रार्थी किसी कानूनी कार्यवाही करने लायक नहीं है विपक्षीगण दबंग व सरंहग प्रवृत्ति के व्यक्ति है। आसपास के लोगों ने बुजुर्ग को किसी तरह बचाते हुए आनन-फानन नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां पर प्राथमिक उपचार कर हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# डियूटी से गायब सफाईकर्मियों का पेरोल प्रमाणित कर रहे एडीओ पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव

**● - कुछ ग्राम पंचायतों में तैनात सफाईकर्मी सफाई कार्य छोड़ नेतागिरी करने में जुटे एक सफाईकर्मी जिले पर विधायक के घर काट रहा मौज, फर्जी पेरोल के सहारे होता है मासिक वेतन - भुगता- एडीओं पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव की मिलीभगत से कुछ चहेते सफाईकर्मी धरातल पर कार्य करने के बजाए कागज में कर रहे डियूटी**

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खंड कप्तानगंज में कुछ ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मियों का डियूटी से गायब रहना और बिना डियूटी के पेरोल प्रमाणित होना जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों की माने तो सहायक विकास अधिकारी / एडीओं पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव आफिस में बैठकर सभी सफाई कर्मियों का पेरोल प्रमाणित कर देते है चाहे सफाई कर्मी ग्राम पंचायत में सफाई कार्य करने के लिए जाता हो या न जाता हो । सफाईकर्मी जिलाध्यक्ष प्रतिदिन दिन भर जिला मुख्यालय पर विकास भवन के इर्द गिर्द रहते है तो ग्राम पंचायत में साफ - सफाई /डियूटी कब करते है ? जिसका सत्यापन / जांच विकास भवन के आस - पास दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज से की जा सकती है । एक सफाईकर्मी जिला मुख्यालय पर विधायक के आवास पर प्रतिदिन दिन भर मौज करता है । ग्राम पंचायत में साफ सफाई की बात करे तो विधायक के आवास पर दिन भर मौज करने वाले सफाईकर्मी को ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान, सचिव व एडीओं पंचायत के अलावा कोई ग्रामीण नही पहचान पायेगा । ग्राम पंचायत वासियों को यह नही पता है कि हमारे ग्राम पंचायत में कितने सफाई कर्मी तैनात है लेकिन डियूटी से गायब सफाई कर्मियों का प्रतिमाह बिना डियूटी किये फर्जी पेरोल के सहारे प्रतिमाह वेतन प्राप्त होना जांच / कार्यवाही का विषय बना हुआ है । विधायक के आवास पर मौज करने वाले सफाई कर्मी की गतिविधि का खुलासा विधायक के आवास पर लगे सीसीटीवी फुटेज से हो सकता है ।सूत्रों से यह भी पता चला है कि एक ग्राम पंचायत में तैनात समस्त सफाईकर्मियों का पेरोल एक ही पेरोल में प्रमाणित कर वेतन के लिए जिले पर भेज दिया जाता है ताकि डियूटी से गायब सफाईकर्मियों का खुलासा न हो सके । वर्तमान समय में कई दर्जन सफाईकर्मी घर पर बैठकर डियूटी कर रहे है । ग्राम पंचायतों में साफ सफाई की व्यवस्था ध्वस्त है अर्थात् ग्राम पंचायतों में गन्दगी का अम्बार लगा है लेकिन एडीओं पंचायत को इसकी चिन्ता नही है कि गन्दगी से ग्राम पंचायतों में घातक बिमारियां हो सकती है । ग्रामीण ग्राम पंचायतों में साफ सफाई के लिए तरस रहे है । उक्त प्रकरण में जिला पंचायत राज अधिकारी ने जांच कर डियूटी से गायब / लापरवाह सफाईकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### एएमयू में कश्मीरी छात्रों ने खौफ के चलते नहीं दी परीक्षा

**अलीगढ़।** एएमयू में अध्ययनरत कश्मीर के छात्र यूनिवर्सिटी परिसर से बाहर बनाए गए केंद्र पर परीक्षा में शामिल नहीं हुये। अब यूनिवर्सिटी प्रशासन उनके लिए अलग से तारीख तय करेगा। छात्रों ने पहलगाम में हुए हमले के बाद पैदा हुए हालात को देखते हुए परीक्षा में शामिल नहीं हुये हैं। एएमयू में एक हजार से अधिक कश्मीर के छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं। स्नातक कर रहे छात्रों की शुक्रवार को खैर रोड स्थित आइटीएम कालेज में परीक्षा थी। कश्मीरी छात्रों ने परीक्षा को लेकर कंट्रोलर से मुलाकात की। कहा, फिलहाल वह कैंपस से बाहर परीक्षा देने नहीं जा सकते। कश्मीर छात्रों ने बताया कि कंट्रोलर ने हमारी मांग को मानते हुए आगे यूनिवर्सिटी परिसर में ही परीक्षा कराने का भरोसा दिया है। कैंपस न कैम्पस नहीं छोड़ें कश्मीरी छात्र पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पैदा हुए हालात को देखते हुए जिला प्रशासन एएमयू में पढ़ रहे कश्मीरी छात्रों के संपर्क में है। एएमयू अधिकारी भी छात्रों के साथ लगातार बैठक कर रहे हैं। यह भी पढ़ें- पहलगाम आतंकी हमले के बाद लोगों में खौफ, कई ने रद कराए टिकट; बोले 'नहीं जाना कश्मीर, उत्तराखंड ही ठीक' छात्रों से बिना सूचना दिए यूनिवर्सिटी न छोड़ने के लिए कहा है। प्राक्टर प्रो. एम वसीम अली ने बताया कि कश्मीरी छात्रों के हम संपर्क में हैं। छात्र अपने स्वजन से भी बात कर रहे हैं।

## बस्ती में बंद रहे स्वर्ण व्यापारियों के प्रतिष्ठान, लगभग 3 करोड़ रूपये का कारोबार प्रभावित




स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले मेंशुक्रवार को सर्राफा एवं स्वर्ण व्यवसायी संघ प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिलाध्यक्ष कुन्दन वर्मा के संयोजन में कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि व्यक्त करने के साथ ही बस्ती शहर के साथ ही जनपद के विभिन्न हिस्सों में स्वर्ण व्यापारियों ने अपनी- अपनी दूकाने बंद रखी। शादी विवाह के मौसम में दूकानों के बंद होने से लोगों को असुविधा हुई। लगभग 3 करोड़ रूपये का कारोबार प्रभावित हुआ। संघ पदाधिकारियों ने एक स्वर से केन्द्र सरकार से मांग किया कि आतंकवाद के समूल नाश के लिये केन्द्र सरकार प्रभावी कदम उठाये। जिला अध्यक्ष कुंदन लाल वर्मा ने कहा कि इस बन्दी का उद्देश्य आतंकवाद के विरूद्ध वातावरण सृजित करना है। बन्दी को सफल बनाने में जिला महामंत्री मनोज सर्राफ, प्रभात सोनी, सपन सर्राफ, नगर अध्यक्ष राकी सोनी, ओमनाथ सर्राफ, विष्णु सोनी, मणिनाथ, मनीष अग्रवाल, बब्लू सोनी, रामजी बरनवाल, मोती सर्राफ, रितेश सोनी, दिनेश सोनी चन्दन सर्राफ, सूरज सोनी, विश्वनाथ वर्मा, कल्लू गुप्ता, शिव, गोपाल सर्राफ, मोहन सोनी, वैभव गुप्ता, पंकज सोनी, राजू सोनी, दिवाकर रोहित कपूर, सचिन, बेदानन्द, संजय गुप्ता, विश्वनाथ सोनी शुभम, श्याम कुमार, सुजीत सोनी, टुनटुन सोनी, विजय कुमार, विनोद सर्राफ विरेन्द्र कुमार, अमरनाथ सोनी, हरिमोहन, रामकृष्ण, ऋषि वर्मा, सूर्य प्रकाश, मो0 सैफुल, संतोष सोनी, आलोक कुमार, शतीष कुमार, विवेक, कृष्णकान्त सोनी, राकेश सोनी, पप्पू सर्राफ, रामचन्दर सर्राफ, शिद्वान्त जायसवाल, अबीर सेठ, गुड्डू सोनी, अंकुश, तानाजी, बसन्त कुमार, आनन्द कुमार सहित अनेक लोगो ने योगदान रहा।

### थाना परसरामपुर पुलिस ने हत्या के अभियुक्त को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में परसरामपुर थाना क्षेत्र में शराब के नशे में हुए विवाद के चलते एक व्यक्ति की हत्या का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिले में घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है कारण यह है की चोरी की घटनाएं मारपीट की घटनाओं को पुलिस नजर अंदाज करती है जिसका खामियाजा जनता भगत रही है पुलिस के कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं घटना गुरुवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे की है, जो मेढ़ा ग्राम के निकट नहर के किनारे हुई थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार बुद्धिराम चौहान (45 वर्ष) और गोपी शर्मा के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जो मारपीट में बदल गया। इस दौरान गोपी शर्मा ने पास में पड़ी लकड़ी के चारपाई का पावा उठाकर बुद्धिराम के सिर पर वार कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।हत्या की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह और क्षेत्राधिकारी हरैया संजय सिंह मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के पुत्र राजेश चौहान की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना परसरामपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 117/2025 धारा 103(1), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा चलाए जा रहे अपराध व अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी हरैया संजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष परसरामपुर भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महज 24 घंटे के भीतर अभियुक्त गोपी शर्मा पुत्र पित्तरदीन शर्मा निवासी ग्राम निपनिया थाना परसरामपुर, उम्र करीब 30 वर्ष को ग्राम रजवापुर पुल के पास से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना कर दिया।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमभानु प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष परसरामपुर उ0नि0 झारखण्डेय पाण्डेय, थाना परसरामपुर का0 पंकज कुशवाहा, थाना परसरामपुर वर्तमान में गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है।

# विकास खंड हरैया में फर्जी फोटो लगाकर बिना कार्य किए ले रहे हैं भुगतान जिम्मेदारी अधिकारी कुंभकरण नींद में सो रहे

**●मनरेगा में भ्रष्टाचार का नया ट्रेड साइड पर पुरानी फोटो अपलोड कर गांव में विकास की लिखी जा रही झूठी इबारत शिकायत के बावजूद जांच की जा रही है कार्रवाई जल्द होगी**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले केहरैया ब्लाक में मनरेगा पटल पर पुरानी फोटो अपलोड करने का बना हब ग्राम पंचायत में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार प्रधान व सचिव ने निकाला भ्रष्टाचार करने का नायाब तरीका , भीषण गर्मी में ठंडी की फोटो अपलोड कर सरकारी धन के दोहन में जुटी प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी फर्जी मजदूरों की संख्या लगाकर फोटो अपलोड करके मोटी रकम निकालने के फिराक में है ग्राम पंचायत कोदई के प्रधान द्वारा बिना काम कराए ही कई सड़कों का निर्माण कर चुके हैं जबकि धरातल पर कार्य कुछ और दिखाई दे रहा है सड़कों पर कहां से होगी हुई है लेकिन उसका भुगतान दिसंबर 24 में हो चुका है भ्रष्टाचार की जड़े सबसे ज्यादा ग्राम पंचायत अधिकारी हरिया विकासखंड में अंगद की तरह अपने पांव जमाए बैठे हुए हैं प्रधान भी पीछे नहीं है रहे हैं सेकेट्रार्ययों की सहारे पर मोटी रकम कमा रहे हैं चुनाव वर्ष के करीब में है इसलिए बहती गंगा में डुबकी लगाने से कोई प्रधान और सेक्रेटरी नहीं चुप रहा है ग्रामीणों की फर्जी हाजिरी लगाकर लाखों हड़प रहे हैं रोज यहां तो पूर्व में कई सेकेट्रार्ययों पर कार्रवाई भी हुई लेकिन खंड विकास अधिकारी उनका सबसे बड़ा अधिकारी बना देते हैं रेडियो पंचायत बड़े बाबू और खंड विकास अधिकारी के दलालों द्वारा प्रधानों से मोटी रकम लेकर बिना काम कराए ही भुगतान करवा देते हैं सरकार विकास करने के लिए धन देता है लेकिन प्रधान अधिकारी कर्मचारी यहां तक रोजगार सेवक भी नहीं सरकारी धन को हड़पने में छोड़ते हैं बहती गंगा में वह भी डुबकी लगा




लेते हैंप्रधान द्वारा उच्च अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक कर लगवा रही फर्जी हाजिरी किया जा रहा है भ्रष्टाचार ग्राम पंचायत का विकास हो न हो अपना विकास करने पर लगे प्रधान व सचिव धरातल पर कार्य कोई नहीं दिखाई दे रहा है ऐसे में कैसे होगा ग्राम पंचायत का विकास खंड विकास अधिकारी अपने कमरे से निकलने में और जांच करने की जहमत नहीं उठाते हैं।

प्रधान की इस हरकत से सरकार की साफ सुथरी छवि हो रही धूमिल इसी तरह विकास का धन बंदर बात होता है और धरातल पर कार्य कोई नहीं किया जाएगा फर्जी फोटो लोड करके फर्जी मजदूरों की हाजिरी लगाकर प्रधान और सेक्रेटरी रोजगार सेवक मीट मोटी रकम कमा रहे हैं जिन रोजगार सेवक के पास साइकिल नहीं थी आज वह कार से चल रहे हैं

ताजा मामला कोदई ग्राम पंचायत की हैप्रधान द्वारा ठंडी की फोटो को बनवाकर दुर्गावती की आईडी से पटल पर किया गया अपलोडशंभू पांडे के बाग से अंकुर के खेत तक नाला खुदाई व सफाई कार्य का मामला हर्रैया ब्लाक के कोदई ग्राम पंचायत मे कंप्यूटर द्वारा फोटो बनाकर मनरेगा साइट पर अपलोड करने का जिम्मेदार अधिकारियों का फोन नहीं उठाते है कैसे विकास होगा ग्राम पंचायत का जांच के नाम पर मोटी रकम लेकर अधिकारी अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

## जमीन जेहाद को लेकर हियुवा ने डीएम को सौंपा पत्र, कार्रवाई की मांग दोषी यो कर्मचारियों पर कार्रवाई हो

**●बस्ती जनपद में कर्मचारियों की मिलीभगत से एस सी कोटे का पट्टा निरस्त करवा कर मुसलमानों के नाम कराया जा रहा है जिले के जिम्मेदार अधिकारी के नाम पर मोटी रकम ले रहे हैं**

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में हिन्दू युवा वाहिनी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश मंत्री अरुण भारती के के नेतृत्व में वाहिनी के पूर्व पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर बस्ती शहर के प्रमुख स्थानों पर हिन्दू सम्पत्तियों और सार्वजनिक परिसर में मजार बनाकर जमीन जेहाद के क्रम में उपयोग, वक्फ की घोषणा के षड़यंत्र की जांच कराने की मांग किया। यही नहीं यहां तक हरजनों के नाम से हुए पट्टा पत्ता को खारिज कर कर मुसलमानों के नाम कराया जा रहा है जिम्मेदार अधिकारी शिकायतों के बाद भी आंखें मुद्दे सो रहे हैंकोमांग किया कि ऐसे स्थानों को खाली कराकर सरकार उसे अपने नियंत्रण में ले।डीएम को दिये पत्र में कहा गया है कि बस्ती नगर पालिका परिषद के प्रमुख के हिन्दू संपत्तियों एवं सार्वजनिक परिसर में मजार बनाकर जमीन जिहाद के क्रम में उपयोग के आधार पर (वक्फ)का चयन रचे जाने के संबंध में जांच हो।

हियुवा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, पूर्व जिला महामंत्री विनय सिंह संजय मद्धेशिया, धीरेन्द्र कुमार 'लल्लू पाण्डेय आदि ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि त्रिपाठी चित्र मंदिर, सुंदर टॉकीज,रौता चौराह की गली में सड़क के बीचो बीच तथा न्याय मार्ग, के मेन रोड पर ,जिला अस्पताल के परिसर में मजारों का होना और बन जाना निश्चित 2013 के बाद किसी के दिमाग की फितूर नहीं है, आश्चर्य जनक क्या है कि यहां ना कोई फकीर, ना कोई मौलवी,न यहां रहा है और न मरा है फिर मजार किसकी है। केवल शरारती और षड्यंत्रकारी करतूतों के तहत इसको अंजाम दिया गया। यह तो वह स्थान है जो हिंदू प्रॉपर्टी का दिखता हुआ प्रकरण है इसके अलावा ना जाने शहर में आसपास के पब्लिक प्रॉपर्टी पर तों जाने अंजाने कितने ऐसे मामले हैं। जैसे अमहट घाट के उस पार मस्जिद नदी की डोप एरिया में निर्माण तेजी से बढ़े हैं। राजस्व अकैडमी समस्या के गंभीर होने तक का इंतजार करने वाले पौराणिक आदत में मस्त है, और जब समय के साथ स्थान से एक बड़ी संख्या जुट जाती है तो वह बड़ी घटनाओं का कारण बनती है। मांग किया कि इसकी समीक्षा करा लिया जाय और जमीनों को सरकार अपने नियंत्रण में ले।

### बसंत लाल स्मारक इंटर कॉलेज और रौनक कोचिंग सेंटर के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में दिखाया दम







स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर**- बसंत लाल स्मारक इंटर कॉलेज और रौनक कोचिंग सेंटर के छात्रों ने इस वर्ष की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बसंत लाल स्मारक इंटर कॉलेज की छात्रा श्वेता श्रीवास्तव ने हाई स्कूल में 81.83% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि प्रियंका मौर्या ने 80.83% और अम्बिका यादव ने 79.33% अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में रमजान ने 75.8त्न, मनोज कुमार ने 72.2त्न और शकीना ने 71.8त्न अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, रौनक कोचिंग सेंटर की छात्रा मरियम ने हाई स्कूल में 82% अंक प्राप्त कर टॉप किया। नर्मता ने 78.66% और नाजरीन ने 77.66त्न अंक प्राप्त किए। इंटर में दानिश ने 67.6% , संध्या ने 66.8% और सीमा ने 65.4% अंक अर्जित किए। विद्यालय और कोचिंग संस्थान दोनों ही छात्रों की सफलता का श्रेय उनके परिश्रम, नियमित टेस्ट और गाइडेंस सेशन्स को देते हैं। क्षेत्रवासियों ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### हत्या का प्रयास, गाली गलौज व धमकी देने के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। इस बाबत वादी द्वारा तहरीर दी गई कि 13 अप्रैल की रात्रि को वादी का लड़का शौच क्रिया करने गया था कि वहीं नहर के पास गांव के ही आरोपीगण अमित वर्मा पुत्र सुरेश वर्मा ,लड्डू वर्मा पुत्र सुरेश वर्मा व अन्य अज्ञात 05 लोगो द्वारा एक राय होकर वादी के लड़के के साथ गाली गलौज करना, जान से मारने की नियति से लाठी डण्डा से मारपीट करना और जान से मारने की धमकी दी गई । जिसके संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना लालगंज में 02 नामजद व अन्य 05 लोग अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया है। थाना लालगंज नीरज कुमार यादव के नेतृत्व में उप निरीक्षक रमेश कुमार वर्मा मय उ0नि0 राजेश कुमार यादव हमराह का0 राहुल सोलंकी द्वारा तलाश वांछित वारंटी को मुखबिर की सूचना पर थाना लालगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 130/2025 धारा 191 (2)/191(3) /109(1)/352/351(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त लड्डू उर्फ अंकित वर्मा पुत्र स्व0 सुरेश वर्मा निवासीग्राम ताजपुर बगिया पूरे तिलकराम थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को अभियुक्त के घर से गिरफ्तार किया गया।

## सोनभद्र आध्यात्मिक, पौराणिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संगम, शिवद्वार धाम की रामलीला 76 वर्षों से अटूट आस्था का प्रतीक

स्वतंत्र प्रभात

**घोरावल, सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश का सोनभद्र जनपद, जो अपनी गोद में आध्यात्मिक, पौराणिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक खजानों को समेटे हुए है, पूरे भारतवर्ष में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। चार बड़े राज्यों - मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ - की सीमाओं से जुड़ा यह जिला अपनी अनूठी प्राकृतिक सुंदरता और प्राचीन आध्यात्मिक गाथाओं के लिए जाना जाता है। इसी विशेषता के कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने सोनभद्र को %मिनी स्विट्जरलैंड ऑफ इंडिया% की संज्ञा दी थी। इसी पावन भूमि पर स्थित है अति प्रसिद्ध मंदिर स्थल शिवद्वार धाम, जहाँ 11वीं शताब्दी की अत्यंत सुंदर और विश्व विख्यात उमा महेश्वर की दुर्लभ प्रतिमा विराजमान है। यह स्थान %गुप्तकाशी का प्रवेश द्वार% के रूप में भी प्रतिष्ठित है। इसी शिवद्वार धाम में श्री शिव शंकर राम लीला समिति पिछले 76 वर्षों से धार्मिक आस्था के अटूट बंधन के साथ भगवान उमा महेश्वर के दरबार में रामलीला का मंचन करती आ रही है। इस रामलीला की नींव वर्ष 1950 में स्वर्गीय राम लखन तिवारी जी, ग्राम भुरकुंडा शाहगंज, सोनभद्र द्वारा प्रायोगिक रूप से रखी गई थी। उन्होंने ही श्री शंकर रामलीला समिति के विचार को जन्म दिया। वर्ष 1962 में क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों के शारीरिक, मानसिक और आर्थिक सहयोग से इस प्रयास को विस्तृत रूप दिया गया, जिससे रामलीला का निरंतर मंचन सुनिश्चित हो सका। इस परंपरा को जीवंत रखने के लिए प्रथम संस्थापक स्वर्गीय अक्षय वर्मा मिश्र (निवासी मझिगवा मिश्र), द्वितीय संस्थापक स्वर्गीय हरि गोविंद त्रिपाठी (भुरकुंडा शाहगंज), और तृतीय संस्थापक स्वर्गीय श्यामधर मिश्रा ने अपना सर्वस्व समर्पित कर महत्वपूर्ण योगदान दिया।

वर्तमान समय में, रामलीला के प्रमुख संरक्षकों और सहयोगियों में श्री जमुना प्रसाद मिश्र (मझगवां मिश्र), अवध बिहारी शुक्ला (शिवद्वार), राम पत्री त्रिपाठी (तमिल चितरंगी, मध्य प्रदेश), गम विश्वकर्मा (सतवारी), और कमलाकांत मिश्र (सत्तद्वारी) जैसे गणमान्य व्यक्ति शामिल हैं, जिन्होंने रामलीला समिति को अपना बहुमूल्य समय प्रदान किया है। रामलीला समिति के पदाधिकारियों में पिछले 25 वर्षों से प्रबंधक के रूप में श्री श्रीकांत दुबे जी (ग्राम कुंडा, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र) और मंच के संयोजक के रूप में श्री सच्चिदानंद मिश्र श्री शंकर रामलीला समिति के संचालन में सक्रिय योगदान दे रहे हैं।रामलीला के गौरवशाली इतिहास में श्री सेतबंधु तिवारी, श्री लाल धारी दुबे, केवलदत्त मिश्रा, संतराम गिरी, राम प्यारे मिश्रा, जय प्रसाद मिश्र, रामदेव गुप्ता, कुंज




बिहारी शुक्ला जैसे अनेक व्यक्तियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्तमान में श्री जगदीश मिश्रा, श्री रविकांत मिश्रा, नंदकुमार मिश्रा, अमित मिश्रा, गोपालमणि शुक्ला, नंदकुमार दुबे, धीरेंद्र मिश्रा, बृजेश शुक्ला, ओम प्रकाश, दयालु, अनंत प्रसाद, अंगद विश्वकर्मा, लाल बहादुर शर्मा, रविंद्र नाथ पाठक, गुड्डू विश्वकर्मा, बुलबुल, अमित, विनीत, सूर्यकांत, राजेंद्र पाल आदि समर्पित व्यक्ति श्री शंकर रामलीला समिति के मंचन और संचालन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।यह रामलीला, जो अपने 76वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, धार्मिक, सामाजिक और आस्था के मूल्यों को संजोए हुए कई पीढ़ियों से भगवान राम की लीला का मंचन कर रही है। कुछ तो निरंतर सेवा में लीन हैं, और जो भगवान की लीला करते-करते ब्रह्मलीन हो गए, उनके वंशज भी पूरी निष्ठा के साथ इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। यह सोनभद्र का पहला ऐसा आयोजन है जो अपनी अद्भुत और प्राचीन परंपराओं के साथ भक्तों के समक्ष मंच के माध्यम से भगवान की कथा प्रस्तुत कर रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्री शंकर रामलीला समिति के अध्यक्ष श्रीकांत दुबे जी ने बताया कि उनकी टीम प्रत्येक वर्ष अथक परिश्रम और प्रयास करके इस रामलीला को और भी बेहतर बनाने के लिए संकल्पित है। वे वर्ष में 6 से 7 बैठकें आयोजित कर मंचन से जुड़ी अवस्थाओं और समस्याओं पर विस्तृत चर्चा करते हैं और सर्वसम्मति से उनका समाधान निकालते हैं। समाज में अपनी सेवा को समर्पित करते हुए, वे आवश्यक संसाधनों और व्यवस्थाओं पर भी विचार-विमर्श करते हैं।भगवान उमा महेश्वर शिवद्वार धाम की अद्वितीय प्रतिमा, जिसका धार्मिक और शास्त्रीय महत्व अनेक ग्रंथों में वर्णित है, पूरे विश्व में दुर्लभ है। धर्मग्रंथों में भगवान के इस रूप का वर्णन तो मिलता है, परंतु इसके दर्शन अत्यंत दुर्लभ हैं, जो केवल जनपद सोनभद्र के शिवद्वार धाम में ही संभव हैं। यह रामलीला न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि सोनभद्र की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का जीवंत प्रमाण भी है, जो पीढ़ियों से चली आ रही अटूट आस्था और समर्पण की कहानी कहता है।

## संक्षिप्त खबरें

### थावर पंचायत में लाखों की लागत से बन रहा अन्नपूर्णा भवन

**ग्राम प्रधान माधुरी सिंह ने अन्नपूर्णा भवन का निरीक्षण**



**काकोरी, लखनऊ।** ग्राम पंचायत थावर में बन रहे अन्नपूर्ण भवन का ग्राम प्रधान माधुरी सिंह व प्रतिनिधि अतुल कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधान माधुरी सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं में से एक मनरेगा अन्नपूर्णा भवन पर ग्रामीणों को सस्ती दरों पर सामान उपलब्ध कराने के लिए पंचायत में एक भवन बनाया जा रहा है। जहां सरकारी राशन की दुकान संचालित की जायेगी पंचायत में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण किया जा रहा है।थावर पंचायत में लाखों की लागत से तैयार हो रहे मनरेगा अन्नपूर्णा भवन का जल्द ही शुभारंभ होगा।

### दीपक प्रजापति पुलिस के पद पर हुए चयनित

**परिजनों और शुभचिंतकों में दौड़ी खुशी की लहर**



**सिधौली।** अनुशासन से सफलता का पासवर्ड खुलता है। इसलिए सभी को अनुशासन परक पढ़ाई करनी चाहिए। यह मानना है दीपक प्रजापति का। बताते चलें कि क्षेत्र के भरौना के ग्राम प्रधान भगवान बक्स प्रजापति के पुत्र दीपक प्रजापति का उत्तर प्रदेश कांस्टेबल पद पर चयन हुआ है। जिससे भरौना सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। दीपक प्रजापति वर्तमान में यूपीपीसीएस (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग) की तैयारी में संलग्न हैं, परंतु उनका कहना है कि वह हाल फिलहाल पुलिस विभाग की सेवा ज्वॉइन करेंगे और साथ ही अपनी उच्चस्तरीय तैयारी भी जारी रखेंगे। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है। इस उपलब्धि पर कवयित्री पिंकी प्रजापति, डॉ. देवेंद्र कश्यप %निडर%, चंद्रशेखर प्रजापति, रोहित विश्वकर्मा, विनोद रावत, अरविंद प्रजापति, गुरुजी आर. डी. वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने दीपक को बधाईयां और शुभकामनाएं दी हैं।

### सुखई पुरवा गांव के पास लगी आग से सैकड़ो बीघा पराली जलकर राख, खेतों में खड़े यूकलिप्टिस के पेड़ भी कई बीघहे झुलस गए



**बेनीगंज-** गुरुवार को बेनीगंज कोतवाली प्रताप नगर चौकी क्षेत्र के सुखई पुरवा गांव प्लाईवुड फैक्ट्री के पड़ोस से लगी आग इतना विकराल रूप धारण करते हुए बेकाबू हुई की देखते देखते सैकड़ो बीघा गेहूं की कटी हुई पराली जलकर राख हो गई। वहीं खेतों में किसानों की खड़ी यूकेलिप्टस के कई बीघहे पेड़ झुलस गए। झरोइया निवासी अरविंद सिंह के खेत में गन्ना की बुवाई के लिए एक डीसीएम और एक ट्राली गन्ना का बीज पड़ा हुआ था जो पूरी तरीके से जलकर राख हो गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी तहसील मुख्यालय और जिला मुख्यालय पर होने की वजह से लगभग तीन घंटे से अधिक समय गुजर जाने के बाद मौके पर पहुंची उससे पूर्व प्रताप नगर चौकी प्रभारी गोपाल मणि मिश्रा अपने फोर्स के साथ खेतों में आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन नाकाम साबित हुए हैं। ग्रामीणों का भी अच्छा सहयोग होने के बावजूद भी आग अपना रूप दिखाती रही। लगातार 2 दिन से क्षेत्र में आग लग रही है कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। एक दिन पूर्व लगी आग जहां बिजली के द्वारा बताई जा रही थी तो आज की आग प्लाईवुड फैक्ट्री के पीछे से लगी बताई जा रही है। सूत्रों की माने तो इसमें कोई साजिश भी हो सकती है जिन लोगों की यूके लिपस्टिक के पेड़ झुलसें हैं।उनमें कौशल किशोर मिश्रा की 12 बीघा,आनंद शुक्ला की आठ बीघा, राजकमल तिवारी की 13 बीघा अन्य लोगों की भी झुलसने की जानकारी मिल रही है। जिससे नुकसान हुए ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व की टीम आग लगने के पश्चात घंटों तक मौके पर नही पहुंची।

# जनचेतना की लौ- पुष्पेंद्र प्रताप सिंह और सीतापुर का आंगनबाड़ी भर्ती घोटाला

स्वतंत्र प्रभात





**सीतापुर।** जब व्यवस्था भ्रष्टाचार से संक्रमित हो जाए और पीड़ितों की आवाजें दीवारों से टकराकर लौट आएं—तब कोई एक व्यक्ति यदि निर्भीक होकर जनहित की लड़ाई लड़ता है, तो वह केवल समाजसेवी नहीं, बल्कि लोकतंत्र का सजग प्रहरी बन जाता है। सीतापुर के आंगनबाड़ी भर्ती घोटाले में ऐसा ही नाम है ङ्क पुष्पेंद्र प्रताप सिंह। 17 अप्रैल को जब पुष्पेंद्र सिंह आमरण अनशन पर बैठे और 18 अप्रैल को सैकड़ों पीड़ित आवेदिकाओं की अगुवाई करते हुए प्रशासन से लिखित कार्यवाही का आश्वासन प्राप्त किया, तब यह स्पष्ट हुआ कि आंदोलन महज विरोध नहीं, जनचेतना का माध्यम बन चुका है। परंतु यह आश्वासन केवल एक रणनीति बनकर रह गया। न कोई कार्यवाही हुई, न ही दोषियों पर शिकंजा कसा गया। इसके उलट, 24 अप्रैल को जब पुष्पेंद्र सिंह सैकड़ों महिलाओं के साथ मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच कर रहे थे, तब प्रशासन की बौखलाहट खुलकर सामने आ गई। दो किलोमीटर की पदयात्रा के बाद आंदोलन को रोका गया और दबाव की राजनीति शुरू हुई। पहले भूमि विवाद के बहाने, फिर वन विभाग द्वारा उनके धर्मकांटे पर छापेमारी और 35 कुंतल लकड़ियाँ जब्त करना—यह सब किसी कानूनी प्रक्रिया से अधिक एक ईमानदार आवाज को कुचलने की बदले की कार्यवाही प्रतीत होती है। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है- क्या यह क़ानून का पालन था या सत्ता के दबाव का प्रदर्शन?

क्या जनहित की लड़ाई लड़ने वालों को ऐसे ही प्रताड़ित किया जाएगा? पुष्पेंद्र प्रताप सिंह कोई निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि उन सैकड़ों बेटियों और महिलाओं की उम्मीद बनकर खड़े हैं जिन्हें भ्रष्ट तंत्र ने न्याय से वंचित कर दिया है। आज यदि इस आवाज को दबा दिया गया, तो कल कोई और बोलने का साहस नहीं करेगा। अब यह देखना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक यह सच्चाई पहुंचेगी या नहीं?

क्या उत्तर प्रदेश सरकार इस महाघोटाले की निष्पक्ष जांच कराएगी? या फिर जिला प्रशासन की तानाशाही के सामने जनता की उम्मीदें एक बार फिर हार जाएंगी? पुष्पेंद्र प्रताप सिंह अकेले नहीं हैं—जनसमर्थन उनकी ढाल है।यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति की नहीं, समूचे लोकतंत्र की है।

## निगोहां क्षेत्र में चोरों का आतंक, सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ.......

स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज।** लखनऊ, निगोहां थाना क्षेत्र के शेखपुर दखिना में बीती रात बेखौफ अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नकदी व कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ग्राम शेखपुर दखिना निवासी चंद्रकांत द्विवेदी पुत्र कृपा शंकर द्विवेदी ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर उनके घर के पीछे की ओर से छत के सहारे अंदर घुसे और अलमारी में रखे कीमती सामान की चोरी कर ले गए। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो अलमारी खुली पाई गई और उसमें रखा सामान गायब था। इससे चोरी की घटना का पता चला।चोरी गए सामानों में बीस हजार रुपये नकद, एक सोने का हार, एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमकी, तीन जोड़ी पायल, दो सोने की अंगूठियां, दो सोने की जंजीरें, बीस चांदी के सिक्के और आठ सोने की कीलें शामिल हैं। पीड़ित द्वारा पुलिस को सूचना देने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की।

इस संबंध में थाना निगोहां के प्रभारी निरीक्षक अनूज तिवारी ने बताया कि ÷हमें सुबह सूचना मिली कि ग्राम शेखपुर दखिना में चोरी की घटना हुई है। तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। घटनास्थल का निरीक्षण कर फिंगरप्रिंट व अन्य साक्ष्य जुटाए गए हैं। अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। शीघ्र ही घटना का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा। गांव व आस-पास के क्षेत्रों में रात्रि गश्त को और अधिक सघन किया जा रहा है।पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है और पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने व चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश कर शातिर चोर को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**बिसवां सीतापुर** कोतवाली पुलिस ने गत 20 अप्रैल को बिसवां कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गोपाल नगर मे एक बंद पड़े मकान में, करीब तीन माह पूर्व जनवरी माह में मोहल्ला शंकर गंज में रेलवे स्टेशन के पास बंद पड़े मकान में तथा दिसंबर माह में सांडा कस्बे में बीसी केंद्र में हुई चोरी की घटनाओ का पर्दाफाश कर घटना को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने उसके पास से साढ़े चौदह हजार नकदी एक हार, एक जोड़ी झाला, एक मंगलसूत्र, एक अंगूठी, एक नाक का फूल, तीन जोड़ी पायल, एक डीबीआर तथा एक 315 बोर का तमंचा दो जिंदा कारतूस बरामद करने में सफलता हासिल की। पुलिस उपाधीक्षक सतीश चंद्र शुक्ला ने पत्रकारों को बताया की 20 अप्रैल को बिसवां कस्बे के मोहल्ला मियागंज निवासी नसीम पुत्र अली शेर ने अपने साथियों के साथ 20 अप्रैल 2025 को गोपाल नगर बंद पड़े मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था । इन्हीं चोरों ने अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर मोहल्ला शंकर गंज में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया था ।

### जिलाधिकारी ने की भूसा दान के सम्बन्ध में बैठक



**हरदोई** कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने वर्चुअल माध्यम से उप जिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों के साथ भूसा दान के सम्बन्ध में बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि भूसा दान के लिए किसानों को प्रेरित व प्रोत्साहित किया जाये। किसानों से इस सम्बन्ध में संवाद किया जाये। गोशाला का चिंहीकरण भूसादान करने वाले किसानों से कराया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बसंत कांति इंटर कॉलेज, कोटवाधाम, बाराबंकी के छात्र आयुष ने हाई स्कूल परीक्षा में 83% अंक हासिल कर रच दिया कीर्तिमान

स्वतंत्र प्रभात



**बाराबंकी** (उत्तर प्रदेश), 25 अप्रैल 2025- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (UPMSP) द्वारा आज जारी किए गए हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में बसंत कांत इंटर कॉलेज, कोटवाधाम के छात्र आयुष ने 83त्न अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस साल हाई स्कूल परीक्षा में प्रदेश भर का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 90.11% रहा, जिसमें लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर रहा। वहीं, आयुष ने अपने कठिन परिश्रम और लगन से इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती।

विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने आयुष की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। आयुष ने कहा, "मैं अपने माता-पिता, शिक्षकों और दोस्तों का धन्यवाद करता हूँ जिनके सहयोग से मैंने यह उपलब्धि प्राप्त की। आगे चलकर मैं इंजीनियर बनने की आकांक्षा रखता हूँ।" आयुष की इस सफलता पर स्कूल परिसर में खुशी का माहौल है। शिक्षकगण, सहपाठी और परिवारजन उसे बधाइयाँ दे रहे हैं।ह्य

## रावल अदेसर में जंगली जानवर के पग चिन्हों की जांच व कांबिंग करते उप प्रभागीय वन अधिकारी विकास यादव व लहरपुर रेंजर अभिषेक सिंह

स्वतंत्र प्रभात



**लहरपुर सीतापुर-** कोतवाली क्षेत्र के रावल अदेसर गांव में बीते कई दिनों से जंगली जानवर तेंदुए अथवा बाघ की होने की आशंकाएं जताई जा रही थी । इससे पूर्व में कई पशुओं पर अज्ञात जानवर के द्वारा हमला भी किया गया था। इसके बाद से ही हरकत में आई वन विभाग की टीम ने लगातार कांबिंग करते हुए आसपास के क्षेत्र में अज्ञात जानवर की तलाश शुरू की पिछले 20 दिनों से वन विभाग के द्वारा क्षेत्र में पिंजरा लगाया गया और कैमरा भी लगवाया गया लेकिन जानवर अब तक वन विभाग की टीम से कोसों दूर है जिसके चलते क्षेत्रीय ग्रामीणों में भय का माहौल है कि इसी बीच उसी गांव के निवासी प्रकाश पुत्र शिवदयाल उम्र 32 वर्ष बुधवार की सुबह करीब 09ः00 बजे खेत पर अपने परिवारजनों के साथ गेहूं काट रहा था तभी अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया जिसमें सिर में गंभीर चोट आई मौके पर उपस्थित लोगों के द्वारा किसी तरह से बचाया गया। घायल अवस्था में प्रकाश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर ले जाया गया जहां से डॉक्टरो द्वारा घायल की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल सीतापुर रेफर कर दिया । घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम के द्वारा घायल किसान प्रकाश से मिलने रेंजर अभिषेक सिंह व उनकी टीम अस्पताल पहुंची तथा उनके परिजनों से मिलकर के हर संभव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया गया। किसके साथी बाघ को पकड़ने के लिए एक और पिंजरा लगाने की तैयारी की जा रही है इसके साथ ही घटना स्थल के आसपास कैमरा भी लगाया गया है।

घटना की सूचना मिलने पर शुक्रवार को उप प्रभागीय वन अधिकारी विकास यादव भी रेंजर अभिषेक सिंह डिप्टी रेंजर हरीश श्रीवास्तव व उनकी पूरी टीम के साथ ग्राम रावल अदेसर में पहुंचकर अन्य दूसरा पिंजरा व कैमरा लगाने के बाद चिलचिलाती धूप में कांबिंग करते नजर आए।

इस घटना के संबंध में क्षेत्रीय वन अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि 20 दिन से पिंजरा क्षेत्र में लगाया गया है पग चिन्हों के आधार पर बाघ के होने की संभावनाएं जताई जा रही है आज दूसरे पिंजड़े के साथ-साथ कैमरा भी लगाया गया है कई बार पिंजरे के आसपास तक बाघ आया लेकिन अब तक पकड़ा नहीं जा सका । उन्होंने क्षेत्रीय ग्रामीण व किसानों के बीच जाकर के वन्य जीवो से सुरक्षित रहने व उनसे आकस्मिक हमले से निपटने के संबंध में सूचना पत्रक भी वितरित किया इसके साथ लोगों को जागरुक करते हुए लाठी डंडों व धारदार हथियारों सहित समूहबद्ध रहकर अपने खेती किसानी के कार्यों को निपटने की बात भी कही इसी के साथ वन विभाग द्वारा सघन कांबिंग और बाघ के पकड़ने का प्रयास निरंतर जारी है वन विभाग की एक टीम मौके पर मुस्तैदी के साथ लगी हुई है।

### पहलगाम शहीदों की याद में निकाला कैंडल मार्च,दी श्रद्धांजलि

**बिसवां (सीतापुर)।** विगत दिनों पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में बिसवां तहसील के सदरपुर थाना अंतर्गत जहांगीराबाद कस्बे में देर शाम सैकड़ों की संख्या में जहांगीराबाद सहित आसपास के गांवों के नागरिकों, शिव कमेटी जहांगीराबाद के पदाधिकारियों और सदस्यों सहित विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष व हिन्दू शेर सेना आदि अन्य हिन्दू सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियां जलाकर हाथों में श्लोगन लिखी तख्तियां लेकर पाकिस्तान मुर्दाबाद....पाकिस्तान होश में आओ... आतंकवाद मुर्दाबाद... पाकिस्तान पर हमला करो.... व पाकिस्तान हाय हाय...आदि नारे लगाते हुए कैंडल मार्च निकाला जो कस्बे का भ्रमण करते हुए चौराहे पर स्थित शिव मंदिर के सामने पहुंचे जहां सभी शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि, पुष्पांजलि देकर मृतात्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर सदरपुर पुलिस के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।यह आयोजन शिव कमेटी की ओर से सम्पन्न हुआ।

## बंदरों का आतंक- मोहनलालगंज कस्बे में दहशत का माहौल, बुजुर्ग महिला पर हमला कर किया घायल

**● निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर सम्पन्न**

स्वतंत्र प्रभात



**मोहनलालगंज (लखनऊ)।** मोहनलालगंज कस्बे में बंदरों का आतंक दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। बीते कई महीनों से बंदरों के झुंड ने स्थानीय लोगों का जीना दुश्वार कर रखा है। आए दिन राह चलते लोगों पर हमले, घरों में घुसकर तोड़फोड़ और छतों से सामान उठाकर भागने की घटनाएं आम हो गई हैं। अब तक कई लोग बंदरों के हमलों में घायल हो चुके हैं। ताजा मामला शुक्रवार सुबह का है, जब कस्बा निवासी 96 वर्षीय रामकुमारी देवी पर बंदरों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। रामकुमारी सुबह लगभग साढ़े पांच बजे पूजा के लिए पानी लेने समरसेबिल चला रही थीं, तभी दो बंदरों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। उन्होंने बुरी तरह काटकर उन्हें लहुलुहान कर दिया। परिजन उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले गए।

इससे पहले भी ऐसी ही घटना में पास ही रहने वाले अरुण चतुर्वेदी को बंदरों ने काटकर घायल कर दिया था। अरुण का कहना है कि बंदरों की वजह से अब लोग अपने घरों की छतों और आंगन तक में सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। बच्चों ने घर के बाहर खेलना बंद कर दिया है और लोग खुले में कपड़े सुखाने तक से कतरा रहे हैं।

स्थानीय लोगों के मुताबिक बंदर घरों की छतों पर लगे पानी की टंकियों के ढक्कन तक तोड़ देते हैं और छतों या आंगन में रखा सामान उठाकर भाग जाते हैं। इससे रोजाना कोई न कोई नुकसान होता है। लोग अब खुद ही छतों और बालकनी में जालियां लगवाकर सुरक्षा के उपाय करने को मजबूर हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि नगर पंचायत और वन विभाग दोनों इस मुद्दे पर एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। लोगों ने कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि बंदरों के इस आतंक को रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से उचित कदम उठाए जाएं, ताकि आमजन चैन की सांस ले सके।

## नशे में धुत दबंगों सगे भाइयों ने घर में घुसकर मारपीट, कुल्हाड़ी से किया घायल...

स्वतंत्र प्रभात



**मोहनलालगंज।** लखनऊ, मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के माधवखेड़ा गांव में दो दबंग भाइयों ने पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति के घर में घुसकर धार दार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित ओमप्रकाश पुत्र स्वर्गीय सिंह नारायण ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार की रात्रि करीब 10 बजे मनोज व रवि पुत्रगण रमेश, जो कि आपस में सगे भाई हैं, नशे की हालत में कुल्हाड़ी और फरसा लेकर उसके घर में घुस आए और उस पर जानलेवा हमला कर दिया।पीड़ित के अनुसार, दो दिन पहले भी दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी, जिसे गांव वालों ने मामले को शांत करा दिया था। लेकिन बीते 23 अप्रैल को रात्रि को दोनों फिर से आक्रामक हो गए और हमला कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने पूरे घर को श्मशान बना देने और सबको काट डालने की धमकी दी। वही घायल अवस्था में पड़े ओमप्रकाश को मरा समझकर दोनों हमलावर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पीड़ित को उपचार के लिए भेजा गया। पीड़ित ने पुलिस से मामले में तत्काल कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है। वही कोतवाली में तैनात दरोगा आनंद राय अंबेडकर ने पीड़ित को उल्टे ही डरा धमका कर मामले को हल्का करने के लिए तहरीर बदलने का दबाव बनाया फिर पीड़ित से अपने सामने तहरीर बदलवा कर आश्वासन दिया कि अब मुकदमा दर्ज कर।दिया जाएगा। वही इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया कि जांच कर मामला दर्ज किया जाएगा।

## नगर के किसान की बेटी ने हाई स्कूल में प्रथम स्थान हासिल कर नाम रोशन किया

**● सीबीजी इंटर कॉलेज आफ साइंस की छात्रा का प्रधानाचार्य ने मुंह मीठा कराकर हौसला अफजाई किया**

स्वतंत्र प्रभात




**बेनीगंज/हरदोई-** हाई स्कूल इंटरमीडिएट का आज रिजल्ट घोषित होते ही जहां टॉप आने वाले छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई वहीं फेल हुए छात्रों में मायूसी नजर आई। बेनीगंज गांधी इंटर कॉलेज हाई स्कूल की छात्रा प्रतिष्ठा श्रीवास्तव ने स्कूल में 90.66% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। और एक किसान की बेटी होने और अपनी मेहनत पर काम करने वाली छात्रा ने कहा कि मैं एक दिन जिले का ही नहीं बल्कि पूरे देश का नाम रोशन करेंगे। वहीं पिता आशीष चित्रांशी ने बेटी को प्रथम स्थान मिलने पर माला पहनाकर मुंह मीठा कराया और उज्जवल भविष्य की कामना की है। माता दीपशिखा अस्थाना ने बेटी की इस बड़ी सफलता पर हौसला अफजाई किया। सीबीजी इंटर कॉलेज आफ साइंस हाई स्कूल की छात्रा आस्था देवी ने 90.33% अंकों के साथ प्रथम दूसरे स्थान पर तन्मय तिवारी 87.33% अंक हासिल किया तीसरे स्थान पर निर्भय वर्मा 84.83त्नअंक हासिल किया। विद्यालय के ही कक्षा 12 की छात्रा नैंसी वैश्य ने 82.80त्न अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरजेश तिवारी ने बच्चों की इस लगन मेहनत रिजल्ट परिणाम को लेकर उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं प्रेषित की और उनका मुंह मीठा करवाया। कोटपाल सिंह आदर्श कन्या इंटर कॉलेज अटिया मझिगवां प्रधानाचार्य शिव शंकर वैश्य ने बताया इस बार हाई स्कूल का परसेंटेज 93% रहा इंटरमीडिएट का 82% रहा। हाई स्कूल के छात्र अभिनव मिश्रा प्रथम स्थान पर रहे वहीं विद्यालय के ही इंटरमीडिएट के छात्र अरुण मौर्य प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हमारी ओर से शुभकामनाएं।

## राष्ट्रीय ध्वज का अपमान- कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर शहीद स्मारक परिसर पर लहरा रहा फटा तिरंगा

**● प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के चलते शहीद स्मारक परिसर पर लंबे समय से बना हुआ है यह दृश्य**

स्वतंत्र प्रभात



**लालगंज (रायबरेली)।** सरेनी कस्बे में स्थित शहीद स्मारक परिसर पर इन दिनों एक बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक दृश्य देखने को मिल रहा है। सरेनी कोतवाली से महज चंद कदमों की दूरी पर स्थित शहीद स्मारक परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फटा हुआ लहरा रहा है,जो कि न सिर्फ संविधान की भावना का उल्लंघन है,बल्कि देश के वीर शहीदों का भी अपमान है जिनकी स्मृति में यह स्मारक बनाया गया है।गौरतलब है कि राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित नियम 'फ्लैग कोड ऑफ इंडिया' के तहत किसी भी सार्वजनिक स्थान पर फटा या मैला तिरंगा लहराना गैरकानूनी है।इसके बावजूद जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के चलते शहीद स्मारक परिसर पर यह दृश्य लंबे समय से बना हुआ है।स्थानीय नागरिकों में इसको लेकर भारी रोष है।लोगों का कहना है कि जहां एक ओर सरकार "हर घर तिरंगा" जैसे अभियानों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति का संदेश देती है,वहीं दूसरी ओर शहीदों की याद में बने स्मारकों पर तिरंगे के इस तरह के अपमान की अनदेखी करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि इस मामले का संज्ञान लेकर फटे हुए तिरंगे को तुरंत हटाकर उसकी जगह नया, सम्मानजनक तिरंगा लगाया जाए।साथ ही, शहीद स्मारकों की उचित देखभाल सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।यह मामला सिर्फ एक ध्वज का नहीं,बल्कि देश की आत्मा और गौरव से जुड़ा हुआ है।प्रशासन को चाहिए कि वह शीघ्र कार्रवाई कर जनता की भावनाओं का सम्मान करे।

## श्री जानकी प्रसाद इंटर कॉलेज कछौना पतसेनी के मेधावी छात्रों ने यूपी बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

स्वतंत्र प्रभात



**कछौना, हरदोई।** श्री जानकी प्रसाद इंटर कॉलेज कछौना की यूपी बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 के रिजल्ट में छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया, मेधावी छात्रा कोमल गुप्ता ने इंटरमीडिएट का परीक्षा में जिला की टॉप टेन सूची में 93.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। गुरुजनों विद्यालय परिवार व माता-पिता का मान बढ़ाया। कोमल गुप्ता कछौना कस्बा के मोहल्ला सदर बाजार की निवासिनी हैं। बरखा गुप्ता बेटी कंचन गुप्ता की सफलता में माता-पिता दोनों के अथक परिश्रम और मार्गदर्शन का बहुत योगदान रहा है। विद्यालय प्रबंधन शिक्षकों की कड़ी मेहनत से सफलता अर्जित की जिसमें मैथ शिक्षक आशुतोष कुमार का विशेष योगदान है कोमल गुप्ता भविष्य में इंजीनियर क्षेत्र में जाकर देश के आईआईटी में कंप्यूटर साइंस में योगदान के लिए नवाचार का देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचना है। श्री जानकी प्रसाद इंटर कॉलेज पतसेनी कछौना में हाईस्कूल में छात्र कृष्णा गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता ने 94.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया। छात्रा आराध्या गुप्ता पुत्र अभिषेक गुप्ता ने 94.33% अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा नैंसी वर्मा पुत्री मुकेश कुमार ने 90.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा सोनल गुप्ता पुत्री राकेश ने 90.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में छात्रा कोमल गुप्ता पुत्री कंचन गुप्ता ने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्र अभय गुप्ता पुत्र जगदीश गुप्ता ने 87.00 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्र जान्हवी आजाद पुत्री राम शंकर आजाद ने 86.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा वैष्णवी भारतीय पुत्री अमरनाथ ने 84.80त्न अंक अर्जित कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। सभी उत्तीर्ण छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन डॉक्टर शिवराज सिंह पटेल ने बधाई दी। उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। परीक्षा परिणाम से छात्राओं में काफी उत्साह है।

## पुलिस मुठभेड़ में तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार, एक बदमाश के पैर में लगी गोली

**गिरफ्तार बदमाश सराफा दुकानदार हरिओम सोनी को गोली मारकर जेवरात से भरा झोला लूट कर भागे थे**

**2 फरवरी को व्यापारी नेता प्रतीक शर्मा की रीता के गले की चेन लेकर भागे थे बदमाश।**

स्वतंत्र प्रभात



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बांदा-बहराइच मार्ग पर अंबारा पश्चिम मोड़ के पास बृहस्पतिवार की देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें पुलिस टीम ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास अवैध तमंचे व लूट का माल बरामद किया है। पकड़े गए तीनों बदमाश शातिर लुटेरे हैं। अन्य बदमाशों ने गत वर्ष 2 सितंबर को हरिओम सोनी को गोली मारकर जेवरातों से भरा झोला छीन कर भागे थे। वहीं गत 2 फरवरी को जीवनदीप टॉकीज के निकट कस्बा निवासिनी रीता शर्मा के गले की चेन झपट्टा मारकर भाग गए थे।

पुलिस चेकिंग के दौरान एसओजी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन संदिग्ध बाइक सवारों को घेर लिया। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश आदित्य वर्मा निवासी जूही थाना, मिलिट्री कैंप, कानपुर के बाएं पैर में गोली लग गई। घायल आदित्य के साथ दो और बदमाश दीपक कश्यप उर्फ राजेश उर्फ मोनू व अंकित उर्फ पवन पुत्र किशोरी लाल निवासी रतनपुर कॉलोनी, थाना पनकी कानपुर नगर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के पास से 20.9 ग्राम पीली धातु 245 ग्राम सफेद धातु, एक चेन, कान के जेवर व दो 315 बोर के तमंचे, एक खाली कारतूस, तीन जिंदा कारतूस बरामद हुआ। घटना में घायल बदमाश को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा किए। पुलिस की पूछताछ में तीनों बदमाशों ने कस्बा और आसपास के इलाकों में लूट व स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूली है। पुलिस अधीक्षक डॉ जसबीर सिंह ने बताया कि तीनों आरोपी शातिर बदमाश हैं। इनका गैंग लूट छिनैती, डकैती को अंजाम देता था। यह बदमाश मुख्य रूप से सुनारों और महिलाओं को टारगेट करते थे।

# पाकिस्तान ने भारत को कमजोर आंकने की बड़ी गलती

**भयानक खामीयाजा भुगतेगा पाकिस्तान।**

पहलगाम में पाक समर्थित आतंक वादियों ने भारतीयों की विनम्रता और सज्जनता को कमजोरी समझ 28 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी पर उन्हें इस बात का कतई भान नही है कि अब भारत इतना ताकतवर और सशक्त है कि आंतकवादियों और उनके आकाओं को आकाश से पाताल तक खोज कर पूरी तरह नष्ट करने की क्षमता रखता है इसके अलावा उसे अमेरिका,रूस,इजरायल, फ्रांस, कनाडा, ब्रिटेन, सऊदी अरब तथा खाड़ी के अधिकांश देशों के साथ पूरी दुनिया का आतंकवाद के खिलाफ खुला समर्थन प्राप्त है को सिर्फ चीन तुर्क का भी पूरा समर्थन प्राप्त नही है, आज भारत आर्थिक रूप से पाकिस्तान से कई गुना शक्तिशाली होकर विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ तीसरी बड़ी सामरिक ताकत भी है। ताजा जानकारियों के अनुसार पहलगाम हत्याकांड में शामिल आतंकवादी लश्कर का कश्मीर का लोकल लीडर आसिफ शेख और उसके साथी का घर सेना द्वारा बम से उड़ा दिया गया है भारत देश की सेना अब आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को तत्पर है आगे भारतीय सेना आतंकियों के खिलाफ एक निर्णायक लड़ाई लड़ने जा रही है जिसमें आतंकवादी और उनकी आतंकवादी सोच के लिए उनके पीछे खड़े तथाकथित ताकतवर आकाओं को के ठिकानों को समूल नष्ट कर दिया जाएगा। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान आई एसआई समर्थित लश्कर ए तैयबा, जैस ए मोहम्मद और दी रेसिस्टेंट फ्रंट जैसे आतंकवादी संगठन को पाकिस्तान में घुसकर तहस-नहस कर दिया जाएगा। पाकिस्तान और उसके समर्थित आतंकवादी संगठनों ने भारत की विनम्रता को कमजोरी समझने की जो भूल की है इसका खामियाजा न सिर्फ आतंकवादी संगठनों को भुगतना पड़ेगा बल्कि पाकिस्तान भी भारत और भारतीय सेना का निशान बनेगा। कूटनीतिक तौर पर भी भारत में चार बड़े फैसले करके पाकिस्तान को अधमरा कर दिया है जिसमें सबसे महत्वपूर्ण 1964 में हुये सिंधु जल समझौते के करार को रद्द कर दिया गया है सिंधु नदी का 80त जल का उपयोग पाकिस्तान अपने लिए करता है अब पाकिस्तान एक-एक बूंद पानी के लिए तरसेगा और उसका उत्पादन एवं आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी इसके अलावा पाकिस्तान दूतावास को भी भारत में बंद कर दिया गया है साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के आदेश दे दिए गए हैं एवं भविष्य में पाकिस्तानियों के लिए भारत का वीजा अमान्य कर दिया गया है। भारत और पाकिस्तान की सीमा में बाघा बॉर्डर के रास्ते को भी बंद कर दिया गया जिससे पाकिस्तान को भारी आर्थिक नुकसान होने की संभावना है और पाकिस्तान का आर्थिक ढांचा पूरी तरह से चरमरा जाएगा। भारत के इस कड़े फैसले से पाकिस्तान का मनोबल वैसे ही आधा टूट चुका है अब यदि भारतीय सेना पाकिस्तान पर सामरिक हमला करती है तो पाकिस्तान दर-दर का भिखारी होकर पूरी तरह टूटने की कगार पर आकर खड़ा हो जाएगा। वैसे भी भारत को इस तरह के कदम पहले ही उठा लेने चाहिए थे क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। भारत की संस्कृति एतिहासिक काल से विनम्रता,सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए।

समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरु करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजयी होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अहंकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा ,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सदुगण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है,या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अहंकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूप मंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति 'अधजल गगरी छलकत जाए' की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह ना आधा रह पाता है ना ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है। महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं, इस संदर्भ में कबीर ने बहुत अच्छी सूक्ति कही है

+बड़ा भया तो क्या भया जैसे पेड़ खजूर,
पंथी को छाया नहीं फल लागे अति दूर+

यदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अंहकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए ना कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फ़ल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए। विनम्रता,सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारते हैं और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है, क्योंकि अहंकारी व्यक्ति को किसी ज्ञान के प्रति स्वीकारोक्ति लगभग शून्य होती है। विनम्रता हो आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वतः निखार आने लगता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम राष्ट्रपति होने के बाद भी विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर उनसे संवाद करते थे जो उनकी महानता को सदैव पुनीत करता रहा और उसी विनम्रता सहृदयता के कारण उन्हें भारत रत्न की उपाधि देकर सम्मानित भी किया गया। ज्ञान का पिपासु व्यक्ति केवल सूचनाओं का भंडारण नहीं करता बल्कि वह उन्हें विनयशील भी बनाने का प्रयास करता है और यही विनम्रता विशाल हृदयता व्यक्ति को जीवन पथ पर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करती है। विनम्रता से ही व्यक्ति पात्रता ग्रहण करता है और विनम्रता ही व्यक्ति को सामाजिक व्यवस्था में महान बनाती है ताकि उसका जीवन लोकहित में समर्पित रहे। विनम्रता व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक पहलू है। यदि नेतृत्व करता विनम्र हो उसके नेतृत्व को जनता स्वीकार करती है तो उससे अच्छा एवं समर्थ नायक राष्ट्र में नहीं पैदा हो सकता है। विनम्र शील व्यक्ति जनता के विचारों को आत्मसात कर अपने आप को परिपक्व बनाता है तथा अपने नेतृत्व को एक सही दिशा देने का कार्य करता है। विनम्रता का सबसे बड़ा उदाहरण महात्मा गांधी थे राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए स्वतंत्रता रूपी एक लक्ष्य को प्राप्ति के लिए चुना था और अहिंसा महात्मा गांधी के दो आभूषण की तरह थे जो विनम्रता को और भी मजबूत करते थे। यही कारण है कि हमने उनके नेतृत्व में स्वतंत्रता प्राप्त की थी। विनम्र व्यक्ति सदा सुखी एवं संतुष्ट रहता है क्योंकि उसकी ना तो महत्वाकांक्षा होती है, ना प्रतिस्पर्धा,ना द्वेष,ईर्ष्या ना लोभ ही होता है। सभी सद्गुणों से संपन्न व्यक्ति न सिर्फ अपने लिए बल्कि समाज के लिए भी बहुत उपयोगी होता है। महात्मा बुद्ध के संदर्भ में एक बड़ा ही अनुकरणीय प्रसंग है कि जब वह ज्ञान प्राप्ति के लिए देशाटन में इधर-उधर विचरण कर रहे थे, तब लोगों ने उन पर पत्थर बरसाए उन्हें गालियां दी एवं उनको प्रताड़ित भी किया किंतु महात्मा बुद्ध इससे बिना विचलित हुए अपने कार्य तथा साधना की ओर अग्रसर होते हुए उन्होंने अंततः मां निर्वाण प्राप्त किया। और उनका ज्ञान का भंडार आज भी करोड़ों लोगों के लिए मार्गदर्शक बना हुआ है। विनम्रता और सदाशयता वह महान गुण है एवं क्षमता है जो किसी भी व्यक्ति या समाज का हृदय परिवर्तन कर सकती और जीवन को सार्थकता की ओर ले जा सकती जिस मार्ग पर चलकर व्यक्ति बहुत बड़ा एवं महान हो जाता है विनय शीलता ही मोक्ष है अर्थात विनम्र व्यक्ति जीवन में सार्थकता और जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। विनम्रता तो व्यक्ति को धरातल से लेकर उठाकर हवा की तरह गगन के उस क्षेत्र में ले जाती है जहां वह सर्वोच्च कहे जाने वाले पर्वत से भी ऊंचा पहुंच जाता है। समाज का कुछ वर्ग विनम्रता को व्यक्ति की कमजोरी समझने का मुगालता पाल लेता है और इसी विनम्रता से ओतप्रोत व्यक्ति का आकार से दमन करने का प्रयास करता है किंतु यह एक सत्य बात है कि सत्य को कभी दबाया नहीं जा सकता ना ही प्राप्त किया जा सकता है, उसी तरह विनम्रता की शक्ति इतनी व्यापक होती है के पर्वत के समान कठोर बाधा भी दूर किसके सामने हो जाती है हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने विनम्रता के साथ ब्रिटिश बाधा को नेस्तनाबूद कर दिया था। विनम्रता और सहिष्णुता ही है जिसने हमारी भारतीय संस्कृति को हजारों वर्षों से शाश्वत बना के रखा है। किसी व्यक्ति समाज और किसी राष्ट्र के लिए विनम्रता सहिष्णुता और विचार शीलता ऐसे महान गुण उसे विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर कर सकते हैं।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## भटके बादल , कहाँ गरजे, कहाँ बरसेंगे ?




हैरान मत होइए, मेरे निशाने में आज भी कोई बदलाव नहीं है । मै आज भी अपने प्राणप्रिय प्रधानमंत्री जी की ही बात कर रहा हूँ। आपको पढ़ना हो तो पढ़िए और न पढ़ना हो तो मत पढ़िए। मुझे अपने भाग्यविधाता उन भटके हुए बादलों की तरह नजर आ रहे हैं जिन्हें अपने गरजने और बरसने के ठिकानों का पता नहीं है। पहलगाम के नृशंस हादसे के बाद मोदी जी से उम्मीद थी कि वे रात 8 बजे दूरदर्शन पर दर्शन देंगे,या फिर पहलगाम में मौकाए वारदात पर नजर आएंगे,किन्तु ऐसा नहीं हुआ। वे आवारा बादलों की तरह उड़कर सीधे बिहार पहुँच गए। और बिहार के मधुबनी में मैथली में नहीं अंग्रेजी में बरसे और जमकर बरसे। ये कोई व्यंग्य की बात नहीं है। ये हकीकत है और पूरे देश और दुनिया ने माननीय मोदी जी को मधुबनी में गरजते हुए देखा है। उन्होंने मधुबनी में हिंदी में या मैथली में नहीं बल्कि अंग्रेजी में भाषण दिया । मंच चुनाव की सभा का था। सामने गैर अंग्रेजी समझने वाले लोग थे लेकिन मोदी जी अंग्रेजी में बरसे । उन्होंने आतंकवादियों को चेतावनी दी की 'वी टार्गेटिड,आइडेंटिफाइड एंड पनिश्ड। 'मुझे लगा कि मोदी जी को पता है की पहलगाम में नृशंस हत्याकांड करने वाले आतंकवादी हिंदी या उर्दू या मैथिली नहीं जानते, वे केवल अंग्रेजी जानते हैं इसलिए उन्हें अंग्रेजी में ही धमकाया जाए। मुमकिन है कि माननीय मोदी जी भूल गए हों कि वे मधुबनी की चुनावी सभा में नहीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में बोल रहे हैं और वहां अंग्रेजी में ही बोलने से दुनिया उनकी बात समझेगी।

मुमकिन है कि मोदी जी का प्रयोग कामयाब भी हो जाये । उनकी चेतावनी को आतंकवादी और पाकिस्तान दोनों समझ गए हों और भारत की और से संभावित जबाबी कार्रवाई से बचने में जुट गए हों। पाकिस्तान को पता है कि मोदी जी खाली बादल नहीं हैं, वे गरजे हैं तो कहीं न कहीं बरसेंगे भी। मोदी जी को बरसना भी चाहिए अन्यथा जनता उन्हें और उनकी पार्टी को एकदम से ख़ारिज कर देगी। मोदी जी के सामने हिन्दुओं के जख्मों पार मरहम लगाने के साथ ही पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी से भी बड़ी जंग छेड़ना होगी। बात अब जंग से कम पर हो ही नहीं सकती। भारत सरकार द्वारा पहलगाम हत्याकांड के फौरन बाद उठाये गए कदमों से पाकिस्तान में बौखलाहट है । भारत ने सिंधु जल समझौता रद्द किया तो पाकिस्तान शिला समझौता रद्द करने की धमकी दे रहा है ,हालाँकि अभी उसने ऐसा किया नहीं है। हम तो कहते हैं कि पाकिस्तान कोजो करना है वो करे,लेकिन हमें जो भी करना है हम भी करें और निर्णायक ढंग से करें। हम पहलगाम हत्याकांड को बिहार चुनाव के लिए मुद्दा बनाने की गलतीं करें। लेकिन ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा । माननीय मोदी जी ने तमाम रोकटोकी के बावजूद पहलगाम गत्यकांड को चुनावी मुद्दा बना ही दिया। वे बिहार में भी इस नृशंस हत्याकांड के सहारे ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी पूरे 11 साल से ध्रुवीकरण में लगी है । ध्रुवीकरण भाजपा और प्रधानमंत्री जी का प्रिय खेल है। वे पहलगाम हत्याकांड के बाद पूरे देश को एक ध्रुव पर लाने के बजाय केवल हिन्दुओं का ध्रुवीकरण कर रहे हैं। जनभावनाओं के विरुद्ध जाकर मोदी जी और उनकी सरकार जिस तरह से ध्रुवीकरण का खेल खेल रही है उससे आतांकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई कमजोर हो सकती है। मोदी जी को अभी एक देश ,एक चुनाव की तरह पूरे देश को एक सूत्र में बांधने की कोशिश करना चाहिए थी लेकिन हो उलटा रहा है। हत्याकांड पाक सेना द्वारा प्रशिक्षित आतंकवादियों ने किया और सजा दी जा रही है भारत के मुसलमानों को जबकि पहली बार देश भर में मुसलमान तक इस हत्याकांड के खिलाफ एकजुट नजर आ रहे हैं।

मैंने पहले दिन ही ये आशंका जताई थी कि भाजपा और हमारी लंगड़ी सरकार पहलगाम गत्याकाण्ड का इस्तेमाल चुनावों के लिए ठीक उसी तरह करेगी,जैसे की उसने पुलवामा काण्ड का किया था। पुलवामा के शहीदों की तस्वीरें चुनावी सभाओं में खुलकर लगाई गयीं थीं। न केंद्रीय चुनाव आयोग सरकार और भाजपा को रोक पाया था और न अदालतें। आज भी यही सब हो रहा है। खुद मोदी जी ने पहलगाम हत्याकांड का इस्तेमाल बिहार विधानसभा के चुनावों के लिए किया। बेहतर होता कि वे बिहार विधानसभा चुनावों को भूलकर पहलगाम हत्याकांड का जबाब देने में अपना समय खर्च करते ,किन्तु ऐसा नहीं किया गया। मोदी जी ने एक बार फिर अपने मन की कर दी। बधाई उन्हें, क्योंकि आलोचनाओं का और विरोध का तो मोदी जी पर कोई असर पड़ता ही नहीं है। मोदी जी का तो ट्रेक रिकार्ड रहा है कि वे जहाँ जाना होता है ,वहां भूलकर भी नहीं जाते और जहां नहीं जाना चाहिए वहां सबसे पहले जाते हैं। आपको याद होगा कि ढाई साल से जल रहे मणिपुर में मोदी जी नहीं गए तो नहीं गए। उन्हें मुर्शिदाबाद और मालदा के दंगों के बाद बंगाल नहीं जाना था,वे नहीं गये । उन्हें पहलगाम जाना चाहिए था किन्तु नहीं गये । अब ये ड्यूटी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी निभा रहे हैं। राहुल अमरीका से वापस लौटे हैं और सीधे श्रीनगर जा रहे हैं। उनके जाने से क्या होगा और क्या नहीं ये वे जानें लेकिन मैं इतना कह सकता हूँ कि राहुल ने अक्ल से काम लिया है। वे भी श्रीनगर न जाकर मधुबनी से पीड़ितों के प्रति अपनी सहानुभूति का प्रदर्शन कर सकते थे, लेकिन वे मधुबनी नहीं गए। वे मोदी जी का पीछा नहीं कर रहे हैं ,फिर भी पूरी भाजपा जितना पाकिस्तान से नहीं डरती उससे कहीं ज्यादा कांग्रेस और राहुल गाँधी से डरती है। अंततोगत्वा मुझे उम्मीद है कि मोदी जी पाकिस्तान को सबक जरूर सिखाएंगे । हम सब उनके साथ हैं क्योंकि मसला देश की सम्प्रभुता,एकता और अखंडता से जुड़ा है। इस मामले पर हम कोई राजनीति नहींकरना चाहते ,किसी को भी नहीं करना चाहिये । राहुल गाँधी को भी भी नहीं औरमोदी जी को भी नहीं। किन्तु मुझेपता है कि मेरे जैसे अदने से लेखक की बात मानता कौन है ? न माने लेकिन मै अपना काम कर रहा हों और मैं कोई भटका बादल नहीं हूँ की गरजूं कहीं और और बरसूं कहीं और।

**राकेश अचल**

# पाकिस्तान को कड़ा सबक देना जरूरी है



जिस तरह पहलगाम में अपने देश में अपनी ही धरती पर हमारे छिपे गद्दारों की मदद से निर्दोष हिन्दू पर्यटकों का धार्मिक पहचान के बाद बहशियाना नरसंहार किया गया है वह अक्षम्य है। अपनी दशकों पुरानी छदम युद्ध की हरकतों से बाज नहीं आ रहे आतंकी देश पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत ने जिस प्रकार से कड़े कदम उठाए हैं, इसकी जरूरत काफी पहले से ही महसूस की जा रही थी। खुद आतंकवाद का दंश झेल रहा यह देश सरकारी और तैयार आतंकियों के जरिये भारत को बार-चार गहरे जख्म देने की नापाक नीति पर चल रहा है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली है। इसका प्रमुख सैफुल्लाह रावलकोट का रहने वाला है और खुफिया एजेंसियों को इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस हमले में पाकिस्तान का हाथ है। यही कारण है कि अब भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कई कड़े कदम उठाए हैं।आप को बता दें कि भारत ने एक तरफ से पाकिस्तान को कूटनीतिक स्ट्राइक किया है, जिसका पाकिस्तान पर काफी गंभीर असर पड़ेगा और पहले से ही कंगाल पाकिस्तान और कंगाली के तरफ बढ़ेगा। भारत ने सबसे बड़ा कदम उठाते हुए सिंधु जल समझौता स्थगित कर दिया है, वो भी तब तक जब तक कि पाकिस्तान आतंकवाद से तौबा न कर ले। नदियों के जल बंटवारे के लिए भारत और पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्था में की थी। इस सौंध पर कराची में 19 सितंबर 1960 को भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपत्ति अयूब खान ने हस्ताक्षर किए थे। 1960 में हुए सिंधु जल समझौते के बाद से भारत और पाकिस्तान में कश्मीर मुद्दे को लेकर तनाव बना हुआ है। हर प्रकार के असहमति और विवादों का निपटारा संधि के ढांचे के भीतर प्रदत्त कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से किया गया है। यह समझौता भारत और पाकिस्तान के बीच कई युद्ध होने के बाद भी बना हुआ था। मगर जब पानी सिर के ऊपर से बहने लगा है, तो भारत ने कदम उठाया है। यही कारण है कि देश के इस कदम को कई एक्सपर्ट पहले बाटर युद्ध की शुरुआत बता रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सिंधु जल समझौता भारत के लिए एक गलती की तरह से है। इस समझौते से पाकिस्तान को 6 नदियों का ज्यादातर पानी मिल गया। उन्होंने बताया कि साल 2016 में पीएम मोदी ने उरी आतंकी हमले के बाद कहा था कि 'खून और पानी एक साथ नहीं यह सकते हैं। 'मोदी सरकार को यह सिंधु जल समझौता सस्पेंड करने का फैसला लेने में 8 साल लग गया। दरअसल ब्रिटिश शासन में दक्षिण पंजाब में सिंधु नदी घाटी पर एक बड़ी नहर बनाई गई थी। इसके चलते इस क्षेत्र के किसानों को बहुत फायदा हुआ और यह एक प्रमुख कृषि क्षेत्र बनकर उभरा। 1947 में भारत के बंटवारे के बाद पंजाब भी दो हिस्सों में विभाजित हो गया। पूर्वी पंजाब भारत में आया, जबकि पश्चिमी पंजाब पाकिस्तान में चला गया। इसके दौरान सिंधु नदी घाटी और इसकी नहरों का भी बंटवारा किया गया। इससे मिलने वाले जल के लिए पाकिस्तान पूरी तरह भारत पर निर्भर था। पानी के प्रवाह को बनाए रखने के उद्देश्य से 20 दिसंबर 1947 को पूर्वी और पश्चिमी पंजाब के चीफ इंजीनियरों के बीच एक समझौता हुआ, जिसमें तय हुआ कि देश के विभाजन से पहले निर्धारित निश्चित जल का हिस्सा भारत 31 मार्च 1948 तक पाकिस्तान को देता रहेगा। समझौता खत्म होने के बाद भारत ने 1 अप्रैल 1948 को दो नहरों का पानी रोक दिया, जिससे पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में लाखों एकड़ कृषि भूमि के लिए सिंचाई जल मिलना काफी मुश्किल हो गया। हालांकि, दोनों देशों के बीच बाद में हुए समझौते के बाद भारत पानी छोड़ने पर सहमत हो गया। संधि के अनुसार भारत को पूर्वी नदियों राबी, ब्यास और सतलुज का पानी मिलता है, जबकि पाकिस्तान को पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब का पानी मिलता है। यह संधि पाकिस्तान के लिए इसलिए फायदेमंद है, क्योंकि इन नदियों से कुल जल प्रवाह का लगभग 80 प्रतिशत उसे प्राप्त होता है, जो पाकिस्तान में विशेष रूप से पंजाब और सिंध प्रांतों में कृषि के लिए महत्वपूर्ण है। पाकिस्तान की 80 प्रतिशत खेती योग्य भूमि यानी लगभग 16 मिलियन हेक्टेयर सिंधु नदी प्रणाली के पानी पर निर्भर है। इस पानी का 93 प्रतिशत हिस्सा सिंचाई के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जो देश की कृषि के लिए मुफीद है। सिंधु जल संधि 237 मिलियन से अधिक लोगों का भरण-पोषण करती है, जिसमें पाकिस्तान की सिंधु बेसिन की आबादी का 61 प्रतिशत हिस्सा है। यही कारण है कि इस समझौते से पीछे हटने के बाद पाकिस्तान बौखला गया है और भारत को धमकी दे रहा है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने एक मई से अटारी बॉर्डर बंद करने का ऐलान किया है। जो लोग वैध तरीके के साथ सीमा पार कर चुके हैं, वे 1 मई 2025 से पहले उस मार्ग से वापस आ सकते हैं। अठारी वाघा सीमा भारत और पाकिस्तान के बीच सड़क मार्ग से होने वाले व्यापार का प्रमुख केंद्र है। 2019 में भारत द्वारा पाकिस्तान को मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा वापस लेने और व्यापारिक रिश्तों में कटौती के बाद भी कुछ वस्तुओं ताजे फल, सीमेंट और टमाटर का आयात-निर्यात इस सीमा के जरिए होता रहा है। इस चेकपोस्ट के बंद होने से पाकिस्तान को भारत से टमाटर, चीनी, चाय और अन्य आवश्यक वस्तुओं का आयात प्रभावित होगा, जिससे वहां इन वस्तुओं की कीमतें बड़ सकती हैं। भारत ने नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा/सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को 'व्यक्ति गैर-वांछित 'घोषित किया गया है और उन्हें भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। दोनों उच्चायोगों से सेवा सलाहकारों के पांच सहायक कर्मचारियों को भी वापस बुलाया जाएगा। इसका असर होगा कि पाकिस्तान की इंटरनेशनल बेइज्जती होगी। उस पर आतंकवादी देश होने का तमगा और मजबूत होगा। हर देश उससे दूरी बनाकर रखना चाहेगा और उसके नागरिकों को दूसरे देशों में आतंकवादी होने के शक में चीजा लेने में दिक्कत होगी, जो दूसरे देशों में रह रहे हैं, उन्हें भी संदेह की नजरों से देखा जाएगा। पाकिस्तान में कोई निवेश नहीं करना चाहेगा। भारत में स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के कर्मचारियों की कुल संख्या को वर्तमान 55 से घटाकर 30 कर दिया जाएगा। ये 01 मई 2025 तक किया जाना है। इससे पाकिस्तान पर कूटनीतिक दबाव बढ़ेगा। पाकिस्तान उच्चायोग के जरिए आतंकवादियों की मदद करता रहा है। साथ ही भारत विरोधी लोगों को अलग-अलग तरीके से फंड करता रहा है। अब इन कर्मचारियों की कमी की वजह से उसके गलत कामों में कमी आएगी। साथ ही उसकी इंटरनेशनल बेईन्जती भी होगी। इसके अलावा पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क बीजा छूट योजना (एसबीईएस) वीजा के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पाकिस्तानी नागरिकों को अतीत में जारी किए गए किसी भी एसवीईएस वीजा को रद्द माना जाएगा। सिर्फ इतना ही नहीं भारत और भी कड़े कदम उठा सकता है। आतंकी देश कभी सुधरने वाला नहीं है, इसलिए इस देश को सबक सिखाना जरूरी है।आने वाले दिनों में आतंकवाद के फन को और अधिक सख्ती से कुचलने की जरूरत है वहीं सुरक्षा बलों को अधिक मुस्तैद होने की आवश्यकता है ।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# जब दर्द सरहदें लांघता है, तो जवाब भी वैश्विक होना चाहिए

**आतंकवाद- एक वैश्विक दानव, जिसके खिलाफ विश्व को जागना होगा**



जब किसी देश की धरती पर मासूमों का लहू बहाया जाता है, तो वह केवल एक राष्ट्र की त्रासदी नहीं होती-वह पूरी मानवता की हार होती है। जम्मू-कश्मीर में हुआ हालिया आतंकी हमला भी ऐसा ही एक अमानवीय कृत्य था, जिसने न केवल भारत को, बल्कि पूरे विश्व को झकझोर कर रख दिया। यह हमला हमें याद दिलाता है कि आतंकवाद अब सीमाओं में कैद नहीं रहा, यह एक वैश्विक दानव बन चुका है, जो कहीं भी, किसी भी समय अपने नापाक पंजे फैला सकता है। और यही कारण है कि इस लड़ाई में केवल संवेदना और निंदा पर्याप्त नहीं-अब समय है निर्णायक और एकजुट कदमों का। आतंकवाद का यह चेहरा नया नहीं है। दशकों से भारत इस आग में झुलस रहा है। जम्मू-कश्मीर, जो कभी अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांति के लिए जाना जाता था, आज बारूद और खून की कहानियां बयां करता है। हर हमले के बाद एक ही सिलसिला दोहराया जाता है-नेता निंदा करते हैं, संवेदनाएं व्यक्त की जाती हैं, और फिर कुछ समय बाद सब कुछ सामान्य हो जाता है। लेकिन क्या यह सामान्य स्थिति वाकई सामान्य है? क्या हम इस सच को स्वीकार कर सकते हैं कि निर्दोषों की जानें यूं ही जाती रहें और हम केवल शोक मनाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लें? नहीं, यह समय अब और चुप रहने का नहीं है। यह समय है उस व्यवस्था को बदलने का, जो आतंकवाद को बार-बार मौका देती है।

आतंकवाद की जड़ें गहरी हैं। यह केवल हथियारों और हिंसा तक सीमित नहीं है। इसके पीछे एक विचारधारा है, जो नफरत और असहिष्णुता को बढ़ावा देती है। यह विचारधारा सीमाओं के पार फैलती है और उन देशों से पोषण पाती है जो आतंकवाद को अपने राजनैतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। जम्मू-कश्मीर में हुए इस हमले ने एक बार फिर उन देशों की ओर ध्यान खींचा है जो आतंकियों को पनाह देते हैं, उन्हें हथियार और आर्थिक मदद देते हैं। क्या ऐसे देशों को जवाबदेह ठहराने का समय नहीं आ गया है? क्या अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अब यह स्पष्ट संदेश नहीं देना चाहिए कि आतंकवाद का समर्थन करने वालों को भी उसी तरह सजा मिलेगी, जैसे आतंकियों को? लेकिन यह जिम्मेदारी केवल भारत की नहीं है। आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है, और इसका समाधान भी वैश्विक स्तर पर ही संभव है। आज भारत में निर्दोष मारे जा रहे हैं, कल यह किसी और देश में हो सकता है। आतंकवाद किसी धर्म, जाति या देश को नहीं देखता-यह केवल तबाही मचाता है। इसलिए हर उस देश को, जो शांति और मानवता में विश्वास रखता है, इस लड़ाई में साथ आना होगा। अंतरराष्ट्रीय सहयोग, साझा खुफिया जानकारी, और आतंकी वित्त पोषण पर सख्त नियंत्रण-ये कुछ ऐसे कदम हैं जो इस दिशा में तुरंत उठाए जाने चाहिए। साथ ही, डिजिटल मंचों पर फैल रही कट्टरता को रोकने के लिए भी कड़े कदम उठाने होंगे, क्योंकि आज आतंकवाद की भर्ती और प्रचार का सबसे बड़ा हथियार इंटरनेट बन चुका है।

इस लड़ाई में सरकारों के साथ-साथ आम लोगों की भी अहम भूमिका है। हमें अपने समाज में उन तत्वों को पहचानना होगा जो नफरत और हिंसा को बढ़ावा देते हैं। शिक्षा और जागरूकता के जरिए हमें अपने बच्चों को यह सिखाना होगा कि हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। हमें उन्हें सहिष्णुता, करुणा और एकता की भावना देनी होगी, ताकि वे भविष्य में नफरत की इस आग को और न भड़कने दें। साथ ही, हमें उन सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को भी दूर करना होगा, जो अक्सर युवाओं को आतंकवाद की राह पर धकेल देती हैं। जब तक हम इन मूलभूत समस्याओं को हल नहीं करेंगे, तब तक आतंकवाद की जड़ें खत्म करना मुश्किल होगा। जम्मू-कश्मीर में हुए इस हमले ने एक बार फिर हमें यह सोचने पर मजबूर किया है कि आखिर कब तक हम इस तरह की त्रासदियों को सहते रहेंगे? हर बार जब कोई मासूम अपनी जान गंवाता है, तो वह केवल एक परिवार का नुकसान नहीं होता-वह हमारी सामूहिक संवेदनशीलता का नुकसान होता है। हमें यह समझना होगा कि आतंकवाद के खिलाफ यह लड़ाई केवल सेना या सरकार की नहीं है, यह हम सबकी लड़ाई है। हमें अपने स्तर पर भी उन छोटे-छोटे कदमों को उठाना होगा, जो इस जंग में बड़ा बदलाव ला सकते हैं-चाहे वह अपने आसपास फैल रही नफरत को रोकना हो, या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देना हो।

आज विश्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़े। अगर हम अपने राजनैतिक और कूटनीतिक स्वार्थों में उलझे रहे, तो यह आग एक दिन हमें भी अपनी चपेट में ले लेगी। हमें यह समझना होगा कि आतंकवाद के खिलाफ यह युद्ध लंबा हो सकता है, लेकिन इसे जीतना असंभव नहीं है। इसके लिए हमें दृढ़ संकल्प, साहस और एकजुटता की जरूरत है। हमें यह संदेश देना होगा कि हम न केवल आतंकवाद की निंदा करते हैं, बल्कि इसके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने को भी तैयार हैं। जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए उन मासूमों और वीर जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम इस लड़ाई को अंत तक लड़ें। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी कुर्बानी व्यर्थ न जाए। यह समय केवल शोक मनाने का नहीं, बल्कि उस दृढ़ संकल्प को जगाने का है, जो आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंके। हमें यह संकल्प लेना होगा कि चाहे कितनी भी मुश्किलें आएं, हम इस जंग को जीतकर ही दम लेंगे। क्योंकि यह लड़ाई केवल भारत की नहीं, बल्कि पूरी मानवता की है। और इस लड़ाई में हर वह शख्स, हर वह देश शामिल होना चाहिए, जो शांति और न्याय में विश्वास रखता है। अब वक्त है कदम उठाने का, क्योंकि इतिहास हमें माफ नहीं करेगा अगर हमने इस मौके पर चुप्पी साध ली। अब दुनिया को एक होकर सिर्फ यह नहीं कहना है कि "हम निंदा करते हैं"। अब उसे कहना है-"हम कार्रवाई करेंगे, और आतंकवाद को समाप्त कर के ही दम लेंगे।" यही हमारी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी उन मासूमों को, जो आतंक की भेंट चढ़ गए।

**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अकीदत के साथ मनाया सैय्यद बाबा का सालाना उर्स

**भाटपार रानी, देवरिया।** भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के खामपार गांव स्थित सैय्यद सलाफुद्दीन शाह बाबा का दो दिवसीय सालाना उर्स अकीदत के साथ मनाई गई। इस दौरान उर्स के पहले दिन जलसा का आयोजन हुआ, जिसमें तमाम उलेमा-ए- कराम व शोरा-ए-इस्लाम ने हिस्सा लिया।इस दौरान तकरीर व नातख़्वानी से माहौल खुशनुमा हो गया। उर्स के दूसरे दिन बाबा के मजार पर चादरपोशी कर मुल्क व समाज की खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं गई।इस दौरान कव्वाली का आयोजन भी हुआ।उर्स के दौरान हिंदू -मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों की भागीदारी रही।इससे कौमी एकता झलक उठी।यहां उर्स कमेटी सदर गुलाम मुहम्मद, जाहिद सहित काफ़ी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

### सपा के फ्रंटलों ने निकाला कैंडल मार्च

**देवरिया।** शहर के सुभाष चौक पर समाजवादी युवा फ्रंटल संगठनों के तत्वाधान में कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा की गई निर्दोष लोगों की कायरतापूर्ण हत्या के विरोध में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। इस दौरान युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष दिव्यांश श्रीवास्तव,छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मनोज यादव,अजय यादव,शिवनाथ यादव, हरिकेवल यादव, दयाशंकर यादव, सूरज, अभिषेक, धीरज, बाल्मीकि, दुर्गेश, काका चौधरी, बलवंत यादव, लारेब रहमान, सुहेल अंसारी, सूरज यादव, पंकज,बृजेश पासवान, ज्ञान चंद्र यादव इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### पडरौना रेलवे क्रॉसिंग बंद, रूट डायवर्ट

**कुशीनगर ।** पडरौना रेलवे क्रासिंग पर बने रहे अंडरपास निर्माण कार्य के लिए रेलवे ने अपने तरफ से हरी झंडी दे दिया। इसके लिए सभी वाहनों का आवागमन रोका गया है। जिसके चलते कोतवाली चौक से लेकर रेलवे ढाले तक का रूट का डायवर्जन किया है। इसके लिए पडरौना शहर के शिवराम पैलेस होटल के पुरब साईड के निकट गुप्ता लॉज से होकर बने नए बायपास रोड रेलवे डाला से होते हुए कोतवाली पडरौना जाने वाली सभी वाहन को शिवराम पैलेस होटल के पुरुब के साइड रेलवे डाला रोड होते हुए सभी वाहने जाते हुए नजर आई ।

### बिल्ली रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय में मिला जुगैल निवासी का शव




**संदिग्ध परिस्थितियों में जुगैल निवासी की मौत, रेलवे प्रशासन पर लापरवाही का आरोप**

**ओबरा सोनभद्र।** स्थानीय बिल्ली रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय में गुरुवार देर रात एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूत्रों के अनुसार मृतक की पहचान राजकुमार खरवार उर्फ घंमड़ी पुत्र हरि खरवार निवासी जुगैल के रूप में हुई। जो कि आसपास के इलाके में रह कर अपना जीवन व्यतीत कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राजकुमार पिछले कई दिनों से बिल्ली रेलवे स्टेशन परिसर में ही रह रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने उसे बुधवार की रात भी प्रतीक्षालय में सोते हुए देखा था। गुरुवार को वह पूरे दिन वहीं लेटा रहा गुरुवार जब रात करीब 8 बजे कुछ स्थानीय लोग स्टेशन पर पहुंचे तो उन्होंने राजकुमार को मृत पाया। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों का गुस्सा रेलवे प्रशासन पर फूट पड़ा है। आसपास के लोगों ने रेलवे प्रशासन पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया। स्थानियों का कहना है कि स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल केवल दिखावे के लिए मौजूद है। लोगों का यह भी आरोप है कि यदि रेलवे कर्मचारियों ने प्रतीक्षालय में सो रहे राजकुमार की निगरानी की होती तो शायद उसकी जान बचाई जा सकती थी। सुबह से लेकर शाम तक वह वहीं सोया रहा लेकिन किसी भी रेलवे अधिकारी या कर्मचारी ने उसकी सुध नहीं ली। घटना की सूचना मिलते ही बिल्ली स्टेशन पर जीआरपी पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले कर विविध कार्यवाही में जुट गई ।

# गोरखपुर ग्रामीण के सितारों ने चमकाया रामपुरवा इंटर कॉलेज का नाम, बोर्ड परीक्षा में रचा इतिहास!

**स्वतंत्र प्रभात**

**ख़जनी-** गांव की मिट्टी में पलकर आसमान छूने का सपना देखने वाले गोरखपुर ग्रामीण के नन्हे सितारों ने बोर्ड परीक्षा में ऐसा कमाल किया कि हर तरफ उनकी चर्चा है! ख़जनी क्षेत्र के स्थित रामपुरवा इंटर कॉलेज के मेधावी छात्रों ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया।

**12वीं के टॉपर्स- गजब का जोश, गजब का स्कोर!**

शिवम यादव (पिता- हरिकृष्णा यादव) और अनूप कुमार यादव (पिता- शंभूनाथ यादव) ने 401 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल कर तहलका मचा दिया। श्रीजल ने 395 अंक, दीपक कुमार (पिता- बाबूराम) ने 388 अंक और ज्योति (पिता- ओमप्रकाश) ने 385 अंकों के साथ टॉपर्स की सूची में जगह बनाई। रबिना कुमारी ने 362 अंकों के साथ अपनी मेहनत का लोहा मनवाया।

**10वीं के टॉपर्स- छोटी उम्र, बड़ा कारनामा!**

अनामिका (पिता- धर्मराज सिंह) ने 556 अंकों के साथ पहला स्थान पक्का किया।हर्षिता पांडे (पिता- अनिल पांडे) ने 543 अंक और आदर्श यादव (पिता- रमेश यादव) ने 531 अंकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया।गांव की गलियों से निकला टैलेंट का सैलाब विद्यायल के प्रबंधक प्रह्लाद यादव ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में स्थित रामपुरवा इंटर कालेज के इन होनहारों ने साबित कर दिया कि संसाधनों की कमी मेहनत के आगे बौनी है। सुबह-शाम खेतों में माता-पिता का हाथ बंटाने से लेकर रात में लैंप की रोशनी में पढ़ाई करने तक, इन बच्चों की कहानियां प्रेरणा से भरी हैं।

**प्रधानाचार्य का गर्व भरा बयान**

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ महानन्द



द्विवेदी ने गदगद होकर कहा, ÷हमारे बच्चों ने दिखा दिया कि ग्रामीण क्षेत्र का टैलेंट किसी से कम नहीं। यह सफलता पूरे गोरखपुर के लिए गर्व का पल है।"खुशी की लहर, सपनों को नया पंख स्कूल में जश्न का माहौल है। शिक्षक, अभिभावक और गांव वाले इन बच्चों की सफलता पर फूले नहीं समा रहे। स्थानीय लोग कहते हैं, "रामपुरवा के ये बच्चे अब पूरे जिले के लिए मिसाल बन गए हैं।

**क्या है इनकी सफलता का राज?**

छात्रों का कहना है कि शिक्षकों का मार्गदर्शन, माता-पिता का साथ और उनकी अपनी जिद ने उन्हें यह मुकाम दिलाया। टॉपर शिवम यादव ने बताया, "मैं रात में 2-3 घंटे पढ़ता था, बस यही सोचकर कि अपने गांव का नाम रोशन करना है।"रामपुरवा इंटर कॉलेज ने साबित कर दिया कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं। इन बच्चों की कामयाबी न सिर्फ गोरखपुर, बल्कि पूरे देश के ग्रामीण छात्रों के लिए एक मिसाल है।

# पहलगाम में भीषण नर संहार के विरोध में कांग्रेस का कैंडल मार्च

**स्वतंत्र प्रभात**

**देवरिया।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बेगुनाह पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से पूरे देश में आक्रोश है। दल और मजहब से ऊपर उठकर इस आतंकी घटना के लिए जिम्मेवार लोगों पर बड़ी कार्रवाई की मांग सरकार से कांग्रेसी कर रहे हैं। पहलगाम के आंतकी हमलें को कायरता पूर्ण और अमानवीय करार देते हुए जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन'ने कहा कि अब समय आ गया है कि इस घटना के पिछे जो भी शामिल है, उन्हें कठोर दण्ड दिया जाए, दलगत भावना से ऊपर उठकर जम्मू-कश्मीर से आंतकवाद को खत्म करें। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों लिए श्रद्धांजलि एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। टाउन हॉल कार्यालय से चल कर सुभाष चौक होते हुए रामलीला मैदान शहीद स्मारक तक



कैंडल मार्च निकाला गया एवं दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पुर्व जिलाध्यक्ष राधवेंद्र सिंह 'राकेश', जयदीप त्रिपाठी, नौशाद खान एपी, अरविन्द शाही, धर्मेंद्र पाण्डेय, संजीव कुमार मिश्रा,जुलेखा खातून, निर्मला वर्मा, रीता देवी, भरत मणि त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह, चंदू वर्मा, रत्नेश मल्ल, नागेंद्र शुक्ला, सुनील तिवारी, विजय शंकर मिश्र, सत्य प्रकाश मणि, विनोद दुबे, आलोक त्रिपाठी, सुनील दूबे, कमलेश मिश्रा, गिरीराज तिवारी, मिर्जा खुर्शीद, जयप्रकाश पाल, पन्नालाल पाठक, संदीप पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मार्च में शामिल हुए।

# बैतालपुर चीनी मिल चलाने को लेकर किसान लड़ेंगे आर पार की लड़ाई- ब्रजेन्द्र

**स्वतंत्र प्रभात**

**देवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में में बैतालपुर चीनी मिल को चलाने हेतु कलेक्ट्रेट में किसानों द्वारा चलाया जा रहा धरना 150 वें दिन जारी रहा। समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि देश में सर्वाधिक चीनी मिल वाला जिला देवरिया आज चीनी मिल के लिए तरस रहा है जहां कभी 14 चीनी मिलें हुआ करती थीं। बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए बेची गई थी परंतु मिल क्रेता, विक्रेता तथा तत्कालीन सरकार की दुर्भि संधि के चलते अपने अनुबंध के अनुसार मिल नहीं चली और वर्तमान सरकार ने तो अपने उदासीनता की सीमा पार किया है नहीं तो सुबे के मुख्यमंत्री चार-चार बार देवरिया जिले में घोषणा करते हैं कि बैतालपुर में चीनी कंपलेक्स बनाएंगे,



परन्तु उनकी आवाज आम आदमी जैसी प्रतीत होती है। जिम्मेदार घृतराष्ट्र बने हुए हैं। बैतालपुर चीनी मिल चलाने हेतु जल्दी निर्णय नहीं किया जाता है तो किसान आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। इस अवसर पर विकास दूबे, राम इकबाल चौहान, राम प्रकाश सिंह, रत्नेश मिश्रा, राजू चौहान, बरकत अली, रामनिवास पांडेय, विजय कुमार सिंह ,अवधेश मणि त्रिपाठी, उमेश कुमार सिंह, शंभू नाथ तिवारी, पन्नीलाल चौहान, विजय शंकर कर्मयोगी, बृजेंद्र कुमार पांडे, रत्नेश मिश्रा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में मस्जिद में लोगों ने काली पट्टी बांधकर जताया आक्रोश



**सीतापुर-** सीतापुर शहर की आलमनगर जामा मस्जिद में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में,ढ्रुरू के जिला उपाध्यक्ष शादाब गाज़ी, समाजसेवी शालू, शादाब अहमद, शबी गाज़ी, नफीस गाज़ी समेत अनेक लोगों ने अपने हाथों पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने हमले में मारे गए निर्दोष हिन्दुस्तानियों को श्रद्धांजलि दी और सरकार से आतंकियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता और पूरे देश को एकजुट होकर इसके खिलाफ आवाज़ बुलंद करनी चाहिए।

# सिकरीगंज के जद्दूपट्टी में विधायक ने किया निजी अस्पताल का उद्घाटन, ग्रामीणों को मिलेगा बेहतर इलाज

**स्वतंत्र प्रभात**

**सिकरीगंज- गोरखूपुर।** सिकरीगंज देहात क्षेत्र के जद्दूपट्टी गांव में शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई पहल की गई। सहजनवा विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप शुक्ला ने नव-निर्मित आयुष्मान हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक प्रदीप शुक्ल ने कहा कि इस अस्पताल के शुरू होने से ग्रामीणों को इलाज के लिए अब शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ यह अस्पताल क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण और त्वरित इलाज उपलब्ध कराएगा। विधायक ने कहा, "स्वास्थ्य हर व्यक्ति का अधिकार है, और यह अस्पताल क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ा कदम है। अब लोगों को समय पर इलाज और आपातकालीन सेवाएं पास में ही मिलेंगी।"उद्घाटन समारोह में डॉ. सोनाली चंद, जयवीर सिंह, सूरज सिंह, चंदन सिंह, सुनील सिंह, इंद्रजीत सिंह, हरिनारायण सिंह, सतीश चंद, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, सतीश त्रिपाठी और सतेन्द्र सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे गांव के लिए "स्वास्थ्य सेवा का वरदान"बताया। ग्रामीणों का मानना है कि अब इलाज में होने वाली देरी और लंबी यात्रा की परेशानी से उन्हें राहत मिलेगी। यह अस्पताल आने



वाले समय में न सिर्फ इलाज का केंद्र बनेगा, बल्कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता फैलाने का भी माध्यम साबित होगा।

# गोरखपुर के गोलाबाजार में 'छतमार 'चोरों का आतंक- थाना से 500 मीटर दूरी पर स्थित मकान को बनाया निशाना

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोला बाजार –** गोरखपुर जनपद के गोला उपनगर में गुरुवार व शुक्रवार की चोरों ने फिल्मी अंदाज में ऐसी वारदात को अंजाम दिया कि इलाके में सनसनी फैल गई। बेवरी वार्ड नंबर तीन में रामजानकी मंदिर के पीछे शीला देवी के घर को निशाना बनाकर चोरों ने नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। रात का 'चोरनामा'- गुरुवार रात, जब शीला देवी का परिवार गहरी नींद में था, शातिर चोरों ने दीवार फांदी, सीढ़ियों का सहारा लिया और छत के रास्ते घर में दाखिल हो गए। मंगलसूत्र, झुमके, टप्स, अंगूठी, चांदी की पायल और 36 हजार रुपये नकद लूटकर वे हवा में गायब हो गए। सुबह जब परिवार की आंख खुली, तो बिखरा सामान और खाली



अलमारी देखकर होश उड़ गए।थाना पास, फिर भी चोर बेफिक्र- सबसे हैरान करने वाली बात? यह वारदात गोला थाने से महज 500 मीटर दूर हुई, जहां रात में पुलिस गश्त भी चल रही थी। फिर भी चोरों ने बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दिया, मानो पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हों।पुलिस का एक्शन- सूचना मिलते ही 112 नंबर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच शुरू हो चुकी है, लेकिन चोरों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला। सीसीटीवी फुटेज और आसपास के गवाहों से सुराग तलाशने की कोशिश जारी है।

**लोगों में दहशत, छतें भी असुरक्षित?**

इस 'छतमार स्टाइल'ने इलाके में खौफ पैदा कर दिया है। लोग अब अपनी छतों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। सोशल मीडिया पर भी यह खबर वायरल हो रही है, "थाना पास, फिर भी चोरों का खास!"सवाल बरकरार- क्या पुलिस की गश्त व्यवस्था में कोई खामी है? छतों से चोरी की बढ़ती वारदातों को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे? क्या गोरखपुर में अब रातें भी सुरक्षित नहीं रहीं? यह वारदात न सिर्फ पुलिस के लिए चुनौती है, बल्कि हर उस परिवार के लिए अलर्ट कर रहा है , जो रात में चैन की नींद सोता है। चोरों की इस 'रात की कहानी'ने गोलाबाजार को हिलाकर रख दिया है!

### कश्मीर में शहीदों को जांबाज पूर्व सैनिकों ने दी श्रद्धांजलि



**अलीगढ़।** जांबाज पूर्व सैनिक सेवा समिति अलीगढ़ उत्तर प्रदेश द्वारा पहलगाम कश्मीर में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल एवं अन्य निर्दोष लोगों को राजा महेंद्र प्रताप सिंह पार्क तस्वीर महल चौराहा पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च किया गया औरए.डी.एम सिटी को ज्ञापन सौंपा गया। महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नादर ने बताया कि पाकिस्तान ने जो कायराना हरकत करके पहलगाम में भारतीय निर्दोष लोगों पर आतंकवादी हमला करवाया है उसके लिए अलीगढ़ के समस्त पूर्व सैनिकों में अत्यधिक रोष भरा हुआ है। जांबाज संगठन एवं अन्य पूर्व सैनिकों ने माननीय प्रधानमंत्री से इस नरसंहार का बदला लेने एवं कार्यवाही करने की मांग की है।

# काश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरे देश मे आक्रोश- व्यास

**स्वतंत्र प्रभात**

**देवरिया।** काश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरे देश मे आक्रोश की लहर दौड़ पडी है। सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने व्यथित मन से हमले मे हताहत लोगों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा की इस विकट परिस्थिति मे समुचा देश मृतकों के परिजनों के साथ खडा है। ईश्वर प्रभावित परिजनों को शक्ति व साहस प्रदान करें। श्री यादव ने घटना पर आक्रोश प्रकट करते हुए कहा की ऐसी कायराना व क्रुरता पूर्ण कार्य कोई राक्षसी प्रवृत्ति का व्यक्ति ही कर सकता है, सभ्य समाज में अमानवीय कृत्य का कोई स्थान नही है। जिलाध्यक्ष ने सरकार से मांग करते हुए कहा की प्रभावित जनों को उच्च चिकित्सीय सहायता एवं आर्थिक राहत उपलब्ध कराते हुए हमलावरों व उनके आकाओं को माकुल



जवाब दिया जाए। श्री यादव ने भाजपा सरकार की सुरक्षा नितियों को अक्षम करार देते हुए कहा की इस विपरित परिस्थिति मे समुचा देश सेना व सरकार के साथ खडा है पर सरकार भी सरकार को तत्काल अग्निवीर जैसी योजना समाप्त कर फौज मे पूर्ण कालिक भर्ती करते हुए भारतीय सेना को और मजबूत बनाना चाहिए।

### मुसलमानों ने काली पट्टी बांधकर अदा की नमाज

**अलीगढ़।** थाना बन्नादेवी इलाके के सराय रहमान स्थित बड़ी मस्जिद में मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा काली पट्टी बांधकर जुम्मे की नमाज को अदा किया गयाम मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा कहा गया कि जिस तरह से कश्मीर के पहलगाम में देशतगर्दो के द्वारा जो हमला किया गया है वह इसकी घोर निंदा करते हैं और पहलगाम में हुए शहीदों को काली पट्टी बांधकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वही मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा कहा गया कि वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करते हैं कि जिस तरीके से पाकिस्तान के द्वारा इस कृत्य को किया गया है बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस आतंकी हमले के बाद देश के प्रधानमंत्री पाकिस्तान की सरकार को मुंहतोड़ जवाब दें।

# पहलगाम नरसंहार रेणुकूट में हिन्दू संगठनों का आक्रोश, पाकिस्तान के खिलाफ सड़कों पर उतरा जनसैलाब

## रेणुकूट में पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ आक्रोश, हिन्दू संगठनों ने किया प्रचंड प्रदर्शन

**●रेणुकूट में हिन्दू संगठनों का उग्र प्रदर्शन, पाकिस्तान के खिलाफ फूटा गुस्सा**

**स्वतंत्र प्रभात**

**रेणुकूट, सोनभद्र।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हृदयविदारक आतंकी हमले के विरोध में गुरुवार को रेणुकूट में विभिन्न हिन्दू संगठनों और टीम निशा बबलू सिंह के सदस्यों ने सड़कों पर उतरकर ज़ोरदार प्रदर्शन किया। इस बर्बर हमले में 27 निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या कर दी गई थी, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक और गुस्से की लहर दौड़ गई है। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर और कलमा पढ़वाकर की गई इस घृणित हत्याकाण्ड की कड़ी निंदा की। उत्तेजित कार्यकर्ताओं ने ÷आतंकवाद मुर्दाबाद÷, ÷पाकिस्तान मुर्दाबाद÷ जैसे नारे लगाए और अपने हाथों में पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करती तख्तियां और बैनर लहराए।टीम निशा बबलू सिंह के सदस्य डब्लू सिंह ने ÷जय हिन्द, जय भारत÷ के उद्घोष के साथ इस अमानवीय कृत्य पर अपनी गहरी पीड़ा व्यक्त की।प्रदर्शनकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा निहत्थे और मासूम नागरिकों को निशाना बनाना और उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर उनकी जान लेना मानवता के इतिहास में एक काला अध्याय है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इस पर तत्काल और कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।उन्होंने भारत सरकार से भी पुरजोर मांग की कि वह पाकिस्तान और उसकी शह पर पल रहे आतंकवादी समूहों के खिलाफ निर्णायक सैन्य कार्रवाई करे, जिससे भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रदर्शनकारियों ने शहीद हुए निर्दोष लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और सरकार से पीड़ितों को हर संभव आर्थिक सहायता, सुरक्षा और मुआवजा प्रदान करने का आह्वान किया।

इस आक्रोशपूर्ण विरोध प्रदर्शन में रेणुकूट के विभिन्न हिन्दू संगठनों के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और टीम निशा बबलू सिंह के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आतंकवाद के खिलाफ अपनी बुलंद आवाज उठाई। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं से भी एकजुट होकर आतंकवाद की जहरीली विचारधारा के खिलाफ लड़ने और देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने की अपील की। यह शक्तिशाली प्रदर्शन पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के प्रति रेणुकूट क्षेत्र के नागरिकों के गहरे दुख, क्रोध और अटूट




एकता का स्पष्ट प्रमाण था।इसी क्रम में, नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष निशा सिंह ने पहलगाम में हुए इस जघन्य आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि धर्म पूछकर निर्दोषों की हत्या करना मानवता पर एक गहरा कलंक है। उन्होंने कहा कि भारतवासी हमेशा शांति और सद्भाव का संदेश देते हैं, जबकि पाकिस्तान आतंकवादियों का समर्थन करता है। निशा सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि अब इस अत्याचार को और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। उन्होंने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि वह इंसानियत को क्या समझेगा। निशा सिंह ने इस घृणित कृत्य के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह समय चुप रहने का नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने का है। उन्होंने भारत सरकार से भी इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने और पाकिस्तान को उसकी करतूतों का मुंहतोड़ जवाब देने की अपील की। उन्होंने यह दृढ़ संदेश दिया कि वे आतंकवाद के किसी भी रूप को स्वीकार नहीं करेंगे और अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने आतंकी गतिविधियों का समर्थन करने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की मांग की।विरोध प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष श्री गोपाल सिंह, राजेश सिंह, वीर बहादुर सिंह, मनीष मिश्रा, सत्यप्रकाश पाण्डेय, पंकज मिश्रा, पवन पांडेय, विजय प्रताप सिंह उर्फ डब्लू सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# आक्रोशित विहिप ने फूंका पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला

**स्वतंत्र प्रभात**

**नवाबगंज (गोंडा)-** पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए हमले को लेकर शुक्रवार को विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन का प्रभाव नवाबगंज में भी दिखा। आक्रोशित लोगों ने पाकिस्तान के पीएम का पुतला जलाते हुए नारेबाजी की। कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना को लेकर पूरा देश गम और आक्रोश से भरा हुआ है। शुक्रवार नवाबगंज में भी इसका असर दिखा। कस्बे के निकट स्थित पहलवान वीर मंदिर पर विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में दोपहर दो बजे एकत्र हुए। जिला सह संयोजक राहुल निषाद की अगुवाई में सभी लोग पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े। आतंकवादियों को फांसी दो व निर्दोष हिन्दुओं की हत्या बंद करो के गगनभेदी नारे के साथ सभी नगर के घंटाघर चौराहे पर पहुंचे। यहां पर विहिप के प्रखंड अध्यक्ष प्रेमनाथ मिश्र ने कहा कि पाकिस्तान की कायराना हरकत अब शिशुपाल के शतक



पूरा कर चुका है। इसका अंतिम संस्कार ही एक विकल्प है। देश में छिपे गद्दारो की पहचान कर उन्हें भी अंतिम गति को पहुँचाना ही होगा। लोगों ने पाकिस्तानी प्रधान मंत्री सहबाज शरीफ के पुतले व पाकिस्तान के झंडे को जलाते हुए आक्रोश प्रगट किया। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी राजेश तिवारी, जिला संयोजिका शिवानी सिंह, हनुमान तिवारी, वजीरगंज प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू कौशल,सुधांशु पांडेय, लाल दूबे, शंकरदयाल तिवारी,ऋषिकेश मिश्र, राजेश यादव, अशोक तिवारी, सत्यम, कैलास गुप्ता, रामलखन आदि लोग उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## प्राइवेट अस्पताल ने लील ली एक और जिंदगी



**मितौली खीरी, 25 अप्रैल-** प्राइवेट अस्पताल में आज एक पत्रकार के भाई की पत्नी की मौत हो गई। आपको बता दें कि लखीमपुर खीरी जिले के ब्लॉक एवम तहसील मितौली में लखीमपुर रोड पर कचियानी पुरवा स्थित मेडोलक्स हॉस्पिटल में इलाज के दौरान पत्रकार पंकज कुमार के भाई की पत्नी की मौत हो गई।इतना ही नहीं मृत अवस्था में हीं गंभीर हालत का झांसा देकर डॉ अनिल राज ने लखनऊ रेफर भी कर दिया। मृतका के हंगामा परिजन काट रहे है। परिजन डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। जबकि अपने आप को बचाने के लिए डॉक्टर ने अपने अस्पताल की गाड़ी से स्वयं लखनऊ भिजवाया था। पंकज कुमार गौतम पत्रकार के भाई की पत्नी की जान स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण गई। बगैर डिग्री डॉक्टर के सैकड़ो अस्पताल संचालित हो रहे हैं स्वास्थ्य विभाग जानकर भी अंजान बना हुआ है।

## पहलगाम हमले से आक्रोशित लोगों ने निकाला जुलूस



**मैलानी-खीरी।** जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 28 पर्यटकों की मृत्यु हो गई थी,जिसके विरोध में बृहस्पतिवार शाम 07:00 बजे मैलानी नगर और आस पास क्षेत्र के लोगों ने आम जन मानस के नेतृत्व में मैलानी रेलवे स्टेशन पर दो मिनट का मौन रखा और उसके बाद मशाल जलाकर जुलूस निकालते हुए विरोध प्रदर्शन किया।पर्यटकों पर आतंकियों ने उनसे यह पूंछ पूंछ कर कि इनमें से कौन कौन हिंदू है? कह कर गोलाबारी कर मार दिया था।इस घिनौने कृत्य से पूरा देश आक्रोशित है।जिसके चलते मैलानी नगर वासियों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद,पाकिस्तान मुर्दाबाद और वंदे मातरम् के नारे लगाते हुए मैलानी स्टेशन से तिराहे तक मशाल जुलूस निकाला।इस दौरान पुलिस बल भी उपस्थित रहा। इस अवसर पर मैलानी नगर पंचायत अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी,समाज सेवी भवानी शंकर माहेश्वरी, अल्प संख्यक जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा उर्फ राजा भैया, प्रदीप शर्मा उर्फ टिल्लू, संतोष, हरिहरदत्त मिश्र, सुरेंद्र मिश्र, सुभाष गोयल, अरविंद मिश्र, प्रताप सिंह रावत, अनीता कौर, सरस्वती धुरिया और आसमा बानो सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सनातन धर्म की अंजलि जिला टॉपर बनी

| SL | EXAM | DIST | DIST_NAME | UP RANK | ROLL_NO | STUDENT'S_NAME |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 409 | HIGH | 31 | LAKHIMPUR KHERI | 1 | 1250852467 | ANJALI |
| 410 | HIGH | 31 | LAKHIMPUR KHERI | 2 | 1250851950 | PIYUSH TIWARI |
| 411 | HIGH | 31 | LAKHIMPUR KHERI | 2 | 1250858773 | DIVYANSH SHRIVASTAV |
| 412 | HIGH | 31 | LAKHIMPUR KHERI | 3 | 1250851876 | ANSH KUMAR |
| 413 | HIGH | 31 | LAKHIMPUR KHERI | 3 | 1250852624 | SRISHTI TIWARI |
| 414 | HIGH | 31 | LAKHIMPUR KHERI | 4 | 1250876869 | ADRIKA VERMA |
| 415 | HIGH | 31 | LAKHIMPUR KHERI | 5 | 1250852034 | ANSHIKA VERMA |
| 416 | HIGH | 31 | LAKHIMPUR KHERI | 5 | 1250852047 | ARPITA SHARMA |
| 417 | HIGH | 31 | LAKHIMPUR KHERI | 5 | 1250855500 | SHUBH RASTOGI |
| 418 | HIGH | 31 | LAKHIMPUR KHERI | 5 | 1250858706 | ABHIJEET PAL |
| 419 | HIGH | 31 | LAKHIMPUR KHERI | 6 | 1250858215 | NITIN SINGH |
| 420 | HIGH | 31 | LAKHIMPUR KHERI | 7 | 1250867544 | LAKSHYA MISHRA |
| 421 | HIGH | 31 | LAKHIMPUR KHERI | 8 | 1250852010 | YOGESH KUMAR |
| 422 | HIGH | 31 | LAKHIMPUR KHERI | 8 | 1250856126 | UMA YADAV |

**लखीमपुर खीरी** सनातन धर्म इंटर कॉलेज मैं हाई स्कूल की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अंजलि ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है वही -दूसरे स्थान पर विद्या मंदिर गोला के पीयूष तिवारी रहे, दूसरे स्थान पर ही एसपीएस कालेज चौखड़िया के पीयूष तिवारी रहे। दोनों ने पाए 94.33 फीसदी अंक -तीसरे स्थान पर अंश कुमार रहे। विद्या मंदिर गोला के अंश ने पाए 93.83 फीसदी अंक। तीसरे पर ही सृष्टि तिवारी रहीं सनातन धर्म की। इसके भी 93.83 फीसदी अंक -चौथे स्थान पर रहीं आरएम ज्ञानदायिनी की अद्रिका वर्मा। पाए 93.67 फीसदी अंक -पांचवे स्थान पर 93.33 फीसदी अंक पाकर चार छात्रों ने बनाया स्थान -पांचवे नंबर पर अंशिका वर्मा विद्या मंदिर गोला, अर्पिता शर्मा विद्या मंदिर गोला -पांचवे पर ही अभिजीत पाल चौखड़िया से, शुभ रस्तोगी आदर्श विद्या मंदिर शास्त्रीनगर से रहे सभी छात्रों ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में अपने-अपने विद्यालयों का नाम रोशन किया है।

## सिटी हेल्थ केयर का उदघाटन हुजूर सैय्यद अनस मियां बिलग्राम शरीफ दने किया

**शाहजहांपुर।** सिटी हेल्थ केयर जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर का उद्घाटन बिलग्राम शरीफ के पीरों मुर्शिद हुजूर अनस मियां बिलग्राम सरकार द्वारा किया गया ।उद्घाटन में आए पीरो मुर्शिद हुजूर अनस मियां बिलग्राम सरकार का जलालाबाद सरजमी पर जोरदार स्वागत हुआ अस्पताल के संचालक डॉक्टर शराफत अली मंसूरी एवं गुलाम गौस ने अपने पीरो मुर्शीद हुजूर अनस मियां से अपने हक और बरकत के लिए दुआ करवाई जिसमे जलालाबाद के तमाम आलीमे दीन , हाफिज ए कुरान एवं उलमा करीम मौजूद रहे इसके अलावा तमाम समाजसेवी एवं अतिथि मौजूद रहे।

# लोकनिर्माण विभाग की हकीकत- पोर्टल पर नही देते हैं जिम्मेदार जवाब

● अगर दिया तब वह हवा हवाई किसी ने पलिया से किसी ने गोला का किया उल्लेख

सडक- नाली घोटाला में जवाब देने से कतराते है जिम्मेदार..जो जवाब दिया है इससे मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पूरी तरह से भ्रमित है...!

मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ने अगर ईमानदारी से वरिष्ठ अधिकारियों की टीम बनाकर कराई जांच तब होगें जिम्मेदार बेनकाब....!

मानकविहीन व गुणवत्ताहीन बनने वाली सडक बनते ही बिखर जाने बाद पैचवर्क के नाम पर सडक पर चकती लगाने के बाद वह भी हो चुकी ध्वस्त...!

तमाम बार शिकायत / सुझाव के बाद जांच पड़ताल हुई पर जूनियर इंजीनियर सुशील कुमार ने उच्च अधिकारियों को भ्रमित कर झूठ व असत्य जांच रिपोर्ट, सहायक अभियंता लोकनिर्माण विभाग ने भी अपनी आख्या देकर मामले को बंद कर दिया। यह सडक वर्ष 2023-24 में बनी थी...!




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** लोकनिर्माण विभाग लखीमपुर खीरी के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही व भ्रष्ट कार्यशैली के चलते वर्ष 2023 - 24 में बनी सडक बांकेगंज वाया कोरैया से होते हुए नेशनल हाइवे 173 गोला से खुटार मार्ग से सीधे जोडने का कार्य कराया गया था जिसकी देख भाल जूनियर इंजीनियर सुशील कुमार ने की थी यह सडकगढा मुक्त योजना के तहत बनाया जाना बताया जा रहा है।वर्ष 2023-2024 में लोकनिर्माण विभाग लखीमपुर खीरी के जूनियर इंजीनियर सुशील कुमार की देखरेख में कार्यदायी संस्था द्वारा बांकेगंज से कोरैयावायाखुटारमार्गजोकिनेशनल हाइवे से जोडने का कार्यकराया गया था जिसमें यह सडक बनने के कुछ समय बाद बिखरने लगी थी जिसकी शिकायत प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव लोकनिर्माण विभाग तथा आनलाइन व सोसल मीडिया के माध्यम से की जिसके बाद पैचवर्क कर रस्म अदायगी की गई जिसके बाद लोकनिर्माण विभाग के पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी और कई दैनिक समाचार पत्रों में खबर का प्रकाशन हुआ तब दुबारा पैचवर्क बनवाने का काम कराया गया पर देख रेख जूनियर इंजीनियर सुशील कुमार को दिया गया जिसमें घोटाला होते देख फिर शिकायत की गई तब सहायक अभियंता आर के वर्मा ने आकर शिकायतकर्ता से बातचीत की और पैचवर्क की जांच की जिसमें लोकनिर्माण विभाग के जेई की फटकार के बाद सही ढंग से पैचवर्क बनवाने की हिदायत दी पर उनके चले जाने के बाद जेई ने पैच वर्क काम बंद करा दिया। गौरतलब है कि लोकनिर्माण विभाग की सडक बनने के बाद दो साल तक सडक की जिम्मेदारी कार्यदायीसंस्था की होती है पर कार्यदायी संस्था ने सडक को गढामुक्त करने पर हांथ खड़े कर दिए और साफ इंकार करने पर जेई खामोश था क्योंकि सडक घोटाला में जेई की संलिप्तता थी।आज इस सडक की हालत यह है कि पूरी सडक टूटकर जर्जर हो चुकी है एक साल से कुछ समय अधिक होने के बाद सडक पर निकलना जोखिम भरा हुआ है व उत्तर प्रदेश सरकार का लाखों का बजट व्यय होने के बाद भी सडक की दयनीय हालत इस बात का प्रमाण है कि मानकविहीन व गुणवत्ताहीन सामग्री से बनाकर सरकारी धन का जमकर बंदरबांट किया गया है यह पहली सडक नहीं है जहां पर सडक निर्माण के तत्काल बाद बिखरने लगी थी इस जेई की कमोबेश सभी सडकें एक जैसी ही है इस लिए जूनियर इंजीनियर सुशील कुमार की भ्रष्ट कार्यशैली की जांच व बनने के बाद बिखरने वाली सडक की पडताल की व तहसील गोला के सामने नाली का निर्माण कराया गया जोकि पूरी तरह से मानकविहीन व गुणवत्ताहीन सामग्री से बनने के चलते नालियों की जलनिकासी बंद पड़ी है अवर अभियन्ता आलोक सिंह ने प्रयास किया पर वह जलनिकासी कराने में नाकाम साबित हो चुके हैं इसकी शिकायत करने पर तत्कालीन सहायक अभियंता ने लोकनिर्माण विभाग के पोर्टल पर जवाब दिया कि पलिया नगरपालिका परिषद इसकी समय समय पर सफाई व्यवस्था करती है इसकी दूरी 70 सत्तर किमी दूर है जबकि हकीकत यह है कि नालियों का निर्माण ग्राम पंचायत कोरैया तहसील गोला के अंतर्गत किया गया है? इसी प्रकार लखीमपुर मार्ग से भूतनाथ व उसके आसपास नालियों का जो निर्माण लोकनिर्माण विभाग द्वारा कराया गया है उसकी जलनिकासी बंद पड़ी है यह नाली मानकविहीन व गुणवत्ताहीन सामग्री से निर्मित हुई है इसकी शिकायत लोकनिर्माण विभाग के पोर्टल व दैनिक समाचार पत्रों में जब खबर का प्रकाशन किया गया तब सहायक अभियंता लोकनिर्माण विभाग अजय कुमार सिंह ने जवाब दिया है वह इस प्रकार है कि इस नाली का निर्माण मानक के अनुसार किया गया है इसकी सफाई नगरपालिका परिषद गोला द्वारा की जाती है यह भ्रामक व असत्य है? उच्च अधिकारियों को जो पोर्टल लोकनिर्माण विभाग पर जवाब दिया है वह पूर्ण रुप से गलत है? यह नाली का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया है और यह गोला देहात का क्षेत्र है?अगर सफाई व्यवस्था की बात जब गोला देहात को स्थान्तरित नही है तब स्थान्तरित बगैर वह सफाई पर हांथ खड़े कर दिया है।

इसी प्रकार गोला - कुकरा जंगल मार्ग पर जंगल बाहर लगभग तीन किमी तक सडक कागजों में बनीहै पर मौके पर जर्जर हो चुकी है इस संबंध में जूनियर इंजीनियर के अनुसार जल्दी निर्माण कार्य कराया जाएगा इसकी अगर जांच होगी तब लोकनिर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को लेने के देने पड़ सकते हैं। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश व लोकनिर्माण विभाग के पोर्टल पर शिकायत करने के बाद लोकनिर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया है इसकी जांच व कारवाई के लिए तीसरी बार शिकायत भेजी है। शिकायत में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, प्रमुख सचिव लोकनिर्माण विभाग से मांग की है कि लखनऊ स्तर से टीम का गठन कर जांच कराने व लखनऊ से आने वाली टीम जांच के समय की खबर मिले तब मौके पर जाकर शिकायत कर्ता जांच-पड़ताल कराने के लिए तत्पर रहेगा। इसके बाद जब पलिया में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का आगमन होगा तब वहां पर शिकायत पत्र देकर हकीकत से अवगत कराने का प्रयास करुंगा अगर किन्हीकारण से माननीय मुख्यमंत्री महोदय उत्तर प्रदेश लखनऊ से मुलाकात नहीं हो सकी तब 2 मई को लखनऊ मिलने का प्रयास करुंगा। माननीय मुख्यमंत्री महोदय उत्तर प्रदेश से मिलने के लिए समय की मांग की है।

## यातायात प्रबंधन मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ के भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत ट्रैफिक प्लान तय

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी** मुख्यमन्त्री उ0 प्र0 योगी आदित्यनाथ का दिनांक- 26.04.2025 को जनपद लखीमपुर खीरी के पलिया स्थित (शारदा नदी पर निर्मित पलिया-भीरा रेलवे पुल संख्या-97) पर ड्रेजिंग साइट का स्थलीय निरीक्षण एवं अधिकारियों से चर्चा समय 14.00 बजे एक जनसभा को सम्बोधित किये जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। जनसभा सम्बोधन के पश्चात मुख्यमन्त्री 14.45 बजे पलिया एयर स्ट्रिप पर लैण्डिंग के पश्चात दुधवा नेशनल पार्क में 16.55 बजे तक दुधवा सफारी/ गेस्ट हाउस में उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पलिया में यातायत व्यवस्था के सुगम संचालन हेतु निम्न यातायत प्रबंधन जैसे पार्किंग स्थल, डायवर्जन, बैरियर व अन्य यातायात प्रबंधन के व्यापक प्रबंध किये गये हैं जिनका विवरण निम्नवत है।

**रूट डायवर्जन**

1-महेवागंज से पलिया की तरफ जाने वाले सभी वाहन प्रातः 07.00 बजे से निघासन होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे।

2-बस्तोली/ मैलानी तिराहा से पलिया की तरफ से आने वाले वाहनों का प्रवेश प्रातः 07.00 बजे से पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

3-गौरीफन्टा/चन्दनचौकी से पलिया की तरफ आने वाले भारी वाहन/ ट्रक/ बस का प्रवेश प्रातः 09.00 बजे से व दो पहिया, चार पहिया वाहनों का प्रवेश 11.00 बजे से पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

4-पलिया से गौरीफन्टा/ चन्दनचौकी की तरफ आने वाले भारी वाहन/ ट्रक/ बस का प्रवेश प्रातः 08.00 बजे से व दो पहिया, चार पहिया वाहनों का प्रवेश 11.00 बजे से पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

5-भीरा से पलिया व पलिया से भीरा आने वाले सभी वाहनों का आवागमन प्रातः 08.00 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक पूर्णतः प्रबंधित रहेगा । कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु व्यापक यातायात प्रबन्ध कराते हुए यातायात व्यवस्था डियूटियां लगई गयी हैं । यातायात से सम्बन्धित किसी भी समस्या के लिए यातायात कन्ट्रोल रूम के सीयूजी नम्बर 9454844045 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## 5 झोपड़ियों में लगी भीषण आग,अनाज-भूसा समेत घरेलू सामान जलकर राख



**शाहजहांपुर** अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के गांव भरथौली में शुक्रवार को दोपहर करीब 1 बजे भीषण आग लग गई। राजीव के कंडे के बठिया में अज्ञात कारणों से शुरू हुई आग तेज हवा के कारण आसपास की झोपड़ियों तक फैल गई। झोपड़िया में लगी भयानक रूप से आग लगी हुई को ग्रामीणों ने बुझाने का प्रयास और आग की चपेट में सेवाराम, राजीव, कमलेश, मदनपाल और धनपाल की झोपड़ियां आग की चपेट मे आ गई, आज से जली हुई झोपड़ियों में रखा समान भूसा, अनाज, बिस्तर, चारपाई सहित अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया,आग लगने की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास करने लगे। अल्लाहगंज क्षेत्र के गांव में लगी आग की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को बुलाया। दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने भी खेतों में लगे समरसिबल से पानी की मदद से आग बुझाने में सहयोग किया। हलका लेखपाल मोहम्मद आजम ने बताया कि वे मौके का निरीक्षण कर तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेजेंगे।

## हिंन्दू युवा वाहिनी के नेतृत्व में निकला कैंडल मार्च

● कश्मीर हमले से मैगलगंज इलाके में दिखा आक्रोश,सड़को पर उतरे लोग,

लगाए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे,मृतको को दी श्रंद्धाजलि,

जताया आक्रोश,लगाए हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारे।

स्वतंत्र प्रभात



**मैगलगंज खीरी** पहलगांव कांड में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने आज कैंडिल मार्च का आयोजन किया। यह मार्च हिंन्दू युवा वाहिनी संगठन के नेतृत्व में आयोजित किया गया,जिसमें मैगलगंज के पत्रकार साथी भी मौजूद रहे। जिसमें हिन्दू युवा वाहिनी निश नगर प्रभारी श्री प्रांशू शुक्ला, नगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, मीडिया प्रभारीविकाशगुप्ता, राजीव, रविअवस्थी, अमनशुक्ला, अमित, शुभम, शिवमशर्मा, अनुराग, राजन, हिमांशु, सौरभ, मनीष, कमल भारती, बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर अपनी संवेदना व्यक्त की। मार्च का उद्देश्य पीड़ित परिवार के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करना और समाज में जागरूकता फैलाना रहा। कार्यकर्ताओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर न्याय की मांग की और पीड़ितों के साथ खड़े होने का संदेश दिया।हम इस प्रकार की अमानवीय घटनाओं की कड़ी निंदा करते हैं और प्रशासन से मांग करते हैं कि दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। हिंदू युवा वाहिनी सदैव न्याय और मानवता के पक्ष में खड़ी रही है और आगे भी रहेगी।मार्च में शामिल सभी युवाओं ने शांति बनाए रखते हुए एकजुटता का प्रदर्शन किया और भविष्य में ऐसे कृत्यों के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने तीन वारण्टियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाहजहाँपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार में अपराध की रोकथाम व अवैध शराब एंव अवैध शस्त्र, मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले क्रियाशील एव चिन्हित किये गये अपराधियों, वांछित एव वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना रामचन्द्र मिशन के नेतृत्व में थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस की टीम को बडी कामयाबी मिली है।थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण बालिस्टर पुत्र मुंशीलाल नि0 ग्राम महोरा, थाना शाहाबाद जनपद हरदोई , सुखदेव पुत्र मुंशीलाल नि0 ग्राम महोरा, थाना शाहाबाद जनपद हरदोई पर अभियुक्तगण को मस्कन से एवं अभियुक्त शुभम पुत्र सर्वेश त्रिवेदी नि0मो0 सराय कांड्या, थाना रामचन्द्र मिशन पर अभियुक्त के मस्कन से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारण्टियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## 2 अप्रैल, प्रेमी संग भागी महिला, मां ने बंडा थाने मे, पति ने पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर

स्वतंत्र प्रभात

**बंडा/शाहजहांपुर** बंडा क्षेत्र के गुरसंडा रायपुर, में मीरा देवी पत्नी वर्मा दीन, ने 4 अप्रैल को बंडा थाने में तहरीर दी थी। आज तक प्रेमी संग भागी महिला का कोई सुराग नहीं मिला, तो वही पति राम विशेष ने तंग आकर पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत की है। मीरा देवी पत्नी वर्मादीन ने बताया कि मेरी लड़की रिचा देवी पत्नी राम विशेष निवासी ग्राम सपहा थाना शेर मऊ उत्तरी जिला पीलीभीत मेरे घर में मेहमानी खान आई थी, 4 अप्रैल को समय करीब 10:00 शाम मेरी लड़की रिचा मेरे दूर के रिश्तेदार आदर्श मिश्रा पुत्र मातादीन निवासी सपहा थाना उत्तरी शेरा मऊ जिला पीलीभीत बहला फुसलाकर भगा ले गया मेरी बेटी रिचा अपने साथ 2 वर्ष की लड़की तान्या को तथा माल जेवर 5000 नगद लेकर फरार हो गई। मीरा देवी पत्नी वर्मा दीन ने बताया कि हमारी लड़की रिचा देवी को भगाने में मेरे गांव के ही निवासी रामनिवास पुत्र मुंशीलाल का पूरा हाथ है। इधर प्रेमी संग भागी, महिला के पति राम विशेष पुत्र नरवेश कुमार निवासी ग्राम सपहा थाना शेरामऊ पीलीभीत ने पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर को लिखित शिकायत में बताया कि हमारी पत्नी रिचा अपने मायके ग्राम गुरसंडा रायपुर थाना बंडा जिला शाहजहांपुर आई थी 2 अप्रैल को समय करीब 10:00 बजे रात में आदर्श मिश्रा, निवासी थाना सहारा मऊ जिला पीलीभीत मेरी पत्नी रिचा को मनोज, निरजेश पुत्र मातादीन निवासी ग्राम सपहा, गुरसंडापुर के रामनिवास पुत्र मुंशीलाल थाना बंडा जिला शाहजहांपुर के सहयोग से हमारी पत्नी को भगा ले गया हमने काफी खोजबीन की किंतु कहीं पता नहीं चला थाना बंडा पर हमारी सासू मां मीरा देवी ने 4 अप्रैल तहरीर दी थी लेकिन हमारी पत्नी का कोई सुराग नहीं मिला , इसलिए हमने तंग आकर एसपी साहब से न्याय की गुहार लगायी है।

## भारतीय दलित पैंथर की कार्यकारिणी बैठक हुई संपन्न

सिद्धार्थ गौतम को जिला अध्यक्ष व अवधेश कुमार को बनाया गया जिला उपाध्यक्ष....!!!



**लखीमपुर खीरी।** दलित पेंथर संगठन की कार्यकारिणी की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई जिसमे जिला उपाध्यक्ष पद पर रहे सिद्धार्थ गौतम को जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। जनपद लखीमपुर खीरी मे भारतीय दलित पैंथर के राष्ट्रीय संयोजक मनोज कुमार भारती के निर्देशानुसार संगठन की कार्यकारिणी बैठक के का आयोजन किया गया जिसमे पदाधिकारियों की पदोन्नति की गयी और साथ मे ही नए सदस्यों को जोड़ा गया।पदोन्नति के दौरान लखीमपुर खीरी के जिला उपाध्यक्ष के पद पर रहे सिद्धार्थ गौतम को जिला अध्यक्ष का पद दिया गया और उनसे आशा की गयी कि वह संगठन के प्रति कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहेगे और अपने पद की गरिमा को बनाये रखेंगे। तदोपरांत अवधेश गौतम पसगवां को जिला उपाध्यक्ष के पद पर आशीन किया गया और उनके कर्तव्यों के प्रति शपथ दिलाई गयी।तथा साथ ही राष्ट्रीय संयोजक भारतीय दलित पैंथर मनोज कुमार भारती ने कहा जो जिले मे अन्य पद है वह अभी के लिए पूरी तरह स्थाई है और उनमे कोई भी फेरबदल नही किया गया है।

## जलालाबाद पुलिस 04 शातिर चोरो किया गिरफ्तार, 02 मोटर साईकिल व 01 अवैध देशी तमंचा कारतूस बरामद

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व चिन्हित किये गये अपराधियों/ वांछित/वारण्टी व रोकथाम मादक पदार्थ अवैध शराब शस्त्र, बिक्री- निर्माण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के कुशल पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक जलालाबाद के नेतृत्व में थाना जलालाबाद पुलिस को मिली बडी कामयाबी मिली है।थाना जलालाबाद पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण शिवम पुत्र मोहन निवासी ग्राम सरसई थाना पाली जनपद हरदोई, मोअज्जम सिद्दकी पुत्र नईम सिद्दकी नि0 मो0 वर्कजई थाना व कस्वा जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर, राजू पुत्र विष्णु नि0 मो0 वर्कजई कस्वा व थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर व , अमन पुत्र राजेन्द्र नि0 मो0 वर्कजई कस्वा व थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर को कल ग्राम मालूपुर के पास बने खण्डहर के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी की गयी 02 मोटर साईकिल स्प्लेंडर




प्लस रजि0 न0 UP 27 59762 चेचिस न0 MBLHA 10 AरूCHE66937 व इंजन न0 HA10 AMCHE66937 तथा मोटर साईकिल स्प्लेंडर बिना रजि0 न0 जिसका चेचिस नम्बर MBLHA12070HHD37849 व इंजन नम्बर HA10 AGHHD41304 व 01 अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 216/2025 धारा 317/(2)/ 338/336(3)/340 (2) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## गांव चलो अभियान के तहत ब्लॉक प्रमुख कार्यक्रम किया

**बरेली/**देश बा प्रदेश कि भाजपा सरकार के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज ब्लॉक भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने गांव चलो अभियान के तहत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए का कई ग्राम पंचायत में पहुंचकर लोगों को जागरूक किया वहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख का जोरदार स्वागत किया ब्लॉक प्रमुख ने भी देश व प्रदेश की सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जाने को लेकर ग्रामीणों को जानकारियां दी। इस कार्यक्रम के तहत सरकार का गांव चलो अभियान जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प पूरा करने के लिए रवि शंकर गंगवार ने आज अब्दला सिठौरा बिहारीपुर अब्दुल रहमान बड़ागांव आदि ग्राम पंचायत में गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों के बीच जाकर सरकार की दी गई सुविधाओं से अवगत कराया साथ ही लाभार्थियों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और भविष्य में भी सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया इनके साथ भाजपा के मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद गंगवार प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार एवं पार्टी के अनेकों कार्य करता उपस्थित थे।

## परशुराम मंदिर के पास अवैध निर्माण पर हुई कार्रवाई

● रामताल के किनारे बने दो दर्जन मकान ढहाए, सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों का बजट मिला

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद में स्थित परशुराम मंदिर के पास प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। रामताल के किनारे बने अवैध मकानों को बुलडोजर से ढहा दिया गया।और वही प्रशासन ने सुबह 8 बजे यह कार्रवाई शुरू की थी और इससे पहले अवैध निर्माण करने वालों को नोटिस दिया गया था,कार्रवाई के दौरान करीब दो दर्जन अवैध मकानों को गिराया गया। कुछ लोगों ने विरोध करने की कोशिश की। लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी में उन्हें वहां से हटा दिया गया।और सरकार ने परशुराम मंदिर और रामताल के सौंदर्याकरण के लिए करोड़ों रुपये का बजट दिया है। वहीं भाजपा नेता और कमेटी के अधिकारी मनमोहन उर्फ़ गोपाल द्विवेदी ने बताया कि 30 करोड़ मंदिर और रामताल के निर्माण के लिए आया हुआ है, वहीं प्रशासन की मदद से आज प्रथम स्थान के पास में बने रामपाल के चारों ओर अवैध निर्माण पर प्रशासन का बुलडोजर चला जिससे अवध निर्माण को गिरा दिया गया,इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम दुर्गेश यादव, तहसीलदार पैगाम हैदर और सीओ अमित चौरसिया मौजूद रहे। कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार रॉय के साथ आसपास के थानों की पुलिस भी तैनात रही। कार्रवाई दिनभर जारी रहने की संभावना है।



## अप्सरा नदी पर बना बांध हुआ जर्जर दे रहा मौत को दावत होगी किसी दिन बड़ी घटना जिम्मेदार पड़े मोहन

● ब्रिटिश शासन में कराया गया था इस बांध का निर्माण किसी समय हो सकता धराशाई

स्वतंत्र प्रभात





**बरेली/**जनपद के विकासखंड भदपुरा मैं स्थित क्यों लड़ियां मैं अप्सरा नदी पर बांध बनाकर शारदा सागर खंड शाहजहांपुर नहर का निर्माण किया गया था परन्तु इसकी आयु पूर्ण होने के बाद विभाग द्वारा इस बांध से होकर निकलने वाले बड़े वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था इसके लिए बांध के पश्चिम दिशा में आरसीसी के दो पल लगाए गए उनके ऊपर भी लोहे का इगल गया था जिसके कारण बड़े वाहनों का आवागमन बंद हो गया।

परंतु बड़े बाहन चालकों से साथ गांठ कर विभाग के कुछ अधिकारियों ने अब इसे पुन हा बड़े वाहनों के संचालित होने के लिए खुली छूट दे दी है जिसके कारण किसी भी दिन यह बाध धराशाई हो सकता है और बड़ी घटना घटित हो सकती है इस बांध से होकर इस क्षेत्र के लोग नवाबगंज बरेली आदि स्थानों पर जाते हैं इसी बात से होकर बच्चों की भारी बैन निकलती है बच्चे साइकिल एवं मोटरसाइकिल इत्यादि वाहनों से भी इसी बांध की छत से होकर निकल रहे हैं निकालने वालों की सुरक्षा की दृष्टि से बने बांध की दोनों दिशाओं में सुरक्षा दीवारें बरसों से टूटी पड़ी है जिन्हें विभाग ने ठीक करने की जरूरत नहीं जुटा गई इधर बाद में पड़ी दरारों को छुपाने के लिए विभाग इसकी पुताई करवा रहा है।

जिससे यह किसी को दिखाई ना दे के यह पुल अब जर्जर अवस्था में है इस बाबत जे ई सिंचाई अनूप कुमार सागर से दूरभाष पर हुई वार्ता के अनुसार उन्होंने बताया बांध की पुताई कराई जा रही है टूटी पड़ी सुरक्षा दीवारों को ठीक करवा दिया जाएगा सूत्रों की मां ने तो इस बांध का निर्माण वर्ष 1800 में कराया गया था जो अब गिरने के इंतजार में खड़ा है इसके निर्माण हेतु स्वर्गीय विधायक केसर सिंह गंगवार भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार वर्तमान विधायक डॉक्टर एमपी आर्य आदि ने भी इसके निर्माण के लिए पहल की परंतु कोई भी कार्यवाही नहीं हो सकी है। यदि इस पुल का निर्माण नहीं कराया गया तो किसी दिन बड़ी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता परंतु सिंचाई विभाग इस तरफ से बिल्कुल धृतराष्ट्र की तरह आंखें बंद कर बैठा है जो जनता के लिए घातक सिद्ध हो सकता है इसके निर्माण हेतु क्यों लड़िया के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने भी अधिकारियों को पत्र लिखा है ताकि किसी भी तरह की कोई जनहानि ना हो सके इसी क्रम में क्यों लड़ियां के प्रधान पति रविंद्र कुमार गंगवार ने बताया यदि विभाग अनुमति दे दे तो टूटी हुई रेलिंग है वह सही कर सकते हैं। परंतु विभाग अनुमति तो दे विभाग ना तो अनुमति दे रहा है ना ही उसे ठीक करवा पा रहा है ऐसी स्थिति में यहां की जनता को गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पचराव निवासी रोहित को यूपीएससी परीक्षा 2024 में मिला 241 रैंक



**चाचा सुरेंद्र सिंह पटेल ने मिठाई बताकर जताया हर्ष**

**चुनार, मिर्जापुर।** सीखड़ क्षेत्र के पचराव गांव निवासी रोहित सिंह ने यूपीएससी परीक्षा 2024 में 241 रैंक प्राप्त कर क्षेत्र सहित जिले का मान बढ़ाया है। रोहित का यह दूसरा प्रयास था। रोहित सिंह की प्राथमिक पढ़ाई गाजियाबाद में हुई है। जेएनयू से एम ए करने के बाद रोहित सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी में जुट गए। इससे पूर्व रोहित 2022 की यूपीएससी परीक्षा में 480 रैंक हासिल कर झांसी में डिफेंस में सीईओ के पद कार्यरत रहते हुए परीक्षा की तैयारी में लगे रहे । रोहित के पिता श्याम सुंदर सिंह नोएडा में निजी कंपनी में इंजीनियर और मां शशि सिंह सिलाई कढ़ाई की शिक्षिका है। गांव में रहने वाले रोहित के चाचा सुरेन्द्र सिंह पटेल जो संघ के वरिष्ठ प्रचारक और सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं उन्होंने अपने भतीजे की सफलता पर गांव में मिठाई बांटकर हर्ष व्यक्त किया।

### एक ही परिवार के सात अनाथ बच्चों में से तीन बच्चों को स्पॉन्सरशीप योजना दिलाई

**मीरजापुर ।** शुक्रवार को जिलाधिकारी मीरजापुर द्वारा रंगीता पुत्री स्वर्गीय राजकुमार, निवासी ग्राम-धौरुपुर, राजपुर, विकास खंड-सिटी, जनपद-मीरजापुर के प्रार्थना पत्र पर तत्काल कार्यवाही करते हुए एक ही परिवार के सात अनाथ बच्चों में से तीन बच्चों को स्पॉन्सरशीप योजना, जिसमें धनराशि रू0 4,000/- प्रतिमाह की दर से प्रत्येक बच्चे को एवं एक बच्चे को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, जिसमें धनराशि रू0 2,500/- प्रतिमाह की दर से प्रदान किये जाने हेतु बच्चो का खाता खोलवाते हुए उन बच्चो का आवेदन पत्र भरवाते हुए स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस के साथ ही साथ उन बच्चो को राशन कार्ड में यूनिट बढ़वाया गया। इसके साथ ही साथ जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी संजय कुमार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया।जिलाधिकारी द्वारा बच्चो को आवास प्रदान कराये जाने , शिक्षा प्रदान कराये जाने व अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ प्रदान किये जाने हेतु संबंधित अधिकारीगण को निर्देश दिया गया।

### पचराव निवासी रोहित को यूपीएससी परीक्षा 2024 में मिला 241 रैंक

**चाचा सुरेंद्र सिंह पटेल ने मिठाई बताकर जताया हर्ष**

**चुनार, मिर्जापुर।** सीखड़ क्षेत्र के पचराव गांव निवासी रोहित सिंह ने यूपीएससी परीक्षा 2024 में 241 रैंक प्राप्त कर क्षेत्र सहित जिले का मान बढ़ाया है। रोहित का यह दूसरा प्रयास था। रोहित सिंह की प्राथमिक पढ़ाई गाजियाबाद में हुई है। जेएनयू से एम ए करने के बाद रोहित सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी में जुट गए। इससे पूर्व रोहित 2022 की यूपीएससी परीक्षा में 480 रैंक हासिल कर झांसी में डिफेंस में सीईओ के पद कार्यरत रहते हुए परीक्षा की तैयारी में लगे रहे । रोहित के पिता श्याम सुंदर सिंह नोएडा में निजी कंपनी में इंजीनियर और मां शशि सिंह सिलाई कढ़ाई की शिक्षिका है। गांव में रहने वाले रोहित के चाचा सुरेन्द्र सिंह पटेल जो संघ के वरिष्ठ प्रचारक और सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं उन्होंने अपने भतीजे की सफलता पर गांव में मिठाई बांटकर हर्ष व्यक्त किया।

### गुमशुदा मासूम को परिजनों से मिलाया

**अलीगढ़।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना बन्नादेवी पुलिस टीम ने 13 वर्षीय गुमशुदा बच्चे को तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया है। वहीं पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य से परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौटी है। गुमशुदा बच्चा भोला उर्फ दिवाकर उम्र 13 वर्ष जो अपने घर से पेंसिल लेने गया था वापस नही आने पर पिता द्वारा थाना पर गुमशुदी का अभियोग पंजीकृत कराया था। थाना बन्नादेवी पुलिस टीम द्वारा तत्परता व सजगता दिखाते हुए कड़ी मेहनत एवं अथक प्रयास से आस-पास के इलाकों, गली -मौहल्लों में कैमरों की मदद से गुमशुदा बच्चे को तलाश करते हुये एलमपुर गढिया से सकुशल बरामद कर उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया है। बच्चे द्वारा बताया गया कि वह स्कूल जाने के डर के कारण कही जाकर छुप गया था ।परिजनों द्वारा अपने बच्चे को सकुशल पाकर अलीगढ़ पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई ।

## गोरईयां ग्राम सभा की आरोही दूबे ने इण्टर मीडिएट यू पी बोर्ड परीक्षा में मीरजापुर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया

**स्वतंत्र प्रभात**



**सीखड़।** मीरजापुर जनपद के सीखड़ विकास खंड अन्तर्गत गोरईयां ग्राम सभा में साधारण परिवार में जन्मी आरोही दूबे ने यूपी बोर्ड परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले के साथ साथ ग्राम सभा का भी नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जैसे ही मालूम चला कि आरोही दूबे ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया बिटिया को बधाई देने वालों का तांता लग गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मीरजापुर जनपद के विकास खंड सीखड़ के अन्तर्गत गोरईयां ग्राम सभा के चक गोरईयां गांव में साधारण परिवार में जन्मी आरोही दूबे का प्रारम्भिक शिक्षा दिक्षा गांव के ही जे डी पब्लिक स्कूल सीखड़ में कक्षा पांच तक हुआ। इसके बाद की पढ़ाई वी .डी. एकेडमी में कक्षा 6से 8तक की पढ़ाई पुरी की स्वास्थ्य खराब होने की वजह से आरोही की माता - पिता द्वारा इनका नाम श्री शंकराश्रम इण्टर कालेज सीखड़ में कक्षा 9वीं में करवा दिया गया जहां आरोही ने हाईस्कूल की परीक्षा में 91प्रतिशत मार्क प्राप्त किया। और इसी विद्यालय से आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए आरोही दूबे ने इण्टर मीडिएट यू .पी. बोर्ड परीक्षा में 91.8प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बताते चलें कि आरोही के पिता संजय दूबे वाराणसी में प्राइवेट ट्रांसपोर्ट की गाड़ी चलाते हैं तथा माता नीतू दूबे क्षेत्र के ही एक प्राइवेट कांवेंट स्कूल में पढ़ाती है। संजय दूबे को एक बेटी आरोही दूबे और एक बेटा हर्ष है किन्तु संजय दूबे ने बच्चों की पढ़ाई में किसी प्रकार की कोताही नहीं करते हैं। आरोही की मां नीतू दूबे से जब पूछा गया कि आपकी बिटिया इण्टर मीडिएट यू पी बोर्ड परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है आप को कैसा प्रतित हो रहा है तो उन्होंने कहा कि हर माता पिता की आकांक्षा होती है कि उनके बच्चे नाम रोशन करें और आज मेरी बिटिया ने वह कर के दिखा दिया मुझे अपार खुशी के साथ साथ अपने बच्चों पर गर्व है। वहीं आरोही दूबे से पूछें जाने पर बताया कि मैं पहले से ही घर पर 8से 10घंटे प्रतिदिन पढाई करती रहीं और मैं हाईस्कूल परीक्षा में अच्छे अंक लाने के बाद से इण्टर मीडिएट में स्थान प्राप्त करना चाहतीं थीं जो आज मुझे प्राप्त हुआ।इसका सारा श्रेय मैं अपनी माता पिता के साथ गुरू जनों को देना चाहूंगी। कहते हैं कि प्रतिभा किसी परिस्थिति की मोहताज नहीं होती और आज आरोही ने वह साबित कर के दिखा दी। आरोही को जिले में प्रथम स्थान प्राप्त होने कि खबर लगते ही शंकरराश्रम इण्टर मीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य शिव कुमार, रूपेश पाण्डेय,घनश्याम गुप्ता ,रतन पाण्डेय,अभय राज मिश्रा, राजन दूबे,सहित काफी संख्या में लोग पहुंचे।

## ऊर्जांचल ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन की आंदोलन की चेतावनी, कोयला परिवहन ठप होने का खतरा

**स्वतंत्र प्रभात**



**सोनभद्र।** एनसीएल की कोयला खदानों से विभिन्न ताप विद्युत परियोजनाओं, मंडियों और साइडिंगों तक कोयला परिवहन करने वाले ट्रक मालिकों के संगठन, ऊर्जांचल ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन ने आंदोलन की चेतावनी दी है। एसोसिएशन ने जिलाधिकारी सोनभद्र और पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को पत्र लिखकर यह जानकारी दी है।एसोसिएशन का कहना है कि पूर्व में कई दिनों के आंदोलन और प्रशासन की मध्यस्थता के बाद यूनियन और ट्रांसपोर्टरों के बीच कोयला परिवहन के लिए एक निश्चित किराया निर्धारित किया गया था। हालांकि, अब ट्रांसपोर्टरों द्वारा उस निर्धारित किराए से कम किराया दिया जा रहा है, जिससे ट्रक मालिक नाराज हैं।एसोसिएशन ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि अगले तीन दिनों के भीतर पूर्व में निर्धारित किराया देना शुरू नहीं किया जाता है, तो यूनियन के नेतृत्व में सभी ट्रक मालिक कोयला परिवहन कार्य बंद कर देंगे और स्वेच्छा से अपने वाहन खड़े कर देंगे।एसोसिएशन ने यह भी चेतावनी दी है कि इस दौरान कोयला परिवहन कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा या औद्योगिक शांति भंग होने की जिम्मेदारी कोयला खदान परियोजनाओं, कोयला आधारित ताप विद्युत परियोजनाओं और संबंधित ट्रांसपोर्टरों की होगी।ऊर्जांचल ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के इस अल्टीमेटम से ऊर्जांचल क्षेत्र में कोयला परिवहन पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका है। यदि ट्रक मालिकों ने काम बंद कर दिया, तो कोयला आपूर्ति बाधित हो सकती है, जिसका सीधा असर बिजली उत्पादन और अन्य कोयला आधारित उद्योगों पर पड़ सकता है। प्रशासन और संबंधित पक्षों को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान निकालने की आवश्यकता है ताकि औद्योगिक शांति बनी रहे और कोयला परिवहन सुचारू रूप से चलता रहे।

## विहिप ने आतंकवाद का पुतला दहन कर जताया विरोध

**स्वतंत्र प्रभात**




**चुनार, मिर्जापुर।** विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में काश्मीर के पहलगाम में कुछ दिनों पूर्व हिंदुओं की निर्मम हत्या किये जाने के विरोध में कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पहुँचकर जोरदार प्रदर्शन किया और आतंकवाद का पुतला दहन करने के बाद मौन श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को सुबह विहिप व अन्य संगठनों के लोग बालूघाट स्थित निषादराज पार्क पर इकट्ठा हुए और निषादराज के मूर्ति पर माल्यार्पण कर नारेबाजी करते हुए काफिले के साथ नगर के गंगेश्वरनाथ, सराफा बाजार, चौक सद्दुपुर, ऐबकपुर होते हुए तहसील परिसर का चक्रमण करते हुए मुख्य द्वार पर आतंकवाद विरोधी नारेबाजी करते हुए आतंकवाद का पुतला दहन किया और दो मिनट का मौन रखकर मारे गए हिंदुओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान विहिप प्रांत मंत्री सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि जिसने भी यह कृत्य किया है, बहुत ही निंदनीय है। हिंदू विरोधी कार्य करने वाले इस तरह के घृणित कार्य का हम सभी देशवासी विरोध करते हैं। उन्होंने सभी से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। इस दौरान आरएसएस जिला प्रचारक आलोक जी, नगर संघ चालक गोविंद जी, सह जिला कार्यवाह अमित जी, जिला संपर्क प्रमुख अवनिन्द्र जी, जिला शरीरिक प्रमुख पवन जी, नगर कार्यवाह विवेक सिंह, विहिप पूर्व जिलाध्यक्ष रामसिंह, जिला कोषाध्यक्ष नारायण राठी, जिला बौद्धिक प्रमुख कलाधर चतुर्वेदी, पूर्व सभासद जगदीश गुप्ता एवं ज्योति प्रकाश सिंह, सभासद गौतम जायसवाल व विकास कश्यप, पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय वर्मा, अहरौरा विहिप अध्यक्ष डा राजकुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, चंद्रहास गुप्ता, अजय शेखर पांडेय, शतीश दुबे, आलोक श्रीवास्तव, विवेक दुबे, संजय सोनकर, मनीष राय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जुलूस के साथ उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक मंजरी राव, कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्या, कस्बा चौकी प्रभारी उदय नरायन कुशवाहा,हेड कांस्टेबल विमलेश सिंह, सुमित सिंह, विनय राय, इंद्रबली राय, कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह,पुलिस बल के साथ साथ चल रहे थे।

## मण्डलायुक्त ने आई0जी0आर0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतो के निस्तारण के सम्बन्ध की समीक्षा बैठक

**●मण्डलायुक्त ने 07 अधिकारियों के सबसे अधिक असंतुष्टि फीडबैक प्राप्त होने पर शो-काज नोटिस जारी करने का दिया निर्देश**



**स्वतंत्र प्रभात**

**मीरजापुर।** शुक्रवार को मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता मे आयुक्त कार्यालय सभागार में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतो के निस्तारण के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, प्रभागीय वनाधिकारी अरविन्द राज मिश्र, संयुक्त आयुक्त उद्योग विरेन्द्र कुमार सहित सभी मण्डलीय व जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहें। आई0जी0आर0 पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो की समीक्षा में अधीक्षक अभियंता उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद मीरजापुर के 21 में 16 असंतुष्टि फीडबैक, अधीक्षण अभियंता विद्यत के 15 में 12, मुख्य अभियंता विद्युत मीरजापुर के 10 में 08, संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग के 07 में 06, उप निदेशक पंचायत के 06 में 05, उप श्रमायुक्त के 06 में 04, अधीक्षण अभियंता यात्रिंक सिंचाई मीरजापुर के 03 में 03 में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होने पर मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शो-काज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतो के निस्तारण पूर्व शिकायतकर्ता वार्ता कर उनकी समस्याओ को सुनने के उपरान्त गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि राजस्व से सम्बन्धित मामलो में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर प्रकरणो का निस्तारण कराया जाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि सभी मण्डलीय व जनपदीय अधिकारी प्रतिदिन पोर्टल को लागिन करें। उन्होंने कहा कि एक बार पोर्टल पर अपलोड की गई आख्या यदि पुनः वापस आती है तो सम्बन्धित अधिकारी दोबारा उसी आख्या अपलोड न करके बल्कि मौके पर स्वंय जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

## मार्गो के जक्शन से पहले बनवाए स्पीड टेबल टाप, ताकि मोड़ पर वाहनो की गति हो सके धीमी -जिलाधिकारी

**●विद्यालयो में पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर रोड सेफ्टी क्लब का गठन करते हुए यातायात नियमो के बारे में दे जानकारी**

**गुड सेमेरिटन योजना के प्रोत्साहन हेतु होर्डिग आदि माध्यमो से कराएं प्रचार प्रसार**

**चिन्हित ब्लैक स्पाटो पर तत्काल कराएं सुधारात्मक कार्यवाही**

**जिलाधिकारी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाने के दृष्टिगत दिया आवश्यक दिशा निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात**



**मीरजापुर।** शुक्रवार को जनपद में सड़क दुघर्टनाओ पर अंकुश लगाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में आहूत कर सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विगत सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णयो पर की गई कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी ली गई, इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विजय कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, क्षेत्राधिकारी शिखा भारती, प्रभारी यातायात विपिन कुमार पाण्डेय के अलावा अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में जनपद की सड़क दुघर्टनाओ की अद्यावधिक तुलनात्मक समीक्षा जनपद की सीमा अन्तर्गत मार्गवार दुघर्टना की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि दुघर्टनाओ को रोकने के लिए चिन्हित ब्लैक स्पाटो पर सुधारात्मक कार्यवाही प्राथमिकता पर किया जाए तथा वहां पर दुघर्टना बाहुल्य क्षेत्र अथवा अंधा मोड़ आदि से सम्बन्धित बोर्ड भी लगाया जाए। तीन या तीन से अधिक दुघर्टना में मृत वाले स्थलो के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि अधिकांश ट्रैक्टर, ट्रालियो व लापरवाही से ओवरस्पीड के कारण दुर्घटनाए पाई गई, जिलाधिकारी ने कहा कि ट्रैक्टर ट्रालियो के रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाया जाए अवैध रूप चल रहे वाहनो पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए ओवर स्पीड एवं लापरवाह वाहन चालको पर भी निरंतर कार्यवाही की जाए। बैठक में मार्ग के किनारे इलेक्ट्रिक पोल को निर्धारित मानक के अनुसार सड़क के पटरियों के अन्ति छोर पर शिफ्ट करने का भी सुझवा दिया गया तत्पश्चात मार्गो के किनारे अवैध अतिक्रमण भी हटाया जाए। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व प्रभारी अधिकारी यातायात को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकारी अथवा प्राइवेट स्कूलो में लगाए गए वाहनो का हेल्थ टेस्ट कराकर सप्ताह भर में सूचना प्राप्त की जाए। इस हेतु प्रचार्यो को पत्राचार कर निर्देशित भी किया जाए। उन्होंने यह भी का प्राइवेट व सरकारी स्कूलो में गोष्ठियां व सेमिनार आयोजित कर रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाए। सड़क दुघर्टनाओ में सहायता करने वाले गुड सेमेरिटन व्यक्तियो के प्रोत्साहन हेतु समाचार पत्रो अथवा होर्डिग के माध्यम से प्रचार प्रसार कर जागरूकता लाई जाए। जिस व्यक्ति द्वारा दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया जाता है उससे किसी भी प्रकार की पूछताछ नही की जाएगी तथा गुड सेमेरिटन योजना के तहत प्ररस्कृत किया जाए। दुर्घटना बाहुल्य स्थानो को चिन्हित करते हुए राज्य मार्गो, प्रमुख जिला मार्गो व अन्य जिला मार्गो के जक्शन के पहले स्पीड टेबल टाप बनवाए ताकि मोड़ पर वाहनो की गति धीमी हो सके व दुर्घटनाओ को रोका जा सकें। दुर्घटना वाले सड़को पर रोड लाइट व दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र सम्बन्धित बड़ा साइन बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया गया। चुनार दुर्गा मोड़ गाड़ियो को धीमा करने के दृष्टिगत एक रोटरी चैराहा (गोल चैराहा) बनाने पर भी चर्चा की गई। अदलहाट नरायनपुर मार्ग पर भी दुघर्टना रोकने हेतु रोड सेफ्टी के तहत कार्यवाही करने पर चर्चा की गई। बैठक में मोटर एशोसिएशन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहें।

## उग्र की धरती ने किया टॉपर बिटिया का सम्मान



**स्वतंत्र प्रभात**

**चुनार, मीरजापुर।** यू.पी.एस.सी.की वर्ष 2024 की प्रतियोगी परीक्षा में अखिल भारतीय रैंकिंग मे प्रथम स्थान हासिल करने वाली छात्रा शक्ति दूबे को पांडेय बेचन शर्मा उग्र की धरती चुनार के वरिष्ठ संपादक-समीक्षक राजीव कुमार ओझा ने शक्ति दूबे के नैनी स्थित पैतृक आवास पर शाल ,स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने शक्ति को इस मुकाम तक पहुँचाने में नींव के पत्थर की भूमिका निभाने वाली उनकी माता श्रीमती प्रेमा देवी को भी स्मृति चिन्ह प्रदान कर श्रद्धा ज्ञापित की। श्री ओझा ने पुलिस सेवा में रहते हुए शक्ति के पठन पाठन की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शक्ति के दारोगा पिता देवेंद्र दूबे को भी बधाई दी।उन्होंने सिविल सेवा की टॉपर बिटिया शक्ति दूबे को कर्मक्षेत्र में जनसरोकारी भूमिका निभाने ,कार्यरत एवं सेवा निवृत्त सीनियर आईएएस अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त करने ,उनके अनुभवों से कर्मक्षेत्र का व्यावहारिक मार्गदर्शन प्राप्त करने की सलाह दी। श्री ओझा ने विंध्याचल मंडल के लोकप्रिय कमिश्नर ,लेबर कोर्ट वाराणसी के जज रहे श्री के.एम.पांडेय से टॉपर बिटिया की मोबाइल से बात कराई तथा उनसे निवेदन किया की अपने कर्मक्षेत्र के अनुभव साझा कर समय समय पर मार्गदर्शन करते रहें।

मूलतः बलिया की शक्ति दूबे ने यू.पी.एस.सी.की वर्ष 2024की प्रतियोगी परीक्षा में सफल 1009 परीक्षार्थियों की अखिल भारतीय रैंकिंग मे प्रथम स्थान हासिल करने वाली छात्रा शक्ति दूबे की स्नातक तक की शिक्षा इलाहाबाद से और बायो केमिस्ट्री की परास्नातक शिक्षा मदन मोहन मालवीय के भागीरथ प्रयास से स्थापित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से हुई है। गत वर्ष की यू.पी.एस.सी.की प्रतियोगी परीक्षा में शक्ति दूबे ने सफलता हासिल की थी साक्षात्कार तक पहुँच कर वह अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई थी। शक्ति ने हिम्मत नहीं हारी ,निराशा को अपने जज्बे पर हॉबी नहीं होने दिया और इस वर्ष की टॉपर बनकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वालों को प्रेरक सन्देश दिया की लक्ष्य हासिल करने का आत्मबल बनाए रखा जाए तभी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।उक्त अवसर पर लखनऊ यूनिवर्सिटी के मेधावी रिसर्च स्कॉलर सुमित मिश्रा और पत्रकार आत्मा त्रिपाठी ,बृजेश साहू श्री ओझा के साथ रहे।

## आटा चक्की और इलेक्ट्रानिक उपकरण समेत लाखों का सामन आग से हुआ नष्ट

**स्वतंत्र प्रभात**




**मऊ, चित्रकूट-** तहसील क्षेत्र के खंडेहा गांव में गुरुवार को अज्ञात कारणों के चलते एक घर में अचानक आग लग गई। जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल टीम ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। मऊ तहसील क्षेत्र के खंडेहा गांव के निवासी वीरेंद्र सिंह के मकान में गुरुवार की दोपहर अज्ञात कारणों से चलते आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि कुछ ही पलों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। बताया कि आग ने सबसे पहले आटा चक्की, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और फर्नीचर को अपनी चपेट में लिया। इसके बाद आग इतनी तेजी से फैली कि घर के बाहर खड़ी गाड़ियां भी धू-धूकर जल उठीं। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी दमकल टीम को दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गृहस्थी सहित लाखों का सामान जलकर खाक हो चुका था। सूचना मिलने पर प्रशासन और पुलिस विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हैं।

## मण्डलायुक्त ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड राजस्व से सम्बन्धित की समीक्षा बैठक

**●22 मदो में मण्डल के तीनो जनपदो को ए प्लस श्रेणी प्राप्त, सी0 व डी0 श्रेणी वाले विभागीय अधिकारी व्यक्ति रूचि लेते हुए प्रगति में सुधार लाने का मण्डलायुक्त ने दिया निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात**



**मीरजापुर।** शुक्रवार को मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता मे आयुक्त कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड राजस्व से सम्बन्धित समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 मीरजापुर शिव प्रताप शुक्ल, जिलाधिकारी वि0/रा0 सोनभद्र, जिलाधिकारी वि0/रा0 भदोही, प्रभागीय वनाधिकारी अरविन्द राज मिश्र सहित सभी सम्बन्धित मण्डलीय व जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहें। समीक्षा के दौरान मण्डल के तीनो जनपद को राजस्व योजनाओं के 22 मदो में ए प्लस श्रेणी प्राप्त कर अच्छी उपलब्धी हासिल किया गया है परन्तु वही कतिपय विभाग बार-बार चेतवानी देने के उपरान्त भी प्रगति में सुधार न लाए जाने से मण्डल की स्थिति संतोषजनक नही हो पा रही हैं। मण्डलायुक्त ने ऐसे अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि माह अप्रैल में कार्यो में व्यक्तिगत रूचि लेते हुए प्रगति लाए ताकि प्रदेश में मण्डल को अच्छी रैकिंग प्राप्त हो सकें। अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय मीरजापुर के बैठक में अनुपस्थित व अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 भदोही के समय सीमा उपरान्त लम्बित आवेदन पत्रो का निस्तारण न किए जाने पर शो-काज नोटिस जारी करने निर्देश दिया। जिस मदो में ए प्लस श्रेणी प्राप्त किया है उनमें पेट्रोल पम्पो का सत्यापन/मुद्राकंन, मुख्य कृषक दुर्घटता सहायता योजना, मण्डी आय, मण्डी आवक, औषधि विक्रय लाइसेंस, संकलित नमूना एवं कृत कार्यवाही औषधि, संकलित नमूना एवं कृत कार्यवाही औषधि खाद्य, एन0एफ0एस0ए0ई0पी0डी0एस0 लाभार्थी, ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करना, एल0ओ0आई0 के लिए आनलाइन आवेदन प्रकिया, कृषि भूमि से गैर कृषि, अधिवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, ई खसरा खरीफ, ई खसरा जायद, ई खसरा रबी, एकीकृत आपदा राहत प्रबंधन, एंटी भू माफिया, जाति प्रमाण पत्र, भू आवंटन पट्टा डैशबोर्ड, भू-लेख, साल्वेंसी सर्टिफिकेट, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष ए प्लस श्रेणी प्राप्त किया हैं। मण्डलायुक्त ने गेहूं खरीद की समीक्षा में जनपद भदोही की प्रगति खराब प्रगति खराब होने पर अपर जिलाधिकारी भदोही को निर्देशित करते हुए कहा कि अप्रैल माह गेहूं खरीद बढ़ाते हुए प्रगति में सुधार लाए। खनिज विभाग की समीक्षा में जनपद सोनभद्र में लक्ष्य के सापेक्ष वसूली व प्रवर्तन कार्यवाही करने का निर्देश मण्डलायुक्त ने जिला खजिन अधिकारी को दिया। जी0एस0टी0 की समीक्षा में भदोही को प्रगति में सुधार लाने का निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### नैनो उर्वरक के प्रयोग से पर्यावरण की सुरक्षा के साथ फसल की पैदावार भी बढ़ती है- कुदेशिया

इसका अधिक से अधिक प्रयोग करने की अपील।



**प्रयागराज।** इफको फूलपुर इकाई की टीम ने स्थानीय गाँव -दयालपुर में जाकर किसान चौपाल लगाया जिसमें किसानों को धान की फसल पर नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रयोग विधि के बारे में बताया। टीम ने छिड़काव की विधि, इसकी मात्रा तथा इसके लाभ के बारे में बताया। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने किसानों से वार्ता की तथा कहा कि नैनो उर्वरक के प्रयोग से पर्यावरण की सुरक्षा के साथ फसल की पैदावार बढ़ा सकते हैं ।अतः इसका अधिक से अधिक प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि अपने जमीन एक हिस्से में नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी का अवश्य प्रयोग करें तथा अंतर देखे। इस वर्ष इफको की तरफ से निःशुल्क ड्रोन उपलब्ध कराने की घोषणा की ।नैनो उर्वरक के बारे में जागरूकता अति आवश्यक है। चौपाल में किसानों ने नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रति उत्साह दिखाया। इस दौरान कोर्डेट प्रचार्य डॉ हरिशचन्द्र, इफको इम्पलाइज संघ यूनियन के महामंत्री विजय कुमार यादव ,जनसम्पर्क अधिकारी स्वयम् प्रकाश, प्रबंधक प्रशिक्षण अनुराग तिवारी, सुमित तेवतिया, ग्राम दयालपुर के ग्राम प्रधान श्याम बाबू, सुनील मिश्रा, चंद्र प्रकाश मिश्र, संजय मिश्रा, राम चंद्र यादव, पप्पू यादव, हरिश्चंद पटेल, राम दत्त तिवारी, अशोक दुबे ब्यास तिवारी, डाक्टर विजय यादव , डाक्टर मौर्या हरिहर मिश्रा मौजूद रहे।

### फीस वृद्धि की विरोध मे जिलाधिकारी को ज्ञापन

**प्रयागराज।** अभिभावक एकता समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता के नेतृत्व में निजी स्कूलों में फीस वृद्धि किए जाने के विरोध में के विरोध में जिलाधिकार के कार्यालय ।सत्यम मिश्रा नगर अपर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौपा इस अवसर में विजय गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय प्राइवेट कान्वेन्ट स्कूलों में बेतहाशा वृद्धि से अभिभावक परेशान हैं। स्कूलों में 15/= से 25/= प्रतिशत फीस वृद्धि उसके बाद लगभग हर साल पाठ्य पुस्तकों में बदलाव हो रहा हैं, स्कूलों को भी व्यवसायिक केन्द्र बनाकर या किसी दुकान से तालमेल करके कापी किताब , जूते मोजे,आदि सामग्री मनमानी कीमत पर खरीदने हेतु अभिभावकों को विवश किया जा रहा है, ऐसी स्थिति में आम आदमी अपने बच्चों को शिक्षित कर पाने में असहज दिखाई दे रहा है उत्तर प्रदेश शासन व जिला प्रशासन से

( 1 ) कान्वेन्ट स्कूलों में हो रही बेतहाशा फीस वृद्धि पर तत्काल पर रोक लगाई जाय !

( 2 ) शिक्षा के मन्दिर स्कूलों का व्यवसायीकरण रोककर अभिभावकों को कहीं से भी कापी किताब,जूते मोजे आदि खरीदने हेतु स्वतन्त्र किया जाय

( 3 ) पाठ्यक्रमों में बदलाव में कम से कम 10 वर्ष का अन्तर निर्धारित किया जाय

हम अभिभावक गण विश्वास करते हैं कि सरकार व प्रशासन हमारी पीड़ा को समझते हुए हमारे अनुरोध को स्वीकार करेगा अन्यथा हम अभिभावकों को सड़क पर उतरकर आन्दोलन हेतु बाध्य होना पड़ेगा ज्ञापन सौपा वाले सर्वश्री बृजेश निषाद गुड्डू मनी प्रमोद गुप्ता मनीष गुप्ता विकास अग्रहरि इमरान अली अरुण सिंह अतुल खन्ना योगेश चौरसिया प्रदीप श्रीवास्तव आदि अभिभावक गण मौजूद रहे !

### हाई स्कूल में 90% अंक प्राप्त कर आन्या शुक्ला ने निगोहां क्षेत्र का बढ़ाया मान


इंटरमीडिएट में सुहानी वर्मा ने 89.20% अंक लाकर अपने मां-बाप का नाम किया रोशन



**लखनऊ** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र निगोहां में जैसे ही हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ तो निगोहा क्षेत्र में खुशी का माहौल आ गया क्योंकि निगोहा कस्बे की रहने वाली जो एसबीएन इंटर कॉलेज हाई स्कूल की छात्रा आन्या शुक्ला ने 90त्न अंक प्राप्त कर मोहनलालगंज क्षेत्र में टाप किया अपने मां-बाप के साथ-साथ क्षेत्र के नाम रोशन किया। वही नगराम क्षेत्र के ग्राम मटेरा पोस्ट बहरौली की रहने वाली सुहानी वर्मा ने जो सीपीएल इंटर कॉलेज इंटरमीडिएट की छात्रा सुहानी वर्मा ने 89.20त्न अंक प्राप्त कर अपने मां-बाप का नाम रोशन किया । इसके बाद सीपीएल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार ने फूल मालाओं के साथ मुंह मीठा करा कर उसका हर्षवर्धन किया। वही निगोहां कस्बे की रहने वाली आन्या शुक्ला ने हाई स्कूल में 90त्न प्राप्त किया तो इंटरमीडिएट में मुस्कान साहू ने 85.4त्न प्राप्त कर कॉलेज के साथ-साथ अपने मां-बाप का नाम भी रोशन किया वही इस मौके पर प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार मुस्कान साहू के घर पहुंच कर मुंह मीठा कराया और हौसला अफजाई किया। वही क्षेत्र में इंटरमीडिएट एवं हाई स्कूल में एसबीएन इंटर कॉलेज टॉप पर रहा।

# सुप्रीम कोर्ट ने 'मानसरोवर' सिनेमा हॉल का कब्जा असली मालिक के परिजनों को सौंपने का आदेश दिया

स्वतंत्र प्रभात





प्रयागराज। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, 'हम सिनेमा हॉल से संबंधित लंबे समय से चल रहे इस मुकदमे का अंत कर रहे हैं। अपील स्वीकार की जाती है और 1999 के रिट मामले में 9 जनवरी, 2013 को हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसले और आदेश को रद्द किया जाता है।' अदालत ने प्रतिवादियों को परिसर खाली करने और संबंधित परिसर का 'शांतिपूर्ण कब्जा' सौंपने के लिए 31 दिसंबर, 2025 तक का समय दिया। कानूनी लड़ाई में मुकदमेबाजी के दो दौर हुए और अंत में दिवंगत मुरलीधर अग्रवाल के कानूनी उत्तराधिकारी अतुल कुमार अग्रवाल ने मुकदमा जीत लिया और परिणामस्वरूप किराएदार दिवंगत महेंद्र प्रताप काकन के कानूनी उत्तराधिकारियों को अब सिनेमा हॉल का कब्जा सौंपना होगा। शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 2013 के एक फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें संपत्ति मालिक के परिवार की बेदखली याचिका को खारिज कर दिया गया था और अपीलीय प्राधिकारी के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें किराएदार को सिनेमा हॉल पर कब्जा जारी रखने की अनुमति दी गई थी। पीठ ने कहा,"यह तय है कि मकान मालिक के कब्जे के लिए सच्ची ज़रूरत को उदारता से समझा जाना चाहिए। इस तरह परिवार के सदस्यों की ज़रूरत को भी इसमें शामिल किया जाएगा।"इस तरह से फैसला सुनाते हुए पीठ ने अपीलकर्ता/मकान मालिक और प्रतिवादी/किराएदार के बीच लंबे समय से चली आ रही कानूनी लड़ाई का फ़ैसला किया, जिसमें प्रतिवादी अपीलकर्ता की संपत्ति में 73 साल तक रहा, जिसमें लीज़ खत्म होने के बाद 63 साल भी शामिल हैं।

न्यायालय ने प्रतिवादी को बेदखल करने के लिए अपीलकर्ता की याचिका यह देखते हुए स्वीकार कर ली कि उसे अपने दिव्यांग और बेरोजगार बेटे के लिए अपनी संपत्ति की वास्तविक आवश्यकता है, जिसके पास कोई अन्य संपत्ति नहीं है। उसके पास अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए बहुत कम आय है। प्रतिवादी/किरायेदार ने बेदखली का विरोध किया, यह दावा करते हुए कि यदि उसे संपत्ति से बेदखल किया गया तो उसे कठिनाई होगी। हालांकि, उसकी ओर से कोई सबूत नहीं दिखाया गया, जिससे यह संकेत मिले कि लंबे समय से चल रहे मुकदमे के दौरान किसी भी समय उसने वैकल्पिक आवास की तलाश करने का कोई प्रयास किया और उसे प्राप्त करने में असमर्थ रहा।

प्रतिवादी का दावा खारिज करते हुए जस्टिस विश्वनाथन द्वारा लिखित निर्णय में मोहम्मद अयूब और अन्य बनाम मुकेश चंद, (2012) 2 एससीसी 155 के मामले का संदर्भ दिया गया, जिसमें कहा गया कि यदि किरायेदार यह सबूत पेश करने में विफल रहता है कि उसने वैकल्पिक आवास खोजने का प्रयास किया था तो यह कारक उन परिस्थितियों में से एक होगा, जिसे यह निर्धारित करते समय ध्यान में रखा जाएगा कि मकान मालिक का दावा वास्तविक है या नहीं। पीठ ने कहा,"इस मामले में ऐसा कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं है, जो यह दर्शाता हो कि किराएदार जो कि कुल 73 वर्षों से परिसर में रह रहा है, जिसमें से 63 वर्ष पट्टे की समाप्ति के बाद भी रह रहा है, उसने कोई वैकल्पिक आवास प्राप्त करने का कोई प्रयास किया है। ऐसा कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं लाया गया, जिससे यह पता चले कि उसे कोई आवास नहीं मिल पाया।"इसके अलावा, अदालत ने पाया,"ऐसा कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं लाया गया, जिससे यह पता चले कि अपीलकर्ता के परिवार का व्यवसाय इतना बड़ा है कि वह प्रतिवादियों को मुकदमे की संपत्ति से बेदखल करने के उनके वास्तविक दावे को बेअसर कर दे।" उपर्युक्त के प्रकाश में अदालत ने निष्कर्ष निकाला कि संपत्ति के लिए अपीलकर्ता की वास्तविक आवश्यकता वास्तविक थी। यह देखते हुए कि किराएदार ने 63 वर्षों की अवधि में वैकल्पिक आवास की मांग नहीं की थी। यह देखते हुए कि उसने किराए के परिसर में कोई बड़ा व्यवसाय नहीं चलाया था, बेदखली पर उसकी आपत्ति खारिज कर दी गई।परिणामस्वरूप, अपील को अनुमति दी गई।केस टाइटल- मुरलीधर अग्रवाल (डी.) थ्र. हिज एलआर। अतुल कुमार अग्रवाल बनाम महेंद्र प्रताप काकन (डी.) थ्री. एलआरएस. और अन्य।

# रुद्रा फाउण्डेशन के छात्र छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में किया अव्वल प्रर्दशन




स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** दिनांक 25 अप्रैल 2025 को माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 के परीक्षा परिणाम जारी किये गये जिसमें रूद्रा फाउण्डेशन कौशाम्बी द्वारा संचालित विद्यालय पण्डित जगत नारायण विद्यालय इण्टर कॉलेज रामदयालपुर काजू कौशाम्बी के छात्रों ने अप्रत्याशित सफलता दर्ज करके संस्था का नाम पूरे जनपद में रोशन किया है जिसमें इण्टरमीडिएट परीक्षा में वैभव चतुर्वेदी ने 83 त्न दिवशी ने 80.40 प्रतिशत एवं सौरभ कुमार ने 80% अंक प्राप्त किया वहीं हाई स्कूल परीक्षा में मुस्कान ने 88.03 प्रतिशत सृष्टि यादव ने 85% एवं अंशिका यादव ने 84.50 प्रतिशत अंक अर्जित किया इसी प्रकार संस्था द्वारा संचालित एम एस इण्टर कॉलेज सिकन्दरपुर बाजहा कौशाम्बी में भी छात्रों ने अपने उत्कृष्ट दर्शन से संस्था का मान बढ़ाया जिसमें इण्टरमीडिएट में दिवांशी यादव ने 75.40% एवं श्वेता कुशवाहा ने 72.60% अंक प्राप्त किए हुए हाई स्कूल में नितिन यादव ने 88% रोहन ने 84.50 प्रतिशत प्रियांशी ने 82.83% अंक प्राप्त किया संस्था के तकनीकी प्रबन्धक अंजनी कुमार त्रिपाठी ने छात्रों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी एवं उनके भविष्य की कामना की है इस सफलता का श्रेय उन्होंने छात्रों की लगन एवं समस्त शिक्षकों की कड़ी मेहनत को दिया है संस्थाके एडमिन प्रभाकर द्विवेदी ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दिए तथा दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य अजय तिवारी एवं श्रीमती रेखा मिश्रा एवं अकादमिक हेड विनय गिरी ने 20 छात्रों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# यूपी बोर्ड 10वीं में यश प्रताप सिंह ने किया टॉप, जानें दूसरे और तीसरे नंबर पर कौन!

● हाई स्कूल में 90.11 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा में 81.15 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए।

स्वतंत्र प्रभात




**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश बोर्ड वर्ष 2025 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम आज जारी किया गया। यूपी बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल में 90.11 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा में 81.15 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। हाईस्कूल के टॉपर्स में जालौन के रहने वाले यश प्रताप सिंह ने 97.83 प्रतिशत से प्रदेश में टॉप किया है। यश ने 587 अंक प्राप्त किए हैं।दूसरे स्थान पर इटावा की अंशी तिवारी 97.67 प्रतिशत और बाराबंकी के रहने वाले अभिषेक कुमार यादव 97.67 प्रतिशत रहे। अंशी और अभिषेक ने 586 अंक प्राप्त किए। वहीं, मुरादाबाद की ऋतु गर्ग, सीतापुर के अर्पित वर्मा और जालौन की सिमरन गुप्ता 97.50 फीसदी अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। ऋतु, अर्पित, सिमरन ने 585 अंक प्राप्त किए हैं। हाईस्कूल में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 1149984 लड़के और 1144138 लड़कियां हैं। लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.66 और लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.87 है। सम्पूर्ण परीक्षार्थियों में लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़कों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.21 अधिक है।


हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी से 12 मार्च तक प्रदेश के 8140 केंद्रों में आयोजित की गई थीं। 19 मार्च से दो अप्रैल तक यानी 15 दिनों में यूपी बोर्ड ने तीन करोड़ कॉपियों का मूल्यांकन भी पूरा करा लिया गया था। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए कुल 54,37,233 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 51,34,725 परीक्षार्थी (94.44 फीसदी) उपस्थित और 3,02,508 (5.56 फीसदी) अनुपस्थित रहे। वहीं, हाईस्कूल की परीक्षा के लिए पंजीकृत 27,32,216 अभ्यर्थियों में से 25,56,992 परीक्षार्थी (93.58 फीसदी) उपस्थित रहे और 1,75,224 परीक्षार्थियों (6.42 फीसदी) ने परीक्षा छोड़ दी थी। इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए पंजीकृत 27,05,017 परीक्षार्थियों में से 25,77,733 परीक्षार्थी (95.29 फीसदी) उपस्थित रहे और 1,27,284 परीक्षार्थी (4.71 फीसदी) अनुपस्थित रहे।

पांच वर्षों में सबसे बेहतर रही उपस्थिति वर्ष 2024 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए पंजीकृत 55,25,342 परीक्षार्थियों में से 3,23,166 (5.84 फीसदी) गैरहाजिर थे। वहीं, 2023 की बोर्ड परीक्षा में पंजीकृत 58,84,634 परीक्षार्थियों में से 4,50,012 (7.64 फीसदी) ने परीक्षा छोड़ी थी। इसी तरह वर्ष 2022 की बोर्ड परीक्षा में 51,92,616 विद्यार्थियों में से 4,34,404 परीक्षार्थी (8.36 फीसदी) गैरहाजिर थे। 2021 में कोरोना के कारण बोर्ड परीक्षा नहीं हुई थी, जबकि वर्ष 2020 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए पंजीकृत 56,10,819 परीक्षार्थियों में से 353684 (6.30 फीसदी) अनुपस्थित थे।

# पहल गांव की घटना अंतरराष्ट्रीय घटनाओं के प्रभाव का एक हिस्सा भी हो सकती है- स्वामी निश्चलानंद

● लेकिन भारत को अब मुंहतोड़ जवाब देना होगा।

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** पूरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी ने कहा है कि कश्मीर में तीन दिन पहले हुई पर्यटकों की नृशंस हत्या में अंतराष्ट्रीय स्तर पर हो रही घटनाओं का प्रभाव का भी एक कारण हो सकता है। जिससे प्रभावित होकर आतंकवादियों ने यह कदम उठाया हो लेकिन निश्चित रूप से अभी कुछ कहा नहीं जा सकता जब तक कोई सरकार की जांच के रिपोर्ट न आ जाए। हा इतना जरूर कहा जा सकता है कि यह कृत्य अब न ना तो क्षमा योग्य है ना ही समझोते के योग्य रह गया है।क्योंकि राष्ट्र की संप्रभुता का सवाल पैदा हो गया है ।हिंदू धर्म को पूछ करके पर्यटकों की हत्या करना सीधे-सीधे धर्म युद्ध बन गया है। और यह सीधे-सीधे हिंदू धर्म को आतंकित करने का प्रयास है। स्वामी जी ने कहा कि पूरी दुनिया मेंहिंदू धर्म में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और बहुत ही सहिष्णु धर्म माना जाता है। स्वामी जी ने कहा की पूरी दुनिया में सबसे अधिक मुस्लिम और दूसरे धर्मो के देश से सीधी लड़ाई बहुत वर्षो से चली आ रही है।

भारतवर्ष की विदेश नीति सदैव तटस्थ नीति के तहत गुटनिरपेक्ष देश की रही है । जो देश मुस्लिम देशों से लड़ रहे हैं उनका हमेशा प्रयास भारत को भी अपने समर्थन में करने की रही है। इधर देखा गया है की पूरी दुनिया में मुस्लिम देशों से लड़ने के लिए अधिकांश देश एक हो गए और उस वातावरण का प्रभाव भारत पर भी पढ़ना है। भारत के अपने पड़ोसी देशों से भी संबंध इधर ठीक नहीं है ना तो चीन से है ना बांग्लादेश से और नहीं पाकिस्तान से ।जिस बांग्लादेश को कभी भारत ने अलग देश के रूप में खड़ा किया उसी बांग्लादेश में अब हिंदुओं को मारा जा रहा है पाकिस्तान तो बांग्लादेश के दो टुकड़े हो जाने के बाद शुरू से ही बदला लेने की भावना रखता है और उसको धार्मिक दृष्टि से इस्लाम और हिंदू की लड़ाई बनाने में लगा रहता है। दुर्भाग्य से कश्मीर राज्य जो भारत का हिस्सा है और वहां के लोग काफी दिनों से गुमराह ही रहे और धर्म के नाम पर भारत का होते हुए भी पाकिस्तान से संबंध बना लिए थे लेकिन धारा 370 हटने के बाद वह पूर्ण रूप से भारतीय गणराज्य का सामान्य राज्य बन चुका है। अब कश्मीर के लोग भी पूर्ण रूप से स्वीकार कर चुके है लेकिन पाकिस्तान को यह पसंद नहीं आ रहा था। उसी का फायदा उठाकर पाकिस्तान को मोहरा बनाकर आतंकवादियों के द्वारा यह घटना कराई जा सकती है। शंकराचार्य जी का कहना है कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता है ऐसा अभी तक नेताओं का मानना है लेकिन यह घटना साबित करती है कि आतंकवादियों का भी एक धर्म विशेष युद्ध का कारण बन गया है ।वरना कश्मीर में पहले जो घटनाएं होती थी उसमें वहां के मुसलमान ही उसके शिकार अधिक होते थे लेकिन यह घटना केवल हिंदुओं को पहचान करके की गयी बहुत ही खतरनाक मोड़ पर है ।इससे सारे हिंदुओं को सतर्क हो जाना चाहिए जो भारत की एकता के लिए बहुत जरूरी है वरना षड्यंत्र कार्यों और आतंकियों की चाल सफल हो सकती है।

शंकराचार्य जी ने कहा कि मुस्लिम भाइयों को वैज्ञानिक अब्दुल कलम रसखान और कबीर का अनुसरणकरना चाहिए जो जो मुस्लिम धर्म के होते हुए भी हिंदुओं के भी उतने ही प्रिय थे। लेकिन यह घटना सीधे-सीधे हिंदू विरोधी घटना की मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को अपनी संप्रभुता को बचाए रखने के लिए कठोर कदम उठाने की जरूरत है वरना आगे चलकर के इसके परिणाम बहुत भयंकर हो सकते हैं। उन्होंने एक सवाल पर कहा कि बांग्लादेश हो या पश्चिम बंगाल हिंदुओं को टारगेट करके सांप्रदायिक रूप दिया जा रहा है जिसका राजनीतिक फायदा नहीं उठाना चाहिए। इससे देश की एकता का खतरा है लेकिन अब समय आ गया है कि आतंकवादियों को सरकार द्वारा उनके विरुद्ध कठोर कदम उठाना चाहिए और अपने शक्ति और बल का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। भारतवर्ष ऐसा देश है जहां पर हिंदू और मुसलमान दोनों सामंजस्य से सदियों से रहते आए हैं बटवारा भी हुआ तब भी जो मुसलमान यहां रह गए वह अभी इस देश के ही बनकर रह गए। जब देश सुरक्षित रहेगा तो हिंदू भी सुरक्षित रहेगा और मुसलमान भी अब देश का बंटवारा दोबारा नहीं होना चाहिए भारत सरकार को इसके लिए ठोस कदम उठाना चाहिए वरना हिंदू अगर हिंसक हो जाएगा तो धर्म का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा क्योंकि हिंदू धर्म सहिष्णु धर्म माना जाता है हिंदू धर्म में कई हिंसा का स्थान नहीं है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि पश्चिम बंगाल में जो सांप्रदायिक तनाव पैदा हुआ है और घटनाएं हो रही हैं वह राष्ट्रपति शासन से हल नहीं होगा । उसे वातावरण ठीक कर के हंल किया जा सकता है।

# प्रयागराज में ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खेलने वालों पर थाना कोतवाली पुलिस के द्वार संयुक्त कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** IPL क्रिकेट मैच में सट्टा लगाने वाले 06 अभियुक्त थाना कोतवाली पुलिस व जनपदीय एस0ओ0जी0 की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से कुल 3,69,002/- रुपए (1,88,312/- रुपए बैंक अकाउण्ट में फ्रीज) व 07 मोबाइल फोन, सट्टा की एन्ट्री सम्बन्धित 01 नोटबुक बरामद

दिनांक-24.04.2025 को थाना कोतवाली पुलिस व जनपदीय एस0ओ0जी0 की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों 1. हर्षित जायसवाल पुत्र घनश्याम गुप्ता निवासी 46 बी चाहचन्द जीरो रोड थाना कोतवाली जनपद प्रयागराज, 2. सुनील कुमार केशरवानी पुत्र राम चन्द्र केशरवानी निवासी 22/26 खोवा मन्डी थाना कोतवाली जनपद प्रयागराज, 3. मो0 इस्तियाक पुत्र मो0 हलीम निवासी 66 के0 पूरा फते मोहम्मद थाना नैनी जनपद प्रयागराज, 4. टोनी यादव पुत्र स्व0 सुन्दर लाल यादव निवासी 357ए मोहत्सिमगंज थाना कोतवाली जनपद प्रयागराज, 5. सचिन कपूर पुत्र स्व0 कन्हैया लाल कपूर निवासी 329/446 मीरापुर थाना अतरसुइया जनपद प्रयागराज, 6. अरुण कुमार पुत्र स्व0 सुन्दरलाल निवासी 6/8 अलोपी बाग पंजाबी कालोनी थाना दारागंज प्रयागराज को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत हटकेश्वर मन्दिर के निकट स्वरूपरानी पार्क के पास भगवती पेपर ट्रेडिंग कम्पनी के ऊपर घर के कमरे से गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से कुल कुल 3,69,002/- रुपए (1,88,312/- रुपए बैंक अकाउण्ट में फ्रीज) व 07 मोबाइल फोन, सट्टा की एन्ट्री सम्बन्धित 01 नोटबुक बरामद की गयी। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 21/2025 धारा 3/4 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम।**



नि0 दीन दयाल सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज। उ0नि0 ऋतुराज सिंह, चौ0प्र0 घंटाघर उ0नि0 कमलेश कुमार गिरि, चौ0प्र0 सूरजकुण्ड उ0नि0 सुमित त्रिपाठी, चौ0प्र0 बादशाहीमंडी प्रशि0उ0नि0 अंकित यादव का0 निखिल कुमार, थाना कोतवाली एस0ओ0जी0 टीम।

1.उ0नि0 सविन तोमर प्रभारी जनपदीय स्ह्वत्र कमिश्नरेट प्रयागराज।

2.हे0का0 राकेश दुबे

3.हे0का0 अखिलेश राय

4.का0 धर्मेन्द्र सिंह

5.का0 पीयुष बाजपेई

6.का0 सुशील कुमार

# कोढ़ीहार बाजार के पिथीपुर से स्वर्ण कार का अपहरण करके पिटाई फ़िरौती की मांग

स्वतंत्र प्रभात






**प्रयागराज।** प्रयागराज,थाना नवाबगंज अंतर्गत ग्राम कोढ़ीहार बाजार के पिथीपुर से एक सोनार का अपहरण करके पिटाई की गई और 15वर्ष पूर्व उसके पिता द्वारा कर्ज लेने का आरोप लगाकर कमरे में ले जाकर बंद करने के बाद पिटाई की गई यही नहीं उससे छह लाख रुपए की फिरौती मांगी गई न देने पर जा न से मारने की धमकी भी दी गई। यह घटना 18/4/2025 को सुबह लगभग 6:00 बजे के करीब का हैं शारदा प्रसाद सोनी पुत्र स्व मन्ना सोनी को जबरदस्ती घर में घुस कर अशोक नगर प्रयागराज में उठा ले गए जिसमें आरोप है किउठाने वाले व्यक्तियों में आंशु पुत्र वेदप्रकाश भारतिया व आशादेवी पत्नी वेदप्रकाश भारतिया व आंशु के पिता वेदप्रकाश भारती पुत्र अज्ञात निवासी अशोक नगर बाबा चौराहा थाना कैन्ट प्रयागराज शामिल थे।यह लोग अभूषण बनवाने के बहाने से उसके यह पहुंचे थे ! भुक्तभोगी शारदा प्रसाद सोनी ने आरोप लगाया है कि वे लोग अपने घर में मुझें कमरे में बंद करके गाली गलौझ करते हुये रस्सी से बांधकर लाठी डंडो एवं जूतों से मारा पीटा ! और कहा कि तुम्हारे बाप ने हमसे पैसा लिया था 6 लाख 20000 हजार रूपये जेवर बनाने के लिए अगर तुम नहीं दोगे तो तुम्हे जान से मार देंगे वहीं मुझें ऑटो फिसियल पीतल की गहने दिखाया और कहा ये तुम्हे कहना होगा की मैंने लिया था गहना बनाने के लिए। मैंने कहा चाहे मुझें जान से मार दों लेकिन मैं झूठ नहीं बोलुँगा क्योंकि ज़ब मैंने लिया ही नहीं तो मै क्या जानू ज़ब तक मेरे पिता जीबित थे तब तक तो हमारे घर कोई मांगने नहीं गया आज पिता जी को मरे लगभग 15 वर्ष बीत चुके हैं अब झूठे षड्यंत्र के तहत मुझें फ़सा कर मोटी रकम की फिरौती मांग रहे हो !साथ ही कट्टा सटाकर मुझ प्रार्थी शारदा प्रसाद को पीतल के नकली अरिटिफिसयल गहनों को रखकर कहने लगे की तुम्हे कबूल करना होगा की यह सब नकली जेवर मैंने बनाकर दिया हैं !

शारदा सोनी ने बताया कि जब मैने बनाया ही नहीं तो कैसे स्वीकार करता मना करने पर बिपक्षीयों ने मुझें जबरदस्ती रस्सी से बांधकर मारने पीटने लगे और साथ ही जान से मारने की धमकिया दिया। मुझें गरीब आदमी के पास इतना सब कुछ करने की औकात नहीं हैं मुझें षड़यंत्र के तहत जबरदस्ती झूठ बुलवाकर मेरे द्वारा ही बयान करवाते हुये मेरी वीडिओ बनवा लिया गया जिसमें 6 लाख 20000 हजार रूपये की फिरौती माँगी गयी और मेरे घर वालों को मेरे ही मोबाईल के द्वारा स्वम सूचना दिया उन्हें सामग्री गिनवाया एक 12 ग्राम की सोने की चैन और 1 बिजली 4 ग्राम की और एक सुई तागा अभी देने को बांकी हैं जब की मुझें इन सबके बारे में कोई जानकारी नहीं हैं !

वहीं मेरे मोबाईल को मुझसे छीनकर मेरे घर वालों को सूचना दिया साथ ही मेरी पत्नी को धमकाया और कहा 6 लाख 20000 हजार रूपये तुम्हारा पति जेवर बनाने को लिया था ज़ब तक नहीं लाओगी तुम्हारे पति को नहीं छोड़ेगे !

पैसा लाओ और पति को लें जाओ शारदा प्रसाद की पत्नी स्वम ज़ब सूचना पाई तभी गांव के लोगों से 10000 हजार रूपये कर्ज लेकर पहुंची विपछियो के पास हाथ पैर जोड़ते हुये 10 000 हजार देकर पति को लेकर आयी तभी उन लोगों ने धमकिया भी दिया की तुम्हारी वज़ह से हम छोड़ रहे हैं लेकिन एक हफ्ते के अंदर अगर तुमने पूरा पैसा नहीं दिया तो तुम्हारे पति की गोली मारकर हत्या कर देंगे ! शारदा प्रसाद लहू लुहान होकर बे होसी की हालत में पड़े थे मैं वापस लिवा कर घर आ गयी घर आते ही गिर गये तत्पश्चात डॉक्टर बुलाकर उनका उपचार कराया गया ऐवम् नवाबगंज थाना पहुंचकर पुलिस आयुक्त महोदय को सूचना दिया। पत्र के माध्यम से वहीं थाने की पुलिस ने मेरी पत्नी को अस्वासन देते हुये कहा मामला जाँच का विषय हैं मैं रिकार्ड मगवा कर डायरी देखता हूँ क्या सच्चाई हैं तभी विपक्षीयों के प्रति अग्रिम कार्यवाही किया जायेगा। पीड़ित परिवार डरा सहमा हुआ हैं जान माल का खतरा मडरा रहा हैं सुरक्षा प्रदान करते न्याय की मांग किया है।

# इंटरमीडिएट टॉपर्स महक जायसवाल बनेगी डॉक्टर

स्वतंत्र प्रभात

**फूलपुर।** प्रयागराज की बेटियां अपने जनपद का नाम देश व प्रदेश में रोशन करते हुए उसके गौरव को बढ़ाने का काम कर रही हैं।अभी हाल में ही संघ लोक सेवा आयोग की आईएएस परीक्षा में जहां शक्ति दुबे ने टाप कर प्रयागराज का गौरव बढ़ाया वहीं माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा में भी जनपद की बेटी महक जायसवाल ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की टापर बनी। प्रयागराज जनपद के फूलपुर तहसील अन्तर्गत भुलई का पूरा स्थित बच्चाराम यादव इण्टर मीडिएट कालेज की छात्रा महक जायसवाल ने यूपी बोर्ड की इण्टर मीडिएट परीक्षा में जनपद का नाम रोशन करते हुए उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं उसी विद्यालय की छात्रा शिवानी यादव ने भी 476 अंक के साथ प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय की गरिमा बढ़ाई। महक जायसवाल की प्रारम्भिक शिक्षा गांव के प्राथमिक विद्यालय व कक्षा 6 से बारहवीं तक की शिक्षा बच्चाराम यादव इण्टर कालेज से हुई। दो भाई व दो बहनों में तीसरे नंबर की महक जायसवाल ने बताया की वह सोशल मीडिया से दूर रहकर प्रतिदिन नौ से दस घंटे तक पढ़ाई करती थी। मोबाइल का उपयोग भी महज शिक्षा के लिए ही किया। बताया की उनकी बड़ी बहन आयुशी ने भी 2018 में 12वीं की परीक्षा में प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया था। भविष्य में डाक्टर बनने का सपना संजोए महक जायसवाल ने अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए कहा की एकाग्रचित्त होकर कठिन परिश्रम से सफलता निश्चित मिलेगी। अपनी सफलता का श्रेय पिता शिव प्रसाद जायसवाल व माता कुसुम देवी के साथ ही विद्यालय के प्रबंधक नरेंद्र यादव को दिया। वहीं प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त करने वाली शिवानी यादव प्रशासनिक सेवाओं में



जाकर देश के लिए कुछ करना चाहती हैं। खोदायपुर गांव निवासी शिवानी यादव के पिता राजेश कुमार यादव मनरेगा में ग्राम रोजगार सेवक व मां सुनीता देवी गृहणी हैं। हाईस्कूल में भी विद्यालय का नाम रोशन करते हुए तारडीह गांव निवासी खुशी त्रिपाठी ने जनपद में छठवां स्थान प्राप्त कर अपनी शिक्षामित्र मां ममता तिवारी के साथ ही क्षेत्र का मान बढ़ाया। परीक्षाफल घोषित होते ही सफल छात्र छात्राओं को विद्यालय परिसर में प्रबंधक के साथ ही अभिवावकों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकुड़ में नीट-यूजी परीक्षा की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**पाकुड़, झारखंड-** आगामी 4 मई को आयोजित होने वाली नीट-यूजी परीक्षा की तैयारी को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार ने शुक्रवार को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। यह परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित की जा रही है।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सीएम एसओई गर्ल्स हाई स्कूल, पाकुड़ एवं सीएम एसओई +2 राजकीय उच्च विद्यालय, पाकुड़ का दौरा किया। उन्होंने केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, परीक्षार्थियों हेतु मूलभूत सुविधाओं, चिकित्सा सुविधा, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उपायुक्त ने केंद्र प्रभारी एवं संबंधित अधिकारियों से बातचीत करते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती, मुख्यालय डीएसपी जितेन्द्र कुमार, एनटीए नोडल अधिकारी एवं एडीपीओ पीयूष कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### आस्था शरण के आईएएस बनने पर पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने किया सम्मानित, कहा- बेटियां हर क्षेत्र में कर रही हैं नाम रोशन



**बरही, झारखंड-** बरही प्रखंड के जरहिया निवासी शशि शरण जी की पुत्री आस्था शरण के आईएएस बनने की खबर से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस उपलब्धि पर शुक्रवार को पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला उनके आवास पर पहुंचे और उन्हें बुके व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने आस्था को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बरही प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, सामाजिक कार्यकर्ता मो. शरीफुल हक, सोनू कुमार (चौपारण), बीरेंद्र यादव सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। पूर्व विधायक श्री अकेला ने इस मौके पर कहा कि आस्था शरण ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आज बेटियां हर क्षेत्र में अव्वल साबित हो रही हैं और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन रही हैं। हमें गर्व है कि हमारे इलाके से एक होनहार बेटी ने देश की सबसे प्रतिष्ठित सेवा में स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता ने न केवल शशि शरण के परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे बरही प्रखंड को गर्व का अनुभव कराया है। मौके पर आस्था शरण के दादा, पिता, चाचा भी मौजूद थे।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का आमरण अनशन का ऐलान



**रांची, झारखंड-** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की समीक्षा बैठक गुरुवार को विधायक क्लब, रांची में संस्थापक महासचिव पुष्कर महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पुलवामा में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए आमरण अनशन की घोषणा की। उन्होंने झारखंड आंदोलनकारियों को 50-50 हजार रुपये पेंशन देने की मांग दोहराई। बैठक में पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता, कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, रोजलिन तिर्की सहित कई नेताओं ने विचार रखे। बैठक में सर्वसम्मति से आमरण अनशन का प्रस्ताव पारित हुआ और कांग्रेस नेता राहुल गांधी, झारखंड प्रभारी व मुख्यमंत्री को मांगपत्र सौंपने का निर्णय लिया गया।कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ आंदोलनकारी अल्फ्रेड आईन को सम्मानित किया गया।

## समस्तीपुर में एक रुपए किलो भी नहीं बिक रहा टमाटर ! नाराज किसानों ने किया प्रर्दशन, MSP की मांग.

स्वतंत्र प्रभात



**समस्तीपुर** जिले के ताजपुर फल सब्जी मंडी में टमाटर के थोक दाम गिरकर एक रुपये प्रति किलो पर आ गए हैं। जिससे किसानों को जबरदस्त नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान फसल की लागत का भी खर्च नहीं निकाल पा रहे हैं। इससे नाराज किसानों ने अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने बेचने के लिए लाए कई क्विंटल टमाटर सड़क पर ही फेंक दिया। इस दौरान किसान संगठनों ने राज्य सरकार से मांग की है कि वे टमाटर उत्पादक किसानों के हितों की रक्षा के लिए तुरंत उचित कदम उठाएं। जानकारी के मुताबिक, किसानों को मंडी में 1 और 2 रुपए किलो का भाव मिल रहा है, ऐसे में उन्होंने जितनी लागत टमाटर की फसल पैदा करने में लगाई, वह भी नहीं निकल पा रही है, जिससे उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। गुरुवार को जब बिक्री के लिए टमाटर लेकर पहुंचे किसानों को एक रुपये किलो के भाव मिले तो उन्होंने टमाटर सड़क पर ही फेंक कर अपना रोष व्यक्त किया। ताजपुर थोक मंडी में टमाटर बेचने आए मोतीपुर के किसान ललन दास ने बताया कि मेरा परिवार हर साल टमाटर और बंधा गोभी की खेती करता है, जिससे परिवार का भरण पोषण होता रहा है। उन्होंने बताया कि इस सीजन खेत ठेका पर लेकर दो एकड़ में 9 हजार की दवाएं, 10 हजार का बीज, 3 हजार का सिंचाई पानी समेत मजदूरी की राशि जोड़ने पर लगभग 80 हजार का खर्च आया। ये खर्च भी निकालना मुश्किल हो रहा है। फसल के भाव गिरने से उन्हें खेती में भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। वहीं एक अन्य किसान ने बताया कि मंडी में 1 रुपया किलो में भी कोई फसल खरीदने वाला नहीं है। जिससे फसल की लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है। साथ में बंधा गोभी की भी कीमत नहीं मिल रही है। उन्होंने बताया कि 2 लाख रुपये का कर्ज लेकर मटर की बुवाई की थी, लेकिन इस बार भाव गिरने से उन्हें खेती में भारी नुकसान हुआ है। वहीं, अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव ललन कुमार ने बताया कि किसान कॉर्पोरेट कंपनी से महंगे बीज खाद पेस्टिसाइड खरीद कर खेती करते हैं। सिंचाई से लेकर फसल की तुड़ाई और धुलाई देकर मंडी तक फसल को पहुंचाते हैं, लेकिन मंडी में आने पर उन्हें लागत भी नहीं मिल पा रहा है। एक-दो दिन इंतजार के बाद किसानों को टमाटर या अन्य उत्पादन फेंकना पड़ जाता है। उन्होंने कहा कि किसान लंबे समय से सरकार से टमाटर और अन्य सब्जियों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) घोषित करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार किसानों की मांग को सुन नहीं रही है।

## समस्तीपुर में बगीचे में मिला युवक का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

स्वतंत्र प्रभात

**समस्तीपुर** में शुक्रवार को एक युवक का शव मिलते ही सनसनी फैल गई। उसकी पहचान कर्पूरीग्राम थाना क्षेत्र के बेला पंचरुखी निवासी ईश्वर राम के 28 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार के रूप में हुई है। घटना की सुचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच के लिए स्नस्रुकी टीम को बुलाया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। इस संबंध में मृतक के पिता ने बताया कि गौतम कल देर शाम करीब 8 बजे ट्रेन का टिकट लेने के लिए घर से रेलवे स्टेशन गया था। उसके बाद रात 9 बजे उसका फोन आया की वह रात में घर नहीं आएगा। जिसके बाद आज सुबह ग्रामीणों से सुचना मिली उसका शव पुनास गांव के बगीचे में मिला है।

जिसके बाद परिवार के लोग घटना स्थल पर पहुंचे। तो देखा कि उसका शव गाछी में जमीन पर पड़ा था और उसके गले पर गहरा निशान था। जिससे आशंका है कि गला घोंटकर उसकी हत्या की गयी है। उन्होंने कहा कि किसी ने हत्या करने के बाद शव को बगीचे में फेंक दिया है।एएसपी संजय पांडे ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर



भेजा गया था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। जल्द ही इस मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

## आतंकी हमले के खिलाफ आइसा का कैंडल मार्च व प्रतिरोध सभा, गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग

स्वतंत्र प्रभात

**त्रिवेणीगंज सुपौल बिहार**-जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले में निर्दोष पर्यटकों की मौत के विरोध में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) द्वारा आज जोरदार प्रतिरोध मार्च निकाला गया। यह मार्च प्रखंड प्रभारी रामाशीष कुमार के नेतृत्व में अनूपलाल यादव महाविद्यालय के मुख्य द्वार से शुरू होकर मेलाग्राउंड होते हुए पुरानी बैंक चौक तक पहुँचा, जहाँ शहीद पर्यटकों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई एवं दो मिनट का मौन रखा गया।कैंडल मार्च के बाद प्रतिरोध सभा का आयोजन किया गया, जिसमें आइसा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सियोटा ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने सवाल उठाया कि बैसरन घाटी में 2000 से अधिक पर्यटकों की मौजूदगी के बावजूद सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं थे। उन्होंने कहा कि सरकार इस हमले की आड़ में धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है, जबकि देशवासी आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की।सभा को संबोधित करते हुए आइसा जिला सचिव डॉ. अमित चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 56 इंच के सीने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं, तब सरकार की चुप्पी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर सरकार की नीति विफल रही है और जवाबदेही तय होनी चाहिए।माले जिला सचिव जयनारायण यादव और खेग्रामस जिला सचिव जन्मेजय सिंह राई ने भी सरकार की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार केवल भाषण और जुमलों तक सीमित रह गई है। उन्होंने भी गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की और देश की सुरक्षा को लेकर सरकार की गंभीर विफलताओं को शर्मनाक बताया। इस



मौके पर सुनील कुमार, अनुपम कुमार, शशिकांत कुमार, विवेक कुमार, मंजेश कुमार, राजू सिंह राई, अभिनन्दन, पप्पू कुमार, पिंटू कुमार, दिलखुश कुमार, दिलशाद आलम, शिवशंकर, आदर्श कुमार, सावन, रौशन, अमित, सुनील, अभिनव, आनंद, नीतीश, सोनू, लल्टू, कृष्णाशिव, गौरव, सत्यम, राजकिशोर, प्रवीण, सुभाष, राजा, गौतम, प्रवेश, कपिल, हरिओम, सुमन, आशीष, अभिषेक, जयकुमार सहित दर्जनों आइसा कार्यकर्ता शामिल थे।

## जर्जर अवस्था में पड़ी तैयबपुर से सोनापुर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य तेजी गति के साथ हुआ प्रारंभ।

**● गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ- साथ निर्धारित समय पर पूरा करना ही हमारा उद्देश्य- संवेदक**

स्वतंत्र प्रभात




**किशनगंज** जिला के पोठिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डूबानोची में तैयबपूर से सोनापुर सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया है। आपको बता दें कि दशकों से जर्जर अवस्था में पड़ी सड़क अब जाकर प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना फेस तृतीय के तहत 11 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल -2 के द्वारा कार्य करवाया जा रहा है। उक्त सड़क का निर्माण कार्य लगभग 13 करोड़ की लागत से निर्मित होना है। इस सड़क का निर्माण कार्य का कार्यकारी एजेंसी ए. बी.बिल्डीकॉन जिसके संवेदक श्री नूरुल हसन हैं।

वहीं संवेदक नूरुल हसन ने जानकारी देते हुए कहा कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ किया जा रहा है और दिए गए निर्धारित समय पर पूरा करना है। सड़क के निर्माण कार्य के गुणवत्ता मानकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ताकि अगले पांच वर्षों तक सड़क पर आवागमन बेहतर तरीके से हो सके। वहीं संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता चन्द्रशेखर सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले पुल -पुलिया, सड़के आदि कार्यों को पूरा किया जाना है। इस सड़क निर्माण कार्य शुरू होते देख स्थानीय ग्रामीणों में खुशी का माहौल व्याप्त है।

## अनूपलाल यादव महाविद्यालय में बाल भाषा विकास पर कार्यशाला का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**त्रिवेणीगंज सुपौल बिहार**- अनूपलाल यादव महाविद्यालय के आइक्यूएसी (आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) के तत्वावधान में ÷बाल मनोवैज्ञानिकों के अनुसार बच्चों में भाषा विकास की अवस्थाएं÷ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. अशोक कुमार ने किया, जो महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयदेव प्रसाद यादव के संरक्षण एवं मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. पुलकित प्रसाद यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यशाला में वक्ताओं और छात्र-छात्राओं ने बच्चों में भाषा विकास की विभिन्न अवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की। बताया गया कि जन्म से पूर्व जीवन में अनुवांशिक कारकों का प्रभाव, एवं जन्म के बाद सामाजिक परिवेश भाषा विकास को प्रभावित करता है। बच्चे ध्वनि विज्ञान, वाक्य विन्यास, अर्थविज्ञान, रूपविज्ञान एवं व्यावहारिकता के माध्यम से भाषा कौशल विकसित करते हैं।

वक्ताओं ने बताया कि शिशु अवस्था में बच्चे रोकर और कूककर ध्वनि निकालते हैं, फिर बड़बड़ाने लगते हैं। दो वर्ष की अवस्था तक कुछ शब्दों का प्रयोग, ढाई-तीन वर्ष में वाक्य बनाना, और चार वर्ष की उम्र में लिखना शुरू कर देते हैं। प्रारंभिक भाषा का ज्ञान परिवार से प्राप्त होता है, जो विद्यालय और समाज से और समृद्ध होता है। कार्यशाला में प्रो. वीरेंद्र कुमार, प्रो. सुरेंद्र कुमार, प्रो. महेश कुमार सराफ, प्रो. रामचंद्र प्रसाद यादव सहित कई प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं जैसे निशांत, रोशन, लता, सरिता, मुन्नी, पूजा, सुधा, रविता, खुशबू, प्रियंका, शिव कुमार, रितेश, राहुल, नीतीश, विकास, सूरज, दिलखुश आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

## बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधा रोपण हेतु गड्ढों एवं फलदार वृक्षों का पदाधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण

**●बीडीओ ने पौधों के सिंचन, रख-रखाव के दिए निर्देश फलदार वृक्षों से लाभुक को होगा आर्थिक लाभ, सरकार दे रही काफी सुविधा : बीडीओ पाकुड़िया, सोमनाथ बनर्जी**

स्वतंत्र प्रभात




**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** बीते शुक्रवार को पाकुड़िया प्रखंड के लागडुम पंचायत के तालवा व लागडुम ग्राम में पौधे रोपण तथा बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लगे फलदार वृक्षों का स्थलीय निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी तथा सहायक अभियंता रोहित कुमार ने किया। निरीक्षण के क्रम में पौधों को लगाने के उपरांत जल की सिंचाई, मिट्टी डालना, सुरक्षा के लिए घेराबंदी करने का निर्देश लाभुकों को दिए गए। बीडीओ द्वारा बताया गया कि पौधे जब वृक्ष बनेंगे तो फलदार वृक्षों में लगे फलों को बाजार में बिक्री से लाभुक को आर्थिक लाभ होगा। वहीं सहायक अभियंता ने गड्ढों की नाप की जानकारी दी ताकि पौधों के बढ़ने में सुविधा हो। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेविका, लाभुक सोजोनी हेम्बरम, शिवलाल टुडू उपस्थित थे।

## जोरिया पर पुल निर्माण नहीं किये जाने से ग्रामीणों के आवागमन में बढ़ी कठिनाई

**●ग्रामीणों ने विधायक से की पुल निर्माण कराने की मांग**

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया से 6 किलोमीटर दूर लागडुम पंचायत के चिरुडीह टोला के निकट जोरिया (गाडा) पर पुल का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों के आवागमन में भारी कठिनाई होने की बात 24 अप्रैल को टोले के लोगों ने कही। चिरुडीह गाडा टोला के सोदा किस्कू, अर्नेस्ट किस्कू, महिन्द्र मुर्मू तथा बुद्धिश्वर हेम्बरम सहित बड़ी संख्या में टोले की महिलाओं ने बताया कि इस गाडा पर आज तक पुल नहीं बनने से हम लोगों को इस कच्ची सड़क से आरईओ जीर्ण रोड तक आने-जाने में बहुत मुश्किलें होती हैं। विशेष रूप से वर्षा के दिनों में जोरिया पार करने में जोखिम रहता है। लोगों ने उक्त जोरिया पर पुल तथा ध्वस्त कच्ची सड़क के निर्माण नहीं होने से इस टोला के अलावा महेशपुर प्रखंड के दुमदुमी सहित कई निकट के ग्राम तथा अन्य टोले के लोगों, विशेषकर महिलाओं को वर्षा के दिनों में बड़ी कठिनाई झेलनी पड़ रही है। लोगों ने कहा कि गाडा में पुल एवं टोला के पीसीसी पथ से आरईओ पथ तक अच्छी सड़क के निर्माण होने से इस टोला के अलावा दूसरे टोला व अन्य गांव – छोटा बरमसिया, काटालडीगी, सालपानी, चांदना –



तथा कहीं भी बाहर कम समय में आवागमन किया जा सकेगा। वहीं महिलाओं का मानना है कि गाडा पुल व बढ़िया सड़क के निर्माण होने से हम ऑटो-टोटो से कम समय में पाकुड़िया प्रखंड कार्यालय, बैंक, बाजार व बाहर कहीं भी आने-जाने में आसानी होगी। महिलाओं व ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक स्टेफन मरांडी से जोरिया पर पुल तथा उससे जोड़कर अच्छी सड़क का आरईओ पथ तक शीघ्र निर्माण कराने की मांग की है, ताकि हम ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिल सके।

## पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ बच्चों ने बनाई मानव श्रृंखला, दी श्रद्धांजलि

**● नन्हे हाथों ने स्लोगन, पोस्टर और समूह चर्चा के जरिए उठाई आतंकवाद के खिलाफ आवाज हमें हिंसा नहीं, बल्कि प्यार और शांति को अपनाना होगा - प्रिंसिपल रोहित सिंह**

स्वतंत्र प्रभात



**बरही-** पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस दुखद घटना के बाद देवचन्दा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों और शिक्षकों ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाई, नारे लिखे, पोस्टर बनाए, समूह चर्चा की और हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस आयोजन में बच्चों और शिक्षकों ने आतंकवाद के खिलाफ मजबूत संदेश दिया और समाज में शांति और एकता का आह्वान किया। स्कूल परिसर में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों ने अपने हाथों से रंग-बिरंगे पोस्टर बनाए। मानव श्रृंखला बनाकर बच्चों ने एकता का संदेश दिया और आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

इसके अलावा, बच्चों ने समूह चर्चा में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने आतंकवाद को विश्व से समाप्त करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया। चर्चा में बच्चों ने सुझाव दिए कि शिक्षा, जागरूकता, और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देकर आतंकवाद की जड़ों को कमजोर किया जा सकता है। इस दौरान स्कूल के सभी कर्मचारियों ने भी इस पहल में हिस्सा लिया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुए इस आतंकी हमले ने हम सभी को गहरी चोट पहुंचाई है। हमारे बच्चे आज यह संदेश दे रहे हैं कि हमें हिंसा नहीं, बल्कि प्यार और शांति को अपनाना होगा। मुझे गर्व है कि हमारे बच्चों ने न केवल पोस्टर और मानव श्रृंखला के जरिए अपनी आवाज उठाई, बल्कि समूह चर्चा में भी गंभीरता से आतंकवाद को समाप्त करने के उपाय सुझाए। उन्होंने साबित किया कि छोटी उम्र में भी वे बड़े मुद्दों को समझते हैं और समाज के लिए कुछ करना चाहते हैं। प्रिंसिपल रोहित सिंह ने आगे कहा कि हमारे बच्चों ने आज यह दिखाया कि वे न केवल आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज उठा सकते हैं, बल्कि समाधान भी सुझा सकते हैं। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। बता दें कि पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी, जिसमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस हमले ने देश भर में शोक की लहर दौड़ा दी। ऐसे में बच्चों का यह प्रयास न केवल शांति का संदेश देता है, बल्कि समाज को यह भी सिखाता है कि एकता, जागरूकता और शिक्षा के जरिए हम आतंकवाद जैसे काले साये को हरा सकते हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में शिक्षक संघ ने काला बिल्ला लगाकर किया शिक्षण कार्य

स्वतंत्र प्रभात



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** पहलगाम आतंकी हमले का अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ चौपारण इकाई ने घोर निंदा की है इसे लेकर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई ने शुक्रवार 25 अप्रैल को राज्य कार्यकारिणी के निर्देशानुसार विरोध स्वरूप काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार कमल ने बताया कि 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने हमारे 28 बेगुनाह देशवासियों की नृशंस हत्या कर मानवता को कलंकित करने वाली एक कायरतापूर्ण कार्य किया है। इस आतंकी हमले से पूरा देश मर्माहत है।

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ इस जघन्य एवं घिनौने कांड की भर्त्सना करती है और इसके प्रतिकार स्वरूप हम लोग अपने कार्य स्थल पर काली पट्टी लगाकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। प्रतिकार करने में सुरेंद्र कुमार दास, डॉक्टर प्रदीप साहू, जनार्दन प्रसाद वर्मा, राकेश कुमार, राजकुमार प्रजापति, कैंसर आलम, शशिकांत शर्मा, बद्दी उजमा, राकेश कुमार, राजेश कुमार, विजय कुमार, छोटन प्रसाद, आशेश्वर प्रजापति, मृत्युंजय सिंह, उपेंद्र कुमार, शोएब अहमद, संजय कुमार सिंहा एवं तमाम प्रखंड कार्यकारिणी के शिक्षकों ने प्रतिकार में काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया।

# पेंशन मुद्दे की धमक से गूंजेगी दिल्ली, 1 मई को जंतर मंतर पर होगा ऐतिहासिक धरना- अटेवा

स्वतंत्र प्रभात



जौनपुर। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 1 मई को दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी विशाल धरने के मद्देनज़र अटेवा करंजाकला जौनपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक होटल रिवर व्यू में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देकर की गई। बैठक में मुख्य रूप से दिल्ली धरना कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई, साथ ही ब्लॉक कार्यकारिणी का पुनर्गठन भी किया गया। कार्यक्रम के संयोजक, मंडल उपाध्यक्ष एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री रमेश यादव ने कहा कि मजदूर दिवस के अवसर पर होने वाला यह प्रदर्शन ऐतिहासिक होगा, जिसमें जौनपुर की भागीदारी भी उल्लेखनीय रहेगी।

मुख्य अतिथि राज कालेज की अंग्रेजी प्राध्यापक डॉ. रेखा त्रिपाठी ने अपने संबोधन में साझा करते हुए कहा कि संघर्ष ही जीवन का आधार है, और पुरानी पेंशन के लिए जारी आंदोलन अपनी मंजिल जरूर पाएगा। जिला संयोजक चंदन सिंह और जिला महामंत्री इंदु प्रकाश यादव ने सभी पदाधिकारियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पेंशन विहीन साथियों को लेकर दिल्ली चलें। महिला विंग की कार्यकारी जिला संयोजिका आराधना चौहान ने मातृशक्ति से दिल्ली पहुंचने की विशेष अपील की। जिला उपाध्यक्ष डॉ. श्याम सुंदर उपाध्याय ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना न केवल कर्मचारियों के लिए बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास के लिए भी जरूरी है। जिला कैडर सह प्रभारी जगदीश यादव ने अटेवा की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए भरोसा जताया कि जल्द ही यह संघर्ष रंग लाएगा। इस अवसर पर पूनम जायसवाल, टी. एन. यादव, संदीप चौधरी, अरविंद यादव, प्रमोद प्रजापति, ब्रह्म शील यादव, डॉ. कृपा निधि यादव, आशीष यादव, प्रदीप चौहान, आनंद स्वरूप, प्रदीप उपाध्याय, मनीष यादव, विनीता यादव, कविता, कृष्ण कुमार गुप्त, राहुल शर्मा, जय सिंह यादव, सौरभ श्रीवास्तव, वीरेंद्र यादव सहित सैकड़ों पेंशन विहीन शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संगठन मंत्री सुभाष सरोज ने की, जबकि संचालन बबिता चौबे, प्रदीप उपाध्याय एवं जिला कोषाध्यक्ष नंदलाल पुष्पक ने संयुक्त रूप से किया।

## अटाला मस्जिद में आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि, आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी



जौनपुर के शाही अटाला मस्जिद (ढालघर टोला) में जुमे की नमाज के बाद सभासद अलमास सिद्दीकी और उनके सहयोगियों द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान मौजूद लोगों ने शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दुआ की और आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश प्रकट किया। घटना के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने देश में अमन और शांति की अपील की।

## जेसीआई जौनपुर ने दिव्यांग स्कूल बक्शा को लिया गोंद

स्वतंत्र प्रभात



जौनपुर बक्शा अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था जेसीआई जौनपुर के जिला अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव के द्वारा हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल बक्शा जौनपुर को गोंद लिया गया मुख्य अतिथि के रूप में पीजेडपी आलोक सेठ जी रहे साथ में पूर्व अध्यक्ष संजय गुप्ता, जेसी रंजीत सिंह सोनू जेसी डॉ प्रमोद कुमार सैनी रहे कार्यक्रम का संचालन सचिव जेसी सतीश कुमार जयसवाल ने किया मुख्य अतिथि आलोक सेठ ने दिव्यांग बच्चों को बताया कि आपके आपको दिव्यांग ना समझे आपके अन्दर अनेक प्रतिभाएं छिपी हुई हैं मेहनत करिए सामान्य से आगे जा सकते हैं सफल हुए कई दिव्यांगजनों का उदाहरण भी दिए जिला अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाना चाहिए जिससे ये भी अपना जीवन यापन अच्छे से कर सके इस संस्थान के प्रबन्धक विनोद कुमार माली से कहा है कि बच्चों को भोजन कपड़ा स्वास्थ परिक्षण ,उपकरण आदि सुविधा जेसीआई के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा आज से इस संस्था को जेसीआई गोंद ले लिया गया है अब जेसीआई द्वारा हर सुविधा दिव्यांग बच्चों को उपलब्ध कराया जाएगा मौके पर संस्थान के प्रभारी प्रिंसिपल जितेंद्र प्रताप मौर्या, स्टॉप संदीप यादव, प्रदीप यादव, मनोज माली, सोनम यादव, मंजू प्रजापति, पूनम उपाध्याय, प्रिया उपाध्याय, भीमराज दिव्यांग बच्चे व उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हाईस्कूल में अंशिका यादव को मिला जनपद में पांचवां स्थान



रामपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं में अंशिका यादव जनपद में सातवां स्थान प्राप्त कर बढ़ाया क्षेत्र का मान। रामपुर क्षेत्र के मुसईपुर निवासी श्री हंसराज कैरियर इण्टर कालेज कोटिगांव रामपुर की हाईस्कूल की छात्रा अंशिका यादव ने 600 में 564 अंक प्राप्त करके 94.00% के साथ जिले में पांचवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक रविन्द्र तिवारी ने अंशिका व उनके परिवार को दिया बधाई। मुसईपुर, रामपुर निवासी अंशिका यादव ने बताया कि जिले में पांचवां स्थान मिलने से काफी खुशी मिली है। बहुत ज्यादा ही खुशी महसूस कर रही हूं। अंशिका अपने सफलता मे माता-पिता व गुरु जनों को श्रेय देकर कहा कि मेरे माता-पिता व गुरू जनों का सहयोग ही रहा जिससे मुझे यह सफलता प्राप्त हुई है। अंशिका यादव ने कहा कि वह आगे पढ़ाई कर डाक्टर बनना चाहती हूं। अंशिका के पिता पंकज यादव उसी के कालेज श्री हंसराज कैरियर इण्टर कालेज कोटिगांव रामपुर में प्राईवेट अध्यापक है।

### शिया जामा मस्जिद में पहलगाम हमले के खिलाफ आक्रोश, मौलाना महफ़ूज़ुल हसन ने की सख्त कार्रवाई की मांग



जौनपुर के नवाब बाग स्थित शिया जामा मस्जिद में जुमा की नमाज के दौरान इमामे जुमा और जामिया इमानिया नासिरया के प्रिंसिपल मौलाना महफ़ूज़ुल हसन खां ने पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने अपने खुत्बे में कहा कि बेगुनाह इंसानों का कत्ल एक निंदनीय और शर्मनाक कृत्य है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मौलाना ने कहा कि "पहलगाम में जिन बेगुनाहों को निशाना बनाया गया, उनके साथ हमदर्दी रखना इंसानियत का तकाज़ा है। शिराज़े हिन्द जौनपुर के शिया मुसलमान भारत सरकार से मांग करते हैं कि हमले के दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए और पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक कदम उठाया जाए ताकि वह सबक सीख सके।" उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में शिया समुदाय मृतकों के परिजनों के साथ खड़ा है और उनकी पीड़ा में पूरी तरह से शरीक है। नमाज के बाद मस्जिद परिसर में विशेष दुआ कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। समुदाय में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश और शोक व्याप्त है।

### दीप शिखा गुप्ता ने हाईस्कूल में पहला स्थान पाकर बढ़ाया मान



पनियरा/महराजगंज। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में जिला में प्रथम स्थान व प्रदेश में 8वां स्थान पाने वाली दलसिंगार इंटर कॉलेज रतनपुरवा मंसूरगंज महराजगंज की दीप शिखा गुप्ता 580 (96.67) प्रतिशत नंबर पाकर जिले व विद्यालय का नाम रोशन किया है। दीपशिखा तीन बहनों में सबसे छोटी है जिसकी बड़ी बहन जो मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रही व उससे छोटी बहन जो इसी विद्यालय दलसिंगार इंटर कॉलेज में 12 की छात्रा है। एक छोटा भाई जो 3 की छात्र है इसके पिता दिल्ली में रहकर पेंट पॉलिश के ठेकेदार है व माता शकुंतला देवी गृहिणी है। जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर परिजन व विद्यालय समेत आस-पास के लोगो ने खुशी जताई है।

### पुलिया निर्माण को रोकवाने की मांग

महराजगंज। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जिगिना टोला गंगापुर निवासी हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शिवेंद्र यादव ने पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर पचास मीटर के अन्दर हो रहे चौथे पुलिया के निर्माण कार्य को रुकवाने की मांग किया है। शिवेंद्र यादव ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में लिखा है कि उसके घर के पास एक नाला निकला है जो करौता सीवान की तरफ गया है। आरोप है कि उसी नाले पर पचास मीटर के अन्दर तीन पुलिया का निर्माण हो चुका है और अब एक व्यक्ति को विशेष लाभ देने के लिए चौथे पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। यह भी लिखा है कि ठेकेदार मनमानी कर रहा है जिसकी वजह से ग्रामीण आक्रोशित हैं। शिकायत कर्ता ने जांच कर निर्माणाधीन पुलिया को रोकवाने की मांग किया है।

## 14 सूत्रीय मांगों को लेकर 1 मई को देंगे बीएसए कार्यालय पर शिक्षक धरना

● शिक्षक समस्याओं के निराकरण के लिए सिर्फ संघर्ष एक मात्र विकल्प- अरविंद

स्वतंत्र प्रभात



जौनपुर। शिक्षकों की लंबित समस्याओं एवं मांगो को लेकर प्रदेश कार्यसमिति के निर्णयोपरांत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बीएसए कार्यालय पर 1 मई 2025 को धरना प्रदर्शन करेगा और इन समस्याओं के अविलंब निराकरण हेतु जिलाधिकारी जौनपुर के माध्यम से उसी दिन माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी भेजेगा । उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने बताया कि इससे संबंधित उपर्युक्त विषयक सूचना आज जिला प्रशासन को दे दी गई है। जिसमें 01 मई 2025 को प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की भांति जौनपुर के जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय पर 10 बजे से 2 बजे तक शिक्षकों द्वारा अवकाश लेकर धरना दिया जाएगा।

बेसिक शिक्षकों के 14 सूत्रीय मांगों में मुख्य रूप से 2004 के बाद नियुक्त सभी शिक्षकों की पुरानी पेंशन की बहाली, मेमोरेंडम के बावजूद 2004 विशिष्ट बीटीसी बैच एवं बीटीसी शिक्षकों को पुरानी पेंशन की बहाली, वर्षों से लंबित पदोन्नति की प्रक्रिया को शीघ्र संपादित करना, सभी प्रकार के अंतर्जनपदीय एवं अंतः जनपदीय स्थानांतरण, सभी शिक्षकों के लिए सामूहिक बीमा 10 लाख करना, विद्यालय संचालन अवधि टाइम एवं मौसम के अनुसार ग्रीष्म कालीन प्रातः 7:00 बजे से 12:00 तक कार्यअवधि ( 5 घंटे किया जाना), विकलांग शिक्षकों हेतु दिव्यांग वाहन भत्ता हेतु आदेश निर्गत करना आदि मांगे शामिल है।

जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल ने कहा कि शिक्षकों की समस्याएं काफी दिनों से लंबित है, जिसका निराकरण न होने से शिक्षक आक्रोशित है। इसको लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के पास संघर्ष के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है । शिक्षकों ने आगामी 1 मई को बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया है। जिला मंत्री रवि चंद्र यादव ने कहा कि 1 मई 2025 को सभी ब्लॉकों के शिक्षक पदाधिकारी अपने ब्लॉक के बैनर के साथ सैकड़ों की संख्या में धरना में शामिल होकर अपनी आवाज को बुलंद करें। कोषाध्यक्ष रामदुलार ने कहा कि शिक्षकों के हित में संघर्ष जारी रहेगा जब तक कि मांगे नहीं मानी जाती है। शिक्षको के प्रति सरकार अपनी हठधर्मिता छोड़े। इस अवसर पर समस्त परिषदीय शिक्षकों से अपील की गई कि वे अपनी मांगों के लिए अधिक से अधिक संख्या में अवकाश लेकर धरना में पहुंचे।

## डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का नाम आते ही भारतीय संविधान का जिक्र अपने आप आ जाता है- शंकर गिरी

● बाबा साहब ऐसे धर्म को मानते थे जो स्वतंत्रता, समानता और आपसी भाईचारा सिखाता है- रमेश सिंह

बाबा साहेब का मानना था कि जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए- पुष्पराज सिंह

स्वतंत्र प्रभात



जौनपुर- भारतीय जनता पार्टी जौनपुर की संगोष्ठी जिला कार्यालय पर डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के याद मे आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने की और मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री शंकर गिरी और विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रदेश पंचायत प्रकोष्ठ के संयोजक रमेश सिंह उपस्थित रहे। सर्वप्रथम पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं० दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा श्रद्धासुमन अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मुख्य अतिथि शंकर गिरी ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता की ऐसी अद्भुत मिसाल है। जो शायद ही कहीं और देखने को मिले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का नाम आते ही भारतीय संविधान का जिक्र अपने आप आ जाता है। सारी दुनिया आमतौर पर उन्हें या तो भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका के नाते याद करती है या फिर भेदभाव वाली जाति व्यवस्था की प्रखर आलोचना करने और सामाजिक गैर बराबरी के खिलाफ आवाज उठाने वाले योद्धा के तौर पर जाने जाते है। विशिष्ट अतिथि रमेश सिंह ने कहा कि बाबा साहब ऐसे धर्म को मानते थे जो स्वतंत्रता, समानता और आपसी भाईचारा सिखाता है। ऐसे हमारे प्रेरणा स्त्रोत थे बाबा साहब जिनको आज पूरी दुनिया याद कर रही है। उन्होंने लाखों युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

संगोष्ठी में जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि अंबेडकर साहब की एक बात हमेशा उनके जेहन में होती है कि वह कहते थे कि यदि हम एक संयुक्त एकीकृत आधुनिक भारत चाहते हैं तो सभी धर्मों के शास्त्रों की संप्रभुता का अंत होना चाहिए। बाबा साहेब का मानना था कि जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए। उक्त अवसर पर राकेश वर्मा, मनोरमा मौर्य, विजय लक्ष्मी साहू सिद्धार्थ सिंह साहित तमाम बुद्धजीवी वर्ग उपस्थित रहा।

## मुख्यमंत्री माटीकला ग्रामोद्योग रोजगार योजना अंतर्गत 30 मई तक करें आवेदन

स्वतंत्र प्रभात

रायबरेली, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया है कि मुख्यमंत्री माटीकला ग्रामोद्योग रोजगार योजना प्रजापति समाज (मिट्टी का काम करने वाले) की आर्थिक स्थिति सुदृढ करने के लिए राज्य सरकार द्वारा राजस्व विभाग से मिट्टी निकालने हेतु प्राप्त पट्टा धारको/परम्परागत कारीगरो (कुम्हारों) को आसान किस्तो मे बैको के माध्यम से ऋण भी उपलब्ध कराया जायेगा। प्लास्टिक और थर्माकोल से बने पात्रो मे खाद्य वस्तुओ का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है तथा पर्यावरण के लिए भी नुकसान दायक है। जिसके लिए उ0प्र0 सरकार भी प्लास्टिक का चलन रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके स्थान पर मिट्टी के बर्तनों को बढ़ावा देने से प्रदूषण मे कमी के साथ ही कुम्हारी कला से जुड़े परिवारो की आर्थिक स्थिति मे सुधार होगा। खादी ग्रामोद्योग विभाग से माटीकला बोर्ड की ओर से शुरु की गयी मुख्यमंत्री माटीकला ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत विभिन्न प्रकार के मिट्टी के बर्तन बनाने और बेचने का कार्य करने हेतु मु0 10.00 लाख रुपये तक का बैक द्वारा दिलाया जाएगा। इसमे लाभार्थी को पांच प्रतिशत अंशदान स्वयं लगाना होगा तथा प्रोजेक्ट पर 95 प्रतिशत तक की धनराशि ऋण के रुप मे बैकों द्वारा स्वीकृत होगी। जिसमे कार्यशील पूंजी को छोड़कर शेष पूंजीगत ऋण धनराशि पर 25 प्रतिशत तक की धनराशि लाभार्थियो को मार्जिनमनी के रुप मे अनुदान स्वरुप प्राप्त होगी। यह धनराशि तीन वर्ष बाद ऋण खाते मे कार्य करने की दशा मे समायोजित होगी। इच्छुक आभ्यार्थी महिला/पुरुष अपने निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, फोटो, शैक्षिक योग्यता आदि प्रपत्रो के साथ अपना आवेदन पत्र 30 मई 2025 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय पुरानी तहसील रायबरेली मे कर सकते है।

## आतंकी हमले के विरोध में निकाला गया कैंडल मार्च

● आतंकियों व आतंकवाद के विरुद्ध केंद्र सरकार से जवाबी कार्यवाही की मांग

स्वतंत्र प्रभात




महराजगंज। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में नौतनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत अहिरौली के परसौनी चौराहे पर ग्रामीणों ने कैंडल मार्च निकालकर आतंकियों के कायराना हरकत पर आक्रोश जताया। लोगो ने एक स्वर में केंद्र सरकार से आतंकियों व आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की। इस दौरान आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धांजलि दी गई।

नौतनवा ब्लाक के परसौनी चौराहे पर कैंडल मार्च निकाली गई। आतंकियों पर कठोर और जवाबी कार्रवाई की मांग से संबंधित नारे लगाए गए। श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर ग्रामीणों ने सभी मृतकों के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। भारी आक्रोश के बीच लोगों ने कहा कि आतंकी हमले में भारत के 26 निर्दोष लोगों ने जान गंवा दी। ऐसे में केंद्र सरकार इसका मुंहतोड़ जवाब दे और इसके बदले सैकड़ों आतंकवादियों व उनके आकाओं की जान ले तथा आतंकवाद को जड़ से मिटाने का कार्य करे तब जाकर घटना में मरने वालों की आत्मा को शांति मिलेगी। इस दौरान एसआई रामजीत, काटेबल अनिल यादव, समाज सेवी बृजेश यादव, गिरजा शंकर पाण्डेय, युवा नेता गब्बर यादव, लालचंद जायसवाल, राधेश्याम साहू, राम बहादुर साहू, अमन, अजय मोदनवाल, श्याम बिहारी यादव, अब्दुल रहीम, सज्जाद अली, जुबेर अली, विनायक यादव, मुद्रिका यादव, सूरज यादव, राहुल, हामिद अली, रहीश, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## कार्यालय ग्राम पंचायत जड़ार विकास खण्ड-पनियरा, महराजगंज

पत्रांक- मेमो/राज्य वित्त (पन्द्रहवां वित्त) मनरेगा/2025-26 दिनांक 25/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जड़ार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना पंचम वित्त/15 वां वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/केन्द्रीय वित्त आयोग विधायक निधि/सांसद निधि/आगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय/पंचायत भवन/अन्त्योष्टि स्थल विकास निर्माण कार्य/छठ पूजा घाट/खेल मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट इन्टरलाकिंग, ईट, ईट टुकड़ा महीन बालू सिमेंट मोरंग बालू व वर्मी कम्पोस्ट एवं ह्यूम पाईप सरिया, पेन्ट, वायरिंग, पत्थर गिट्टी, सोलर लाईट स्ट्रीट लाईट, ठेला कुदाल झाडू ब्लीचिंग पाउडर चूना कूड़ादान फागिंग मशीन झाड़ी झंखाड़ कटाई/नाली सफाई एवं कूड़ा निस्तारण कार्य एस0एल0 डब्लू0एम0/ई0बी0आर0 के तहत प्लास्टिक बैग, गणक स्थायी कचरा पात्र, ई रिक्सा, ठेला रिक्सा, स्वच्छता किट, हाईमास्क लाइट, जी0आई0सीट, तिरंगा लाईट, लोहा पाईप, आरो प्लान्ट एवं अन्य समाग्री इण्डिया मार्का 2 हैण्ड पम्प रिबोर/मरम्मत, ईट की गिट्टी इत्यादि सामाग्री से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भट्ठा मालिक/आपूर्ति कर्ता दिनांक 29/04/2025 पूर्वाह्न 11 बजे तक आपूर्ति हेतु निविदा दर पर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत जड़ार के निविदा बाक्स में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 29/04/2025 पूर्वाह्न 12 बजे तक गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धन राशि मु. 2000.00 रू0 होगी। नियम व शर्त निम्नवत है।

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकर दाता हो। रजिस्ट्रेशन की प्रति देना भी अनिवार्य है तथा 03 वर्ष आयकर क्लीयरेन्स करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियो/कर्मचारियो द्वारा निविदा दाताओ की उपस्थिति में निर्धारित तिथि समय व स्थान पर टेण्डर खोला जायेगा।
4. आपूर्ति का कार्य ग्राम पंचायत जड़ार के परिधि में निर्धारित कार्यस्थल पर स्वीकृति दर पर अपने संसाधन से करना होगा।
5. जो दरे प्रस्तुत की जाये वह बैट तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामाग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट/बढ़ सकती है।
7. सामाग्री का कार्य सचिव/ग्राम प्रधान के आदेश के पश्चात प्रस्तुत की जाय।
8. आपूर्तिकर्ता के बिल से 2 प्रतिशत आयकर तथा 2 प्रतिशत जी0एस0टी0 कर की कटौती की जायेगी।
9. सचिव/ग्राम प्रधान / तकनीकि सहायक विकास खण्ड पनियरा के कर्मचारियों/ अधिकारियों के सगे सम्बन्धि/रिश्तेदारों के द्वारा निविदा नहीं डाली जायेगी।
10. सीमेन्ट की आपूर्ति हेतु सम्बन्धित के पास डीलरशिप / एजेन्सी होना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में आपूर्तिकर्ता द्वारा खरीदी गयी सिमेन्ट का पक्का विल प्रस्तुत करना होगा।
11. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत जड़ार के पास सुरक्षित होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता (ग्रा0 अभि0वि0) तकनीकि सहायक द्वारा सामाग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होना तथा मापन के उपरान्त ही होगा।
13. धरोहर की धनराशि 2 प्रतिशत नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ0डी0सी0/एल0एस0सी0 के रूप में जो सचिव/ग्राम प्रधान के पदनाम से बन्धक होगा जमा करना होगा।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश दिन के 7 दिवस के अन्दर आपूर्ति निर्धारित कार्यस्थल पर करना होगा।
15. निविदा फार्म का मूल्य 100 रु0 नकद जमा कर किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत जड़ार कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
16. सामाग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में नियम व शर्त एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय ग्राम पंचायत जड़ार के तकनीकि सहायक/कन्सल्टिग इन्जीनियर से प्राप्त की जा सकती है।
17. परियोजना लागत के काम में आपूर्ति आदेश की धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत राशि जमा करना होगा।

ग्राम प्रधान- हुनमुन
ग्राम पंचायत- जड़ार
विकास खण्ड- पनियरा, महराजगंज

ग्रा0वि0अ0/ग्राम पंचायत अधिकारी
आनन्द पाण्डेय
ग्राम पंचायत- जड़ार
विकास खण्ड- पनियरा, महराजगंज

## कार्यालय ग्राम पंचायत बेनीगंज विकास खण्ड-पनियरा, महराजगंज

पत्रांक- मेमो/राज्य वित्त (पन्द्रहवां वित्त) मनरेगा/2025-26 दिनांक 25/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बेनीगंज महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना पंचम वित्त/15 वां वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/केन्द्रीय वित्त आयोग विधायक निधि/सांसद निधि/आगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय/पंचायत भवन/अन्त्योष्टि स्थल विकास निर्माण कार्य/छठ पूजा घाट/ खेल मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट इन्टरलाकिंग, ईट, ईट टुकड़ा महीन बालू सिमेंट मोरंग बालू व वर्मी कम्पोस्ट एवं ह्यूम पाईप सरिया, पेन्ट, वायरिंग, पत्थर गिट्टी, सोलर लाईट स्ट्रीट लाईट, ठेला कुदाल झाडू ब्लीचिंग पाउडर चूना कूड़ादान फागिंग मशीन झाड़ी झंखाड़ कटाई/नाली सफाई एवं कूड़ा निस्तारण कार्य एस0एल0 डब्लू0एम0/ ई0बी0आर0 के तहत प्लास्टिक बैग, गणक स्थायी कचरा पात्र, ई रिक्सा, ठेला रिक्सा, स्वच्छता किट, हाईमास्क लाइट, जी0आई0सीट, तिरंगा लाईट, लोहा पाईप, आरो प्लान्ट एवं अन्य समाग्री इण्डिया मार्का 2 हैण्ड पम्प रिबोर/ मरम्मत, ईट की गिट्टी इत्यादि सामाग्री से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भट्ठा मालिक/आपूर्ति कर्ता दिनांक 03/05/2025 पूर्वाह्न 11 बजे तक आपूर्ति हेतु निविदा दर पर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत बेनीगंज के निविदा बाक्स में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 03/05/2025 अपराह्न 01 बजे तक गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धन राशि मु. 2000.00 रू0 होगी। नियम व शर्त निम्नवत है।

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकर दाता हो। रजिस्ट्रेशन की प्रति देना भी अनिवार्य है तथा 03 वर्ष आयकर क्लीयरेन्स करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियो/कर्मचारियो द्वारा निविदा दाताओ की उपस्थिति में निर्धारित तिथि समय व स्थान पर टेण्डर खोला जायेगा।
4. आपूर्ति का कार्य ग्राम पंचायत बेनीगंज के परिधि में निर्धारित कार्यस्थल पर स्वीकृति दर पर अपने संसाधन से करना होगा।
5. जो दरे प्रस्तुत की जाये वह बैट तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामाग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट/बढ़ सकती है।
7. सामाग्री का कार्य सचिव/ग्राम प्रधान के आदेश के पश्चात प्रस्तुत की जाय।
8. आपूर्तिकर्ता के बिल से 2 प्रतिशत आयकर तथा 2 प्रतिशत जी0एस0टी0 कर की कटौती की जायेगी।
9. सचिव/ग्राम प्रधान / तकनीकि सहायक विकास खण्ड पनियरा के कर्मचारियों/ अधिकारियों के सगे सम्बन्धि/रिश्तेदारों के द्वारा निविदा नहीं डाली जायेगी।
10. सीमेन्ट की आपूर्ति हेतु सम्बन्धित के पास डीलरशिप / एजेन्सी होना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में आपूर्तिकर्ता द्वारा खरीदी गयी सिमेन्ट का पक्का विल प्रस्तुत करना होगा।
11. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बेनीगंज के पास सुरक्षित होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता (ग्रा0 अभि0वि0) तकनीकि सहायक द्वारा सामाग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होना तथा मापन के उपरान्त ही होगा।
13. धरोहर की धनराशि 2 प्रतिशत नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ0डी0सी0/एल0एस0सी0 के रूप में जो सचिव/ग्राम प्रधान के पदनाम से बन्धक होगा जमा करना होगा।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश दिन के 7 दिवस के अन्दर आपूर्ति निर्धारित कार्यस्थल पर करना होगा।
15. निविदा फार्म का मूल्य 100 रु0 नकद जमा कर किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत बेनीगंज कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
16. सामाग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में नियम व शर्त एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय ग्राम पंचायत बेनीगंज के तकनीकि सहायक/कन्सल्टिग इन्जीनियर से प्राप्त की जा सकती है।
17. परियोजना लागत के काम में आपूर्ति आदेश की धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत राशि जमा करना होगा।

ग्राम प्रधान- पूनम
ग्राम पंचायत- बेनीगंज
विकास खण्ड- पनियरा, महराजगंज

ग्रा0वि0अ0/ग्राम पंचायत अधिकारी
त्रयिकेश पटेल
ग्राम पंचायत- बेनीगंज
विकास खण्ड- पनियरा, महराजगंज

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**कानपुर।** आज जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा सरसैया घाट स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली एवं अन्य संबंधित व्यवस्थाओं का गहनता से जायज़ा लिया।

### पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने सौदागर मस्जिद क्षेत्र का किया निरीक्षण



**कानपुर।** दिनांक 25.04.2025 को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा दीना सौदागर मस्जिद (थाना रेलबाजार) क्षेत्र में जुम्मे की नमाज़ के दृष्टिगत पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया। अधिकारियों को सतर्क रहने व संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने के निर्देश। आमजन से संवाद व उनकी सुरक्षा संबंधी चिंताओं के समाधान पर बल। धार्मिक नेताओं से संवाद द्वारा शांति और सौहार्द्र बनाए रखने पर जोर। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक रेलबाजार रहे मौजूद।

### डीसीपी साउथ ने कार्यालय पर की जनसुनवाई

**कानपुर।** आज दिनांक 25.04.2025 को पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी द्वारा अपने कार्यालय पर जन-सुनवाई की। जन-सुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे इन समस्याओं को समयबद्ध तरीके से हल करें। शिकायतों के निस्तारण में देरी न हो, इसके लिए संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे त्वरित कार्रवाई करें और शिकायतकर्ता को समाधान की जानकारी दें। आगंतुकों और पीड़ितों से सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए और बैठने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। सभी फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक और धैर्यपूर्वक सुना जाए व शीघ्र निस्तारण किया जाए । स्थानीय स्तर पर बार-बार आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाने को कहा गया ।

### 50 हजार रूपये का इनामिया अभियुक्त असम से किया गया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** एसटीएफ टीम लखनऊ व थाना हथिगवां पुलिस द्वारा थाना डोबोका, जनपद होजाई, राज्य असम से गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के बारे में वादी ने बताया कि वादी निवासी ग्राम बरना मुराई की सराय ने अपना ट्रैक्टर आरोपीगणों को किराये पर दिया था। आरोपीगणों द्वारा वादी के साथ योजना बध्य तरीके से धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार कर ट्रैक्टर बेच देने के प्रकरण में थाना हथिगवां में मुकदमा दर्ज किया गया था। एसटीएफ व थाना हथिगवां पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 128 / 2024 धारा 420/406/411/465/467/468/471 /120बी भादवि थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ में वांछित 50 हजार रूपये का इनामियां अभियुक्त मुजस्सिम पुत्र मोईन निवासी मिलक गौसपुर थाना डिडौली जनपद अमरोहा को थाना डोबोका, जनपद होजाई, राज्य असम से गिरफ्तार किया गया।

### कांग्रेस जनों ने की शोक सभा

**बिसवां /** सीतापुर कांग्रेस जनों ने कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पत्थर शिवाला परिसर में किया। श्रद्धांजलि सभा कांग्रेस मे वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेश चंद गौड़ कांग्रेस आईटी सेल के प्रदेश सचिव रजनीश मिश्रा नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारे देश के सैलानियों पर आतंकियों ने जो हमला किया है इसकी जितनी भी निंदा की जाए वह काम है। यह हमला हमारे सैलानियों पर नहीं बल्कि भारत देश पर है। शोक सभा में सीतापुर के पूर्व सांसद रहे संकटा प्रसाद भार्गव की पुत्री पुष्पा भार्गव के निधन पर भी शोक व्यक्त किया गया। स्वर्गीय पुष्पा भार्गव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सदस्य थी व सीतापुर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष भी रही। शोक सभा में प्रमुख रूप से मुजीब खान हरीश वर्मा कलीम अंसारी काशीराम भार्गव कमल शुक्ला महेंद्र त्रिपाठी अरुण श्रीवास्तव शहीद कई कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# जुमे की नमाज के बाद काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन एवं मुल्क की हिफाजत के लिए दुआ

## पहलगाम में पर्यटकों पर हुई फायरिंग की मुस्लिमों ने की निंदा

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आज दिनांक 25 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में कुल हिंद जमी अतुल आवाम उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जुम्मे की नमाज के बाद मस्जिद एहसान उल मदरिस जदीद राजबी रोड नई सड़क में महामंत्री महबूब आलम खान के नेतृत्व में काली पट्टी बांधकर दहशतगर्दी के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही निहत्ते लोगों पर कायराना हमला कर दहशतगर्दी में मारे गए लोगों के घर वालों को सब्र, घायलों कि जल्द स्वस्थ होने के लिए दुआ भी की गई इस मौके पर कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे कुल हिंद जमीअतुल आवाम के महामंत्री महबूब आलम खान ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दहशतगर्दी का कोई मजहब नहीं होता जो लोग



दहशतगर्दी करते हैं वह हम में से नहीं है पहलगाम में हुए हमले की सख्त मजामत करते हैं।

उन्होंने यह भी कहा की मजहब ए इस्लाम कहता है की किसी निर्दोष इंसान का कत्ल करना पूरी इंसानियत का कत्ल करने के बराबर है इस घटना की साजिश रचने वालों को अल्लाह पाक से दुआ है इन्हें मिट्टी में मिला दे हमारे मुल्क हिंदुस्तान को बद नजरों की नजर से बचा देश में अमन शांति भाईचारा हर हाल में कायम रहे इसके लिए हम सबको हमेशा प्रयास करना होगा क्योंकि दुश्मन हमेशा हमारे मुल्क की तरक्की को नहीं पसंद करता है हम सब भारतीय एक हैं और एक होकर इस हमले की कड़ी निंदा करते हैं। जुमे की नमाज के बाद मस्जिद इमाम मुफ्ती रफी अहमद निजामी ने दुआ कराई उसके बाद फिर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया लोग आतंकवाद मुर्दाबाद हिंदुस्तान जिंदाबाद के गगन भेदी नारे लगाते नजर आए जिसमें बड़ी संख्या में नमाजी मौजूद रहे मुख्य रूप से कार्यक्रम आयोजक महामंत्री महबूब आलम खान, इमाम मुफ्ती, रफी अहमद, निजामी निजाम कुरैशी, नायब सदर कारी आरिफ रजा कादरी, अलीम खान सर शारिक सिद्दीकी, अल्ताफ, सानू ,हाजी उस्मान खान, मैनेजर हाशिम कुरैशी, मोहम्मद उस्मान आदि मौजूद रहे।

### पैसा डबल करने की लालच देकर ठगी के मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना पट्टी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत बंधवा बाजार से मझौली गांव के तरफ जाने वाले रोड के बगल तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तों द्वारा डबल पैसे करने बात करके धोखाधड़ी करते हुए वादी से रुपये छीन लिए थे।जब वादी अभियुक्तों से पैसे मांगता था तो अभियुक्तों द्वारा वादी को जान से मारने की धमकी दी जाती थी।वादी जब अभियुक्तों के घर पैसे मांगने के लिए गया तो अभियुक्तों द्वारा असलहा दिखाते हुए जबरन वसूली कर रुपये छीन लिए एवं वादी को जान से मारने की कोशिश की गई।जिसके संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पट्टी पर 07 अभियुक्तों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। प्रभारी निरीक्षक थाना पट्टी अवन कुमार दीक्षित के नेतृत्व में उ0नि0 अनिश कुमार यादव मय हमराह मुखबिर की सूचना पर थाना पट्टी में पंजीकृत मु0अ0सं0116/ 25 धारा 308 (5) / 309 (4) / 318 (4) /352/351(2)317 (2) बीएनएस में वांछित 03 अभियुक्तों को थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत बांधवा बाजार से मझौली गांव के तरफ जाने वाले रोड के बगल तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया।

## चकेरी एसएचओ के कुशल नेतृत्व में पुलिस ने अपहरण के आरोपी उत्तराखंड निवासी को किया गिरफ्तार



● घटना में शामिल एक बाल अपचारी भी पुलिस की गिरफ्त में

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी व अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी के निर्देशन में तथा चकेरी एसएचओ संतोष कुमार शुक्ला के कुशल नेतृत्व में चकेरी पुलिस ने अपहरण के एक आरोपी को उत्तराखंड से तथा एक बाल अपचारी को कानपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि थाना चकेरी पर पंजीकृत मुकदमा धारा 137 (2) / 87 बीएनएस व बढोत्तरी धारा142 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त मनोज शर्मा पुत्र बल चरण शर्मा उम्र करीब 43 वर्ष निवासी नम्बर 4 सुभाष नगर नया आवास विकास काशीपुर थाना काशीपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड मय एक नफर बाल अपचारी अपने साथी के कल दिनांक 24 अप्रैल को समय रात्रि 9 बजे रामादेवी फ्लाईओवर डायवर्सन से थाना चकेरी कानपुर नगर की पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार करने वालों में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला थाना चकेरी कानपुर नगर, उ0नि0 दिवेश चन्द्र मिश्रा थाना चकेरी कानपुर नगर, उ0नि0 हेमन्त प्रकाश थाना चकेरी कानपुर नगर व हे0का0 मनोज कुमार थाना चकेरी कानपुर नगर के नाम प्रमुख हैं। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया गया है।

## अंबेडकर स्वास्थ्य शिक्षा समिति के संस्थापक ने पुलिस उपायुक्त से की मुलाकात, दी कार्यक्रम की जानकारी



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आज दिनांक 25.04.2025 को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह से डॉ. अम्बेडकर स्वास्थ्य शिक्षा समिति, उमराव खेड़ा सरसौल के संस्थापक एवं उपाध्यक्ष ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर समिति द्वारा समाज हित में चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। संस्था द्वारा ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए निःशुल्क शिक्षा, महिलाओं को सिलाई एवं कढ़ाई का प्रशिक्षण, तथा कंप्यूटर क्लासेज़ जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य समाज को सशक्त बनाना एवं युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा समिति के इन प्रयासों की सराहना की तथा समाज सेवा की दिशा में पुलिस-समाज के सामूहिक योगदान की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने समिति को भविष्य में सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर उन्होंने डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह को एक पुस्तक भी भेंट की।

## लोक निर्माण विभाग की कार्य योजनाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कैंप कार्यालय सभागार में लोक निर्माण विभाग से संबंधित कार्य योजनाओं पर जनप्रतिनिधियो से विचार विमर्श हेतु बैठक की गई। बैठक में सांसद एस0पी0 वर्मा , विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, विधायक लालगंज आराधना मिश्रा के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, विधायक रानीगंज डॉ0आर के वर्मा के प्रतिनिधि बी0एल0 पटेल ,विधायक कुंडा के प्रतिनिधि हरिओम श्रीवास्तव, पूर्व जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, शिक्षक विधायक एमएलसी उमेश द्विवेदी के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 11 अप्रैल का शासनादेश जारी किया गया है जिसमें लोक निर्माण विभाग के मार्गो एवं सेतुओं के निर्माण हेतु कार्य योजना की सूची तैयार किया जाना है,जिसमें बाईपास,रिंग रोड,



फ्लाई ओवर के निर्माण, धर्मार्थ मार्गो के चौड़ीकरण व सुद्धढीकरण, धर्मार्थ मार्गो के नवनिर्माण, औद्योगिक लॉजिस्टिक पार्क हेतु चौड़ीकरण शुद्धिकरण, ग्रामीण मार्गो के नवनिर्माण, इसी प्रकार से प्रमुख जिला मार्ग,अन्य जिला मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, ब्लैक स्पॉट, राज सड़क निधि, मार्गो का अनुरक्षण व नवीनीकरण, मार्गो का विशेष मरम्मत, मार्गो का अनुरक्षण पैच मरम्मत गड्ढामुक्ति, लघु एवं दीर्घ सेतु विकास हेतु निर्माण आदि योजनाओं पर जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श कर प्रस्ताव उपलब्ध करने को कहा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड के ओ0पी0 चौरसिया को कहा कि जो भी प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों के प्राप्त हो उन सभी सूचनाओं को एकत्रित कर सूचना तैयार कर लें जिससे जनपद की सड़कों का निर्माण कार्य हो सके। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान चलाकर सड़कों से अतिक्रमण,सड़कों को गड्ढा मुक्त व मरम्मत का कार्य कराया जाय। इस कार्य हेतु कार्य योजना तैयार कर ली जाए जिससे कार्य को समय से पूर्ण किया जा सके।

### जंगली जानवरो से बचाव के लिए वन विभाग सक्रिय, रावल अदेसर में अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**सीतापुर-** सीतापुर के लहरपुर क्षेत्र में जंगली जानवरों के बढ़ते खतरे को देखते हुए वन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को उप प्रभागीय वन अधिकारी विकास यादव और वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने रावल अदेसर गांव का दौरा किया। अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया उन्होंने जंगली जानवरों को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरों और कैमरों की जांच की वन कर्मियों को विशेष सतर्कता बरतने और नियमित रूप से कांबिंग करने के निर्देश दिए गए। वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने ग्रामीणों को मानव-वन्यजीव संघर्ष से बचने के तरीके बताए उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे प्रभावित क्षेत्रों में अकेले न जाएं खेतों में काम करते समय समूह में रहें वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र की निगरानी कर रही है!!

# कानपुर के सिख समाज ने कैप्टन सर की अगुवाई में कैंडल मार्च निकाल कर दी मृतकों को श्रद्धांजलि

● कैंडल मार्च में लोगों ने लगाये पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ सिख समाज में भी जबरदस्त उबाल है। उसने इसके लिए कैंडल मार्च निकाल कर कानपुर के शुभम द्विवेदी तथा 25 अन्य मृतकों के लिए भी शोक सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के साथ आतंकवादियों द्वारा मारे गए हिंदू पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने एवं इस कायरतापूर्ण कृत्य के विरोध में दुर्गा पार्क समिति, वार्ड 48, गोविंद नगर के दुर्गा पार्क परिसर में आयोजित इस सभा को संबोधित करते हुए सरदार महेंद्र वीर सिंह कैप्टन सर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान और उसके आका आतंकियों को नेस्तनाबूद करके ही दम लेंगे जिसके लिए पूरा भारत उनके साथ खड़ा है।

दुर्गा पार्क समिति के मंत्री सोमिल अवस्थी द्वारा चर्चित शिक्षा विद शिक्षक सरदार महेंद्र वीर सिंह कैप्टन सर की अगुवाई में तथा जसवीर सिंह ,राजेश भल्ला, शम्मी भल्ला, कैप्टन सर अश्विनी पूरी ,विनोद छाबड़ा और सुरेंद्र पुरी आदि की मौजूदगी में हुई इस श्रद्धांजलि सभा में अन्य वक्ताओं ने भी पाकिस्तान द्वारा संरक्षित आतंकवादियों की इस कायराना हरकत की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें मिट्टी में मिला देने के रूप में नेस्तनाबूद किए जाने की भी जोरदार मांग भी भारत सरकार से की।

### हत्यारोपी को उम्रकैद और 55,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा

**चित्रकूट-** हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को त्वरित न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 55,000 रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि बीती चार मार्च 2019 को महोबा जिले के कबरई थाने के इंद्रानगर निवासी बिन्द्रादीन परासर ने कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार वह अपने परिवार और घरेलू नौकरानी तथा उसके परिजनों के साथ संगम स्नान करने के लिए सफारी गाड़ी से प्रयागराज गए थे। संगम स्नान करने के बाद सभी लोग गाड़ी से वापस आए और वह अकेले बस से चित्रकूट आया। यहां उसने रात्रि बिताने के लिए किराए का कमरा ले लिया। जिसमें वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ठहरा था और शेष लोग गाड़ी में रूके थे। चार मार्च 2019 को सबेरे लगभग चार बजे उसकी घरेलू नौकरानी ने फोन करके बताया कि उसके बेटे विजय परासर को बेड़ीपुलिया के पास मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के लौड़ी लवकुश नगर निवासी लकी भारत अहिरवार ने गोली मार दी है। जिसके बाद उसे उपचार के लिए वह लोग जिला अस्पताल लाए, जहां चिकित्सकों ने विजय को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद हत्यारोपी लकी भारत अहिरवार को गिरफ्तार कर लिया था। बताया गया कि लकी इन दिनों महोबा जिले के कबरई कस्बे में ही रहता था और विजय परासर की हत्या के लिए ही चित्रकूट आया था। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## देश की संस्कृति, शांति व मानवता के मूल्य पर हमला बर्दाश्त नहीं - इरफान

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से पूरा देश आक्रोशित है।मंगलवार को आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग करते हुए 28 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। इस कायरतापूर्ण हमले को लेकर देश भर में आतंकवाद के खिलाफ लोगों में भारी गुस्सा व्याप्त है।शुक्रवार को अम्बेडकर चौराहे पर बड़ी संख्या में जुटे कांग्रेस जनों द्वारा मोमबत्ती जलाकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति की कामना की गई। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला ने कहा कि सरकार हमले के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें।पूरा देश आतंकवाद व पाकिस्तान के खिलाफ एकजुट है।निवर्तमान नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि यह कायराना हमला केवल निर्दोष लोगों पर नहीं बल्कि हमारे देश की संस्कृति, शांति और



मानवता के मूल्य पर भी हमला है, जिसका जवाब देना जरूरी है कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारा देश एकजुट है। आतंकवादियों की जम्मू कश्मीर समेत देश को अशांत करने की कोई भी साजिश कामयाब नहीं होने देंगे।कांग्रेस जनों ने मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग की है।इस अवसर पर महासचिव अजय सिंह,यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव मो. हुजैफ,विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मकरंद शुक्ला, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, रियाज सुलतान,नगर प्रभारी इश्तियाक अहमद, बेलाल अहमद, अरबाज आलम, शहजाद सलमानी, अब्दुल रहमान, परिमल शुक्ला, अबू शमा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आदर्श इंटर कॉलेज यमन रामकुमार स्मारक इंटर कॉलेज के बच्चों ने किया नाम रोशन

●हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में अच्छे अंक लाकर विद्यालय व परिवार का नाम किया रोशन



स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए छात्रों में राम कुमार स्मारक इंटर कालेज के छात्र सत्यम पाल ने हाई स्कूल परीक्षा में 92.53% अंक पाकर जनपद में 14 वां स्थान हासिल किया।ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों की सफलता से पूरे शुकुल बाजार में खुशी का माहौल है।विद्यालयों के शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने बधाई दी विद्यालय के प्रबंधक पंडित राम उंजेरे शुक्ला ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं आदर्श इंटर कॉलेज में हाई स्कूल में सोनल यादव ने 88त्न आर्या शुक्ला ने 82% इंटरमीडिएट में शिवांशु तिवारी 86% ,अंशिका तिवारी 81% , बारिश 77% , कोमल 77%, प्रगति 80त्न, अदिति 75% सोनम 75% अंक प्राप्त किया, विद्यालय के प्रबंधक जयसिंह चंदेल ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही साथ सभी छात्र और छात्राओं से अपील की है कि भविष्य की तैयारी करें मन लगाकर पढ़ाई करें जिन बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त किए हैं, उन्ही के साथ जिन बच्चों ने किन्ही कारणवश कम अंक प्राप्त किए हैं उन्हें भी हताश होने की जरूरत नहीं है ।मेहनत के बल पर सफलता के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं अपने और अपने परिवार के सपनों को साकार करने के लिए इंटर में उत्तीर्ण हुए छात्र आगे की पढ़ाई जारी रखें। तैयारी करें कंपटीशन बीट करें और अपने सपनों को साकार करें। हाई स्कूल के उत्तीर्ण हुए छात्र इंटर में और अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए मेहनत के साथ पढ़ाई करें, मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती मन लगाकर पढ़ाई करेंगे तो इस बार से आगे और अच्छे अंक आएंगे। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं विद्यालय प्रबंधन की तरफ से बधाई दी।

## जिला उमरवैश्य समाज सभा ने पहलगाम में आतंकियों द्वारा मासूम पर्यटकों की हत्या पर जताया शोक

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** जिला उमरवैश्य समाज सभा प्रतापगढ़ की एक आवश्यक बैठक उमरवैश्य धर्मशाला चिलबिला में समाज सभा के अध्यक्ष गुलाब चंद्र उमरवैश्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से पहलगाम में मासूम पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर गहरा दुःख व्यक्त किया गया। जिन पर्यटकों व उनके परिवार के सदस्यों को गोली मारकर हत्या की गई,उन सभी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला उमरवैश्य समाज सभा के संरक्षक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा जिन भाइयों की हत्या केवल धर्म पूछ कर की गई, यह बहुत ही दुःखद पूर्ण वारदात है। इस हमले में अपने परिजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर दिवंगत



आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी से जिला उमरवैश्य समाज सभा अपील करता है कि आतंकवादियों के हमले में मारे गए पर्यटकों की हर संभव सहायता एवं घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था करवाने का आदेश देने की कृपा करें। समाज सभा के अध्यक्ष गुलाबचंद उमरवैश्य ने कहा कि जिन परिवारों के सदस्यों की निर्मम हत्या की गई है उनके लिए समाज सभा ईश्वर से प्रार्थना करती है सबको सहनशक्ति दे और आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाय।अंत में दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई कि मृतकों के परिवार के सदस्यों को दुःख सहने की शक्ति दे। श्रद्धांजलि सभा में राम जी उमरवैश्य, मदनलाल उमरवैश्य, विश्वनाथ उमरवैश्य, हनुमान प्रसाद, जवाहरलाल बच्चा, अजय कुमार, दीपक सभासद, डॉ0 श्याम, कैलाश मैनेजर, मंगल उमरवैश्य, महादेव, बलदेव प्रसाद, श्री राम आदि समाज सभा के पदाधिकारियों द्वारा शोक व्यक्त किया गया।

# शहरवासियों को पुलिस का उपहार लगभग 20 लाख के 100 मोबाइल, उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए

● अपने गुम हुए मोबाइल पाकर जनता के चेहरों पर आई मुस्कान

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** सेंट्रल जोन सर्विलांस टीम ने दिया तोहफा, 100 खोए हुए मोबाइल उनके वास्तविक मालिक को लौटाए। रिकवर कर लौटाए मोबाइलो की कुल कीमत लगभग ?20 लाख आंकी गई है। कॉल रिकॉर्ड्स, सीसीटीवी फुटेज, और लोकेशन ट्रैकिंग जैसे आधुनिक तकनीकी साधनों के माध्यम से टीम ने इन मोबाइल फोनों का लगाया पता खोए हुए मोबाइल लौटाने से न केवल नागरिकों को आर्थिक मदद मिली बल्कि उनके निजी डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित कर उनके मन में पुलिस के प्रति विश्वास और सकारात्मकता को भी मिला बढ़ावा कानपुर पुलिस ने नागरिकों को उनके मोबाइल लौटा कर उनकी प्रसन्नता को दोगुना कर दिया है। अपनी तत्परता और



समर्पण के साथ, पुलिस ने नागरिकों की समस्याओं का समाधान करते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। पुलिस की खास पहल इस महत्वपूर्ण कार्य के तहत, सेंट्रल जोन के पुलिस उपायुक्त दिनेश त्रिपाठी और अपर पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में, सर्विलांस टीम प्रभारी उप निरीक्षक पवन प्रताप सिंह और का0 आलोक कुमार व का0 नवीन कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# संक्षिप्त खबरें

## नदी में नहाने गए तीन युवकों में एक की मौत, दो की तलाश

**सिद्धार्थनगर।** जोगिया कोतवाली क्षेत्र के बूढ़ी राप्ती नदी में नहाने गए तीन लोगों डूब गए । मिली जानकारी के अनुसार जमाल (18) पुत्र रसीद निवासी कान्हे कुसुम थाना कोतवाली जोगिया जिला सिद्धार्थनगर व साहेब (19) पुत्र कुर्बान अली तथा सद्दाम (35) पुत्र नथु निवासी बरगदवा थाना रामनगर जिला बेतिया बिहार के निवासी है। शुक्रवार की दोपहर तीनों जोगिया कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम खेतवाल के पास स्थित बूढ़ी राप्ती नदी में नहाने गए हुए थे नहाते समय नदी के गहरे पानी में चल गए जिससे तीनों डूब गए। इसमें सद्दाम( 35) पुत्र नथु का शव मिला है। ग्राम बरगदवा थाना रामनगर प्रदेश बिहार का निवासी है। जबकि दो युवकों की तलाश जारी है। इस संबध में प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार मिश्रा का कहना है कि नदी में नहाने गए तीन युवकों में से एक का शव बरामद हो हुआ है और दो की तलाश जारी है।

## किराना की दुकान में शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख



**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के सोनहटी चौराहे पर शार्ट सर्किट से आग लगने से किराने की दुकान में रखा लगभग लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के सोनहटी चौराहे पर स्थित रवि गुप्ता के किराने की दुकान में शुक्रवार को दिन में लगभग 2 बजे मकान के दूसरे मंजिल पर रखे सामान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग इतनी तेज लगी की पूरा दुकान मे रखा हुआ सामान धू धू कर जलने लगा। आग की लपटों को देखकर लोग इकट्ठा हो गए और आग बुझाने की कोशिश करने लगे। किसी ने फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी आनन-फानन में फायर ब्रिगेड की गाड़ी आ गई। फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक दुकान में रखा लगभग लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। दुकान मालिक रवि गुप्ता ने बताया कि किरना के समान के अलावा दोना पत्तल का होलसेल का व्यापार है। इस अग्निकांड में लगभग 16 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी डुमरियागंज डॉक्टर संजीव दीक्षित ने बताया कि जानकारी होने पर मौके पर गए थे सामान का आकलन कर लिया गया है जो भी होगा हर संभव मदद किया जाएगा।

## शॉर्ट सर्किट से मंडी समिति में लगी भीषण आग, आठ दुकानें जलकर राख

**पिकअप व बाइक भी जली, लाखों रुपए का नुक़सान**



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के मंडी समिति परिसर में बृहस्पतिवार की देर रात को शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। जिससे आठ दुकानों में रखा सामान व बारदाना जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।देर रात मंडी परिसर स्थित चांद बाबू की आढ़त में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धर लिया और आसपास की अन्य दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया।आग बुझाने पहुंचे लोगों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने स्थानीय लोगों की मदत से आग बुझाना शुरू किया। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक मंडी के इरशाद, चांद मोहम्मद, सुरेश सोनकर, मो. रिजवान, मो. सुबराती, अनिल सोनकर, रहमत अली व रामबाबू सोनकर की आठ दुकानें जलकर राख हो गई। आग की चपेट में आकर वहां खड़ी एक पिकअप व बाइक भी जल गई। अग्निकांड में प्रभावित व्यापारियों का कहना है कि यदि दमकल और पुलिस समय पर पहुंचती तो इतने बड़े नुकसान से बचा जा सकता था। पुलिस कर्मियों की मौके पर अनुपस्थिति को लेकर भी व्यापारियों में भारी नाराजगी देखी गई। उन्होंने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर अपना आक्रोश जताया। पीड़ितों के मुताबिक अग्निकांड में लाखों रुपये मूल्य का सामान जलकर नष्ट हो गया। मौके पर पहुंचे एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी व सीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि आग लगने से आठ दुकानों का सामान जला है। नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।

# पाकिस्तान रेंजर्स की हिरासत में BSF जवान, 'मेरे बेटे को घर ले आइए...', तड़प रहे माता-पिता की गुहार

**सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पूर्णम साहू के पाकिस्तान रेंजर्स की हिरासत में होने की खबर आने के बाद से उनके (साहू के) पश्चिम बंगाल के रिसड़ा की संकरी गलियों में स्थित घर पर एक अजीब सी शांति पसरी है।**



**स्वतंत्र प्रभात**

एक तरफ देश में पहलगाम हमले को लेकर आक्रोश फैला हुआ है। पूरा देश आतंकियों का सिर कमल होते देखना चाहता हैं। ऐसे में दूसरी तरफ सरकार ने पाकिस्तान से हर तरह की बातचीत को खत्म कर दिया है और शिमता समझोते सहित कई समझौते को रद्द कर दिया है। दोनों देशों के बीच काफी ज्यादा टेंशन हो रही हैं। माहौल ऐसा बना हुआ है कि कभी भी तनाव और ज्यादा बढ़ सकता है। इस तरह के महौल के बीच पंजाब के बॉर्डर पर एक दुर्घटना घट जाती है। भारतीय सुरक्षा बल का जवान गलती से सीमा पार जाता है और उसे पाकिस्तानी रेंजर्स पकड़ लेते हैं।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पूर्णम साहू के पाकिस्तान रेंजर्स की हिरासत में होने की खबर आने के बाद से उनके (साहू के) पश्चिम बंगाल के रिसड़ा की संकरी गलियों में स्थित घर पर एक अजीब सी शांति पसरी है। परिवार के लोगों की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं और वे ईश्वर से अपने बेटे के लौटने की दुआ कर रहे हैं। व्याकुल परिवार को बस यही आस है कि उनके घर का चिराग वापस आ जाए।

जवान के पिता भोलानाथ साहू ने कहा, ''मेरा बेटा देश की सेवा कर रहा था और अब हमें यह भी नहीं पता कि वह सुरक्षित है या नहीं। हमने सुना है कि वह पाकिस्तान की हिरासत में है।'' पड़ोसी साहू के पास आकर उन्हें सांत्वना देते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं बस यह जानना चाहता हूं कि मेरा बेटा कहां है। क्या वह सुरक्षित है? क्या वह ठीक है?'' पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में बीएसएफ की 182वीं बटालियन में तैनात पूर्णम साहू वर्दी में थे और उनके पास उनका सर्विस राइफल भी था।

बुधवार को वह कथित तौर पर अनजाने में सीमा पार कर गए थे। बीएसएफ अधिकारियों के अनुसार, घटना उस वक्त हुई जब साहू सीमा के पास किसानों के एक समूह की रक्षा के लिए उनके साथ थे। वह एक पेड़ के नीचे आराम करने के लिए चले गए और अनजाने में पाकिस्तानी क्षेत्र में प्रवेश कर गए। उन्हें तुरंत पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार रात को पुष्टि की कि साहू की रिहाई को लेकर बातचीत करने के लिए भारतीय और पाकिस्तानी सीमा बलों ने 'फ्लैग मीटिंग' की, लेकिन परिवार को इस बारे में कोई और जानकारी नहीं मिली।

भोलानाथ ने थरथराती आवाज में कहा, ''मेरा बेटा तीन हफ्ते पहले ही छुट्टी से लौटा था।'' उन्होंने कहा, ''अब वह फिर से चला गया है और हमें नहीं पता कि आगे क्या होगा, वह कब घर वापस आएगा।'' अपने दो कमरों वाले संकरे घर में पूर्णम की पत्नी रजनी खबर मिलने के बाद से मुश्किल से ही बात कर पा रही हैं। उन्होंने दबे स्वर में कहा, ''उन्होंने मुझे मंगलवार रात को फोन किया था।'' रजनी ने कहा, ''वह आखिरी बार था जब मैंने उनकी आवाज सुनी थी।''

दंपति के सात वर्षीय बेटे को घर के भीतर ही रखा जा रहा है, उसे स्थिति की गंभीरता के बारे में पता नहीं है। रजनी ने रोते हुए पूछा, ''मैं उस बच्चे को ये कैसे समझाऊं?'' उन्होंने कहा, ''वह लगातार पूछता रहता है कि उसके पिता कब वापस आएंगे।'' परिवार को इस घटना के बारे में अधिकारियों से नहीं, बल्कि पूर्णम के एक सहकर्मी से पता चला। रजनी ने कहा, ''बुधवार रात आठ बजे उनके एक दोस्त ने फोन किया और जो भी हुआ उसके बारे में हमें बताया।'' उन्होंने कहा, ''तब से, हम सो नहीं पाए हैं। हम बस उन्हें वापस चाहते हैं।''

भोलानाथ ने उस दिन अपने बेटे को फोन करने की कोशिश को याद किया। उन्होंने कहा, ''फोन करने पर कोई जवाब नहीं मिला। मुझे लगा कि शायद वह व्यस्त होगा। लेकिन बाद में उसके दोस्त ने हमें बताया कि वह अच्छा महसूस नहीं कर रहा था और एक पेड़ के नीचे आराम कर रहा था। तभी उन्होंने (पाकिस्तान रेंजर्स) उसे पकड़ लिया।'' यह घटना ऐसे समय में हुई जब पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव पहले से ही बढ़ा हुआ है, जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

साहू को पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा पकड़ने की घटना पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के ठीक एक दिन बाद हुई है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की आकस्मिक सीमा पार करने की घटना असामान्य नहीं है और आमतौर पर कूटनीतिक माध्यमों से इन्हें हल कर लिया जाता है। हालांकि, परिवार अनहोनी की आशंका को लेकर डरा हुआ है। रजनी ने कहा, ''हमारी सरकार से बस एक ही विनती है। उन्हें घर ले आइए। चाहे जो भी करना पड़े - बस उन्हें घर ले आइए।

## शोहरतगढ़ विधान सभा क्षेत्र के 4 सड़कों की जांच के लिए दो सदस्यीय समिति गठित, जांच से पहले काम शुरू



**स्वतंत्र प्रभात**

**सिद्धार्थनगर।** अपना(दल)एस के शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा की शिकायत पर विधान सभा क्षेत्र की चार सड़कों की जांच के लिए पीडब्ल्यूडी लखनऊ के प्रमुख अभियंता ने दो सदस्यीय जांच समिति गठन? करने की सूचना दिया है।इसकी जानकारी मिलते ही एक सड़क के निर्माण करने की शिकायत भी विधायक ने किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के जिम्मेदार व ठेकेदार सड़क निर्माण में गड़बड़ी छिपाने के लिए जाँच के पहले काम शुरू करा दिया है। पीडब्ल्यूडी के परिकल्प/नियोजन कार्यालय लखनऊ के प्रमुख अभियंता एके द्विवेदी ने पत्र जारी कर बताया कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन चेतिया से बैजनाथ मार्ग (विशेष मरम्मत),इंडी-नेपाल बॉर्डर मार्ग से पिपरहवा मार्ग (नव निर्माण),नवडिहवा संपर्क मार्ग (विशेष मरम्मत) व डी. डी. रोड से संसरी संपर्क मार्ग (विशेष मरम्मत) कार्य की जांच के पीडब्ल्यूडी लखनऊ के प्रमुख अभियंता कार्यालय से सम्बद्ध मुख्य अभियंता कमला शंकर व अधिशाषी अभियंता प्रमोद कुमार को नामित किया गया है। समिति को 26 व 27 अप्रैल को उक्त मार्गों का निरीक्षण कर अपनी आख्या देने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद क्षेत्रीय विधायक विनय वर्मा ने बताया कि जैसे उक्त मार्गो के निरीक्षण के लिए जांच टीम की घोषणा ही हुई है, उसके तुरंत बाद शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन चेतिया से बैजनाथ मार्ग (विशेष मरम्मत) पर विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार मशीन लेकर मरम्मत के लिए पहुंच गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों ने दुर्भाग्यवश जाँच समिति की जानकारी ठेकेदारों तक पहुँचा दिया। जांच समिति के सदस्यों के आने से पहले ही ठेकेदार ने अधिकारियों के साथ मिलकर यहां काम शुरू करवा दिया। इससे ठेकेदार और अधिकारियों की बड़ी मिलीभगत साफ़ जाहिर हो गई है। विधायक ने इस धांधली की जांच व शामिल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है।

## जीएलए विधि संकाय के छात्र रौनक उपमन्यु ने किया देशभर में ब्रज का नाम रोशन



जीएलए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता एवं विधि संकाय के डीन प्रो. सोमेश धमीजा तथा विधि छात्र रौनक उपमन्यु जीती हुई ट्रॉफियों के साथ।

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा-** जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा के विधि छात्र रौनक उपमन्यु ने देश भर के आईआईटी, विश्वविद्यालयो एवं आईआईएम संस्थानों में 222 फर्स्ट प्राइज शील्ड ट्राफी एवं प्रमाण पत्र जीत कर के देशभर में पहले छात्र डिबेटर बनने का इतिहास रच दिया है। इसके लिए आज विधि छात्र रौनक उपमन्यु को जीएलए संस्थान के कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता एवं विधि संस्थान के डीन प्रो. सोमेश धमीजा ने उनको सम्मानित किया।

इस साल रौनक़ ने आईआईटी दिल्ली में प्रथम पुरुस्कार जीता, इंडियन नेशनल कांग्रेस द्वारा आयोजित युवा संसद जीती। जिसमें, उन्हें भूपेश बघेल, रणदीप सुरजेवाला और राजीव शुक्ला द्वारा सम्मानित किया गया। पिछले 25 दिन में रौनक ने 8 प्रथम पुरुस्कार जीते। जिसमें, आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज, श्री वेंकटेश्वर कॉलेज, देहरादून प्रौद्योगिकी संस्थान, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज और हिन्दू कॉलेज। जिसमें उन्हें अनुराग ठाकुर द्वारा सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता एवं डीन प्रो. सोमेश धमीजा ने विधि छात्र रौनक उपमन्यु की प्रतिभा की तारीफ करते हुए कहा कि देश भर के आईआईटी-आईआईएम एवं विश्वविद्यालय में रौनक उपमन्यु ने नेशनल डिबेटों में भाग लेकर 222 फस्ट पुरस्कार जीते हैं, जो एक गौरव की बात है। देश भर में इतने प्रथम प्राइज किसी छात्र ने युवा संसद डिबेटों में नहीं जीते है। रौनक ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट के पुत्र हैं।

## कांग्रेस ने इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा जैसे नारे दिए: मौर्य

**● कांग्रेस, सपा पर हमलावर रहे उप मुख्यमंत्री बसपा को पूरी तरह बख्सा**

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर बृज कला केन्द्र ऑडिटोरियम, मसानी तिराहा, मथुरा स्थित चमेली देवी स्कूल के सामने भाजपा महानगर द्वारा भव्य सम्मान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष हरीशंकर यादव ने की, जबकि संयोजन पर्व महापौर डॉ. मुकेश आर्य बंधु द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब अंबेडकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर किया गया। गोष्ठी में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी समेत अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा और इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा जैसे नारे दिए। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए संविधान में 70 बार संशोधन किए, जबकि भाजपा ने केवल 8 बार संशोधन किए हैं, वह भी गरीबों, महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा की नीतियाँ हमेशा दलित विरोधी रही हैं। कांग्रेस चाहती थी कि केवल चार आने कर देने वाला, मैट्रिक पास, बुलेट मोटरसाइकिल और डबल बैरल बंदूक रखने वाला ही चुनाव लड़ सके और वोट डाल सके, लेकिन बाबा साहब ने ऐसी सोच का पुरजोर विरोध किया और हर नागरिक को समान मताधिकार दिलाया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ही सच्चे अर्थों में बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ा रही है।

प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने सामाजिक न्याय की जो मशाल जलाई थी, उसे आज भाजपा ने सच्चे अर्थों में आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए अनेक ठोस कदम उठाए हैं। विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि आज अनपढ़, महिला, बुजुर्ग और युवा को वोट देने का अधिकार है तो वह बाबा साहब की देन है। वहीं उन्होंने समाजवादी पार्टी पर सरकारी नौकरी में पदोन्नति में आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाया। गोष्ठी के अंत में भाजपा महानगर अध्यक्ष हरीशंकर श्राजूश् यादव ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है, जहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी शीर्ष पद तक पहुंच सकता है। उन्होंने द्रौपदी मुर्मू का उदाहरण देते हुए कहा कि एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाना भाजपा की सोच को दर्शाता है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, एमएलसी ओम प्रकाश सिंह, पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, विधायक मेघश्याम ठाकुर, राज्य बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर संजय शर्मा रामकिशन पाठक हरिओम शर्मा अंकुर अग्रवाल प्रमोद बंसल ज्ञानेंद्र राणा मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा दीपक गोला नितिन चतुर्वेदी बादल शर्मा लोकेश तायल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



गोष्ठी में बोलते हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौय।

## रोनित ने 10 वीं यूपी बोर्ड में प्राप्त किया जनपद में प्रथम स्थान

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा** रोनित ने हाई स्कूल रिजल्ट 2025 में जिला टॉप ,10 की लिस्ट में अपना नाम अंकित करा रचा इतिहास, 600 में से 547 अंक हासिल मथुरा, 25 अप्रैल 2025- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (UPMSP) द्वारा आज घोषित यूपी बोर्ड 10वीं कक्षा के परिणामों मेंच्प्ष्टत्तस्ड्डरूविद्यालय मथुरा जिले के होनहार छात्र रोनित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला टॉप,10 की लिस्ट में अपना नाम अंकित करा रचा इतिहास। रोनित ने 600 अंकों में से 547 अंक हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है।यूपी बोर्ड 10वीं की परीक्षाएं 24 फरवरी से 12 मार्च 2025 तक आयोजित की गई थीं, जिसमें लाखों छात्रों ने हिस्सा लिया। रोनित की इस उपलब्धि ने मथुरा के शैक्षिक परिदृश्य में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी इस सफलता को लेकर स्कूल, शिक्षकों कक्षा अध्यापक सीताराम जी, सुरेश जी, महेश जी ,लोकेश जी,राकेश जी, मीणा जी, हर्वेश जी, रविंद्र जी, अमित जी, और सहपाठियों में खुशी की लहर है।कठिन परिश्रम और लगन का परिणाम

रोनित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने बताया,"मैं रोजाना 6-7 घंटे पढ़ाई करता था और अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन को सख्ती से फॉलो करता था। मेरा लक्ष्य हमेशा से अच्छे अंक लाना और अपने जिले का नाम ऊंचा करना था।÷ रोनित ने खासतौर पर अपने स्कूल के शिक्षकों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने उन्हें हर कदम पर प्रोत्साहित किया।परिवार और स्कूल में उत्साह का माहौल रोनित के माता-पिता ने इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा, "हमारा बेटा शुरू से ही मेहनती और अनुशासित रहा है। उसकी इस सफलता ने हमें गौरवान्वित किया है।" रोनित के स्कूल के प्रिंसिपल विनय कुमार ने भी उनकी तारीफ करते हुए कहा, "रोनित एक मेधावी छात्र है, जिसने अपनी लगन और मेहनत से यह मुकाम हासिल किया। वह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा है।" मथुरा के लिए गर्व का पल मथुरा जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी रोनित की उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा, "रोनित ने मथुरा का मान बढ़ाया है।



उनकी यह सफलता जिले के अन्य छात्रों को प्रेरित करेगी।" रोनित की इस उपलब्धि ने मथुरा के उन स्कूलों को भी सुर्खियों में ला दिया, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए जाने जाते हैं। रोनित की इस शानदार उपलब्धि ने न केवल मथुरा, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में अन्य छात्रों के लिए एक मिसाल कायम की है। उनकी मेहनत और समर्पण की कहानी हर उस छात्र के लिए प्रेरणादायक है, जो बड़े सपने देखता है। वही रोनित ने बताया कि मेरा लक्ष्य उद्देश्य यूपीएससी है इसीलिए कठिन परिश्रम कर ही उपलब्धि प्राप्त की जा सकती है।

## जनपद में 60 से अधिक उम्र के 57362 नागरिकों ने मांगी वृद्ध पैंशन

**● वृद्धावस्था पेंशन का सत्यापन प्रारंभ अपात्रों को नहीं मिलेगा लाभ**

**जीवित को मृतक दर्शाने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी कर्मचारी पर होगी कड़ी कार्यवाही**

**मथुरा।** वृद्धावस्था पेंशन में मृतक एवं अपात्र पेंशनरों को सूची से बाहर कर उनके स्थान पर नए पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ दिए जाने के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि बुजुर्गों को बेहतर जीवन देने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना चलाई जा रही है। वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक ही योजना का लाभ पहुंच सके, इसके लिए नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेंशन भुगतान के लिए सूची में शामिल लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया है। मुख्य सचिव के शासनादेश के द्वारा सभी कमिश्नर और डीएम को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिसके अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन के जिला मथुरा के 57362 पेंशनरों का सत्यापन 15 मई तक किया जाएगा। मृतक एवं अपात्र पाए गए पेंशनरों को सूची से हटाकर उनकी जगह नए पात्र लाभार्थियों को लाभांवित किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की ओर से 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के गरीबी रेखा से नीचे आय के अंतर्गत जीवन यापन करने वाले वृद्धजनों को प्रतिमाह 1000 रुपये की पेंशन डीबीटी के माध्यम से हर 3 माह में प्रदान की जाती है। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश का निवासी होना जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक की वार्षिक आय 46080 रुपये और शहरी क्षेत्र में वार्षिक आय 56460 रुपये से कम होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ के माध्यम से और शहरी क्षेत्र में उपजिलाधिकारी के माध्यम से सत्यापन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा गलत सत्यापन पर दंडात्मक कार्रवाही का भी प्राविधान किया गया है। निदेशक समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी उप निदेशक एवं समाज कल्याण अधिकारियों को 10 प्रतिशत पेंशनरों का क्रॉस वेरिफिकेशन करते हुए सत्यापन की गुणवत्ता का परीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके आधार पर जीवित पेंशनर्स को मृतक दर्शाए जाने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी और कर्मचारी के विरूद्ध जिलाधिकारी द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभागीय अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सत्यापन समयबद्ध और गुणवत्तापरक हो। उन्होंने बताया कि जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा चिन्हित किए गए वृद्ध जानो को जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, जिसमें जिले के 773 वृद्धजन चिन्हित किये गये हैं। इन परिवारों को समाज की मुख्य की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समाज कल्याण विभाग ने कार्यवाही शुरू कर दी है। चिन्हित परिवारों के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के वृद्धजनों को भी सत्यापन के दौरान पात्रता के अनुसार आवेदन कराए जाएंगे और उनको लाभ दिलवाया जाएगा। उन्हें जून माह से प्रथम किश्त की पेंशन दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना को पारदर्शी बनाने के लिए तकनीक का प्रयोग कर कई ठोस कदम उठाए गए हैं। इसके लिए लाभार्थियों को समय से पेंशन का भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए उनके आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही की जा रही है। लाभार्थियों के आधार और मोबाइल नंबर को बैंक खातों से लिंक कराया जा रहा है। एकीकृत पोर्टल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि एक व्यक्ति किसी एक पेंशन में ही लाभ प्राप्त कर सके।

## नीरज चोपड़ा ने अरशद को इन्विटेशन भेजने पर सफाई दी-कहा- पहलगाम हमले से पहले बुलाया था

**● अब पाकिस्तानी जेवलिन थ्रोअर के आने का सवाल ही नहीं**

**स्वतंत्र प्रभात**

दो बार के जेवलिन थ्रो के ओलिंपिक मेडेलिस्ट नीरज चोपड़ा ने पाकिस्तानी थ्रोअर को अरशद नदीम को टूर्नामेंट के लिए निमंत्रण देने पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि अरशद नदीम को न्योता पहलगाम हमले से पहले भेजा गया था। देश और उसका हित सबसे पहले है। चोपड़ा ने 24 मई बेंगलुरु में होने वाले एनसी क्लासिक भाला फेंक टूर्नामेंट के लिए पेरिस ओलिंपिक के गोल्ड मेडेलिस्ट अरशद नदीम को भी भाग लेने लिए निमंत्रण भेजा था। जिसके बाद चोपड़ा की देश भक्ति पर सवाल उठाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनके परिवार को निशाना बनाया जा रहा है। उन्हें गालियां दी जा रही हैं । सोशल मीडिया पर फैलाया जा रहा है कि पहलगाम में 26 लोगों को आतंकियों ने मार दिया, उसके बाद भी वह पाकिस्तानी थ्रोअर को भारत आने का निमंत्रण दे रहे हैं।

**पहलगाम घटना से दो दिन पहले भेजा था निमंत्रण**

नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि अरशद नदीम को नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने के लिए इनविटेशन देने के मेरे फैसले की बहुत चर्चा हो रही है। मुझे गालियां दी जा रहा हैं और मेरे प्रति नफरत फैलाया जा रहा है। मेरे परिवार को भी नहीं छोड़ा गया। मैंने अरशद को जो न्योता दिया वह एक एथलीट की ओर से दूसरे एथलीट को दिया गया था, इससे ज्यादा कुछ नहीं, इससे कम भी नहीं। एनसी क्लासिक का उद्देश्य भारत में सर्वश्रेष्ठ एथलीट्स को लाना और हमारे देश को वर्ल्ड खेल के आयोजन का घर बनाना था। ये न्योता पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों से दो दिन पहले भेजा गया था। पिछले 48 घंटों में जो कुछ भी हुआ है, उसके बाद एनसी क्लासिक में अरशद की मौजूदगी का सवाल ही नहीं उठता। मेरा देश और उसके हित हमेशा सबसे पहले रहेंगे।

**ईमानदारी पर सवाल उठाने और मां के बयान को गलत ढंग से प्रस्तुत से नीरज दुखी हैं**

नीरज ने अपने बयान में आगे कहा कि मैंने इतने सालों से अपने देश को गर्व के साथ संभाला है। आज मेरी ईमानदारी पर सवाल उठाए जा रहे हैं, इससे मैं दुखी हूं। मेरे परिवार को निशाना बनाया जा रहा है। हम साधारण लोग हैं। मेरी मां के बयान को अब गलत तरीके से



परोसा जा रहा है। मेरी मां ने पेरिस ओलिंपिक के समय अरशद को भी अपने बेटे जैसा बताया था। तब उनके बयान की तारीफ की जा रही थी, अब एक साल बाद उसी बयान को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है।मैं और भी कड़ी मेहनत करूंगा कि दुनिया भारत को सही चीजों के लिए याद रखे और सम्मान के साथ देखे।

**नीरज ने 21 अप्रैल को प्रेस कांफ्रेंस में अरशद को निमंत्रण की दी थी जानकारी**

नीरज चोपड़ा ने 21 अप्रैल को वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में बेंगलुरु में 24 मई को होने वाले एनसी क्लासिक भाला फेंक टूर्नामेंट की जानकारी दी थी और बताया था कि इस टूर्नामेंट भाग लेने के लिए पाकिस्तान के थ्रोअर अरशद नदीम को इनविटेशन दिया है। उनसे बात हुई है, उन्होंने अपने कोच से बातचीत करके इस पर जवाब देने को कहा है।

**22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने 26 लोगों को मार दिया था–** पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियो ने 26 लोगों को मार दिया था। इसमें अधिकांश पर्यटक थे। वहीं एक स्थानीय को भी गोली लगी थी।

**नदीम ने नीरज के इनविटेशन ठुकरा दिया था**

पाकिस्तानी ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट जेवलिन थ्रोअर अरशद नदीम एनसी क्लासिक भाला फेंक टूर्नामेंट में भाग लेने से मना कर दिया। अरशद ने न्यूज एजेंसी से कहा कि एनसी क्लासिक इवेंट 24 मई को है, जबकि मैं 22 मई को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए कोरिया रवाना हो जाऊंगा। उन्होंने कहा कि वह 27 से 31 मई तक कोरिया में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। अरशद का यह बयान पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आया है।